दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, गुरुवार, 17 अगस्त, 2023, सावन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-121 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

राजनीतिक दलों ने दलबदलुओं के प्रति दरियादिली दिखाकर जो दलदल बनाया है, उसमें कई दलबदलु धसकर छटपटाने लगे हैं। कपड़े की तरह दल बदलने वाले इन अवसरवादियों की पूछ परख उनके दल बदलते की कम हो जाती है या खत्म हो जाती है। इसकी ताजी मिसाल है यूपी की एक क्षेत्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर। जो पहले बसपा में थे फिर भाजपा के साथ हो लिए। फिर सपा के साथ चले गए थे। अब वे फिर भाजपा शरणम् गच्छामि हो गए है। किन्तु भाजपा उन्हें भाव नहीं दे रही है। बेचारे घर के रहे न घाट के।

//-- सुविचार --//

ईश्वर सिर्फ दिशा दिखा सकता है लेकिन उस पथ पर चलना, हमारा काम है और वास्तविकता में अगर आप चलना ही नहीं चाहते फिर आपका ईश्वर को दोष देना व्यर्थ है

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:25 प्रात:

अस्त : 06:20 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	29.0	22.0
जमशेदपुर	32.0	25.0
हजारीबाग	31.0	22.0
डालटनगंज	33.0	25.0

नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों को सीएम ने दी श्रद्धांजलि, मौके पर नक्सलियों चेतावनी देते हुए कहा

'नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब मिलेगा, हम जवानों का मनोबल गिरने नहीं देंगे'

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के दौरान जान गंवाने वाले झारखंड जगुआर के दो जवानों को सीएम हेमंत सोरेन ने श्रद्धांजलि दी। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार नक्सलियों पर नियंत्रण रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 'नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में हमने झारखंड जगुआर के दो जवानों को खो दिया है। राज्य सरकार नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। कुछ नतीजे भी मिल रहे हैं। जो घटना हुई है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। दोनों जवानों के परिवारों को सभी जरूरी सहायता दी जाएगी। साथ ही झारखंड जगुआर की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।' दरअसल झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में झारखंड जगुआर फोर्स के दो जवानों की मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ सोमवार देर रात को टोंटो पुलिस थाना क्षेत्र में तुम्बाहाका

चाईबासा में पलामू का लाल समेत दो जवान शहीद

चाईबासा : झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों ने झारखंड जगुआर के जवानों को निशाना बनाया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पश्चिमी सिंहभूम जिले के कोल्हान जंगल में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया। इस दौरान हुई मुठभेड़ में झारखण्ड जगुआर के दो जवान शहीद हो गए हैं। यह मुठभेड़ सोमवार की देर शाम करीब 7 बजे टोंटो थाना अंतर्गत तुमबाहाका और सरजमबुरू के रास्ते में हुई।

पांच जवान लापता हुए, तीन वापस लौटे

मुठभेड़ के बाद पांच जवानों के लापता होने की बात भी सामने आ रही थी, लेकिन मुठभेड़ खत्म होने के बाद देर रात में करीब 12.00 बजे तीन जवान सुरक्षित मिले। जबकि झारखण्ड जगुआर के दो जवान शहीद पाए गए। इनमें से एक झारखण्ड जगुआर के एसआई हैं और दूसरे हवलदार हैं। शहीद जवान का नाम अमित तिवारी, सब इंस्पेक्टर (2012 बैच) और गौतम कुमार, हवलदार हैं। एसआई को मुठभेड़ में सात-आठ गोलियां लगी जबकि सिपाही को दो से तीन गोलियां लगी हैं। दोनों शहीद जवानों के शव चॉपर के माध्यम से रांची ले जाने की तैयारी चल रही है।

तीन दिन पहले जन्मे बेटे को नहीं देख सके

नक्सलियों के हमले में शहीद हुए इंस्पेक्टर अमित तिवारी पलामू के तोलरा गांव के रहने वाले थे। तीन दिन पूर्व ही उनके बेटे का जन्म हुआ था। अभियान खत्म कर अमित तिवारी घर लौटने वाले थे, ताकि अपने बेटे को देख सकें। लेकिन नक्सलियों की ओर से किए गए कायरतापूर्ण हमले में वह शहीद हो गए। अमित तिवारी के परिवार के अधिकांश सदस्य पुलिस विभाग में ही कार्यरत हैं। वहीं सूचना मिल रही है कि शहीद हुए हवलदार गौतम कुमार को भी अपने पिता के मौत के बाद अनुकंपा पर नौकरी मिली थी।

रास्ता क्लियर करने की तैयारी में जुटी थी टीम

मिली जानकारी के अनुसार, टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका से लेकर सरजमबुरु तक रास्ता क्लियर करने के लिए सीआरपीएफ और झारखण्ड जगुवार की टीमों की तैनाती इलाके में की गई है। सोमवार को यह टीम में रास्ता क्लियर करने का काम कर रही थी। इसी क्रम में रात करीब 7 बजे पहले से घात लगाकर बैठे एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा के दस्ते ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। गोलीबारी के बाद जवान अपने आप को बचाने के लिए जंगलों की आड़ में छुप गए। कुछ जवानों ने भी अपनी पोजीशन लेते हुए जवाबी फायरिंग की। करीब एक घंटे चली मुठभेड़ के बाद नक्सली मौके से भाग निकले। इस बीच 5 जवान नहीं मिल रहे थे। मोबाइल नेटवर्क नहीं होने की वजह से उनसे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा था। देर रात सीआरपीएफ के अन्य कैंप से अतिरिक्त फोर्स मुठभेड़ स्थल भेजी गई। इसके बाद रात में ही पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। ऑपरेशन के दौरान दो जवानों का शव जंगल में बरामद हुआ। तीन जवान सुरक्षित मिल गए।

11 अगस्त को मिसिर बेसरा के दस्ते के साथ हुई थी मुठभेड़

पश्चिमी सिंहभूम जिले में 11 अगस्त को इसी इलाके में एक करोड़ की इनामी नक्सली मिसिर बेसरा दस्ते के साथ मुठभेड़ हुई थी। इसमें एक जवान सुशांत कुमार बलिदान हो गए थे। इसके साथ ही पुलिस ने इस इलाके में अभियान शुरू किया है।

अमित पंचतत्व में विलीन, राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

मेदिनीनगर। झारखंड के चाईबासा जिले के टोंटो में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में शहीद पलामू के लाल और झारखंड जगुआर के अवर निरीक्षक अमित तिवारी का शव बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। जिले के रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा में स्थानीय श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ शाहिद अमित का अंतिम संस्कार किया गया। अमित को अंतिम विदाई देने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। सभी की आंखें नम थी, लेकिन सीने में गर्व था। अमित को अंतिम विदाई देने के लिए प्रशासनिक महकमा भी मौके पर पहुंचा था। सांसद विष्णु दयाल राम के अलावा पलामू रेंज के आईजी राजकुमार लकड़ा, सीआरपीएफ के डीआईजी पंकज कुमार, पलामू एसपी रिष्मा रमेशन, एएसपी ऋषभ गर्ग, विश्रामपुर के एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने अमित के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। पलामू पुलिस के जवानों ने शहीद के सम्मान में दो राउंड फायरिंग भी की। पिता देवेंद्र कुमार तिवारी ने शहीद अमित को मुखाग्नि दी।

संक्षिप्त खबरें

अदालतों में प्रॉस्टिट्यूट-मिस्ट्रेस जैसे शब्द इस्तेमाल नहीं होंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और दलीलों में अब जेंडर स्टीरियोटाइप शब्दों का इस्तेमाल नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले आपत्तिजनक शब्दों पर रोक लगाने के लिए जेंडर स्टीरियोटाइप कॉम्बैट हैंडबुक लॉन्च कर दी है। 8 मार्च को महिला दिवस पर सुप्रीम कोर्ट में हुए इवेंट में कहा था कि कानूनी मामलों में महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल रुकेगा, जल्द डिक्शनरी भी आएगी। बुधवार 16 अगस्त को हैंडबुक जारी करते हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इससे जजों और वकीलों को ये समझने में आसानी होगी कि कौन से शब्द रूढ़िवादी हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने बताया कि इस हैंडबुक में आपत्तिजनक शब्दों की लिस्ट है और उसकी जगह इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द और वाक्य बताए गए हैं। इन्हें कोर्ट में दलीलें देने, आदेश देने और उसकी कॉपी तैयार करने में यूज किया जा सकता है।

केन्द्रीय कैबिनेट का फैसला. विश्वकर्मा योजना को मंजूरी, 169 शहरों में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

नई दिल्ली : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के 169 शहरों में ई-बस चलाने की योजना को अपनी मंजूरी दे दी है। इस पर 77,613 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया है कि पीएम ई-बस सेवा को मंजूरी दे दी गई है। इस के लिए देश भर में लगभग 10,000 नई इलेक्ट्रिक बसें चलायी जाएंगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर एक ब्रीफिंग के दौरान, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, 57,613 करोड़ रुपये में से 20,000 करोड़ रुपये केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

तीन लाख और उससे अधिक आबादी वाले शहरों में चलेंगी ई-बसें

केंद्रीय मंत्री के अनुसार यह योजना तीन लाख और उससे अधिक आबादी वाले शहरों को कवर करेगी। इस योजना के तहत, सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर 10,000 ई-बसों के साथ सिटी बस संचालन किया जाएगा। यह योजना 10 वर्षों



के लिए बस संचालन का समर्थन करेगी। इसके साथ ही केंद्रीय कैबिनेट ने विश्वकर्मा योजना को भी मंजूरी दे दी है। दूसरी ओर, कैबिनेट में लिए गए फैसलों के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बुधवार को डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार को भी हरी झंडी दिखा दी गई है।

30 लाख परिवारों को मिलेगा फायदा

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री ने पारंपरिक कौशल वाले लोगों का समर्थन करने के लिए 'पीएम विश्वकर्मा' योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत उदार शर्तों पर 1 लाख रुपये तक का लोन दिया जाएगा। इस योजना के संचालन से देशभर के करीब 30 लाख विश्वकर्मा परिवारों को फायदा मिलेगा।

खर्च होंगे 13000 करोड़ रुपये

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 13,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को मंजूरी दे दी, जिससे बुनकरों, सुनारों, लोहारों, कपड़े धोने वाले श्रमिकों और नाइयों सहित लगभग 30 लाख पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के परिवारों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने संबोधन में इस योजना की घोषणा की थी। संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि योजना के तहत शिल्पकारों को पहली किस्त में एक लाख रुपये और दूसरी किस्त में दो लाख रुपये का रियायती ऋण दिया जाएगा। ये ऋण 5 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। मंगलवार को प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि यह योजना 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती पर शुरू की जाएगी।

रेलवे से जुड़ी 32500 करोड़ रु की परियोजनाओं को भी मंजूरी

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक ब्रीफिंग में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 32,500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ भारतीय रेलवे को लक्षित सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने बुधवार को भारतीय रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। प्रस्तावित परियोजनाएं मौजूदा लाइन क्षमता को बढ़ाने, ट्रेन संचालन को सुचारू बनाने, भीड़ को कम करने और यात्रा और परिवहन में आसानी की सुविधा प्रदान करने में मदद करेंगी। वैष्णव ने कहा कि उक्त परियोजनाएं जो पूरी तरह से इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड पर बनाई जाएंगी, भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में 2,339 किलोमीटर की वृद्धि करेंगी।

18 अगस्त तक विभिन्न हिस्सों में बारिश की संभावना, येलो अलर्ट

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: झारखंड में पिछले 24 घंटे में मानसून की गतिविधि सामान्य रही। राज्य के कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। इस दौरान सबसे अधिक बारिश धनबाद के मैथन में 96.6 मिलीमीटर हुई। पंचेत में 86.8, नावाडीह में 67, बासुकीनाथ में 51, बोकारो थर्मल में 42.4, और मसानजोर में 31.6 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा गढ़वा में 29.5, डुमरी में 27.2, बालूमाथ में 23.4, रामगढ़ में 23.4 मंझारी में 22, रांची में 18, भुरकुंडा में 17, खूंटी में 13, गुमला में 8.5 और हाटगम्हरिया में 8.2 मिलीमीटर बारिश हुई।

18अगस्त तक विभिन्न हिस्सों में बारिश की संभावना, येलो अलर्ट राज्य के विभिन्न हिस्सों में 18 अगस्त तक बारिश की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। 16 अगस्त को राज्य के उत्तर पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है। जबकि 17अगस्त को पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है। 18 अगस्त को दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा के आसार है। रांची और आसपास में भी आगामी 21 अगस्त तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 29 से 30 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

राज्य में अब तक तक सामान्य से 38 प्रतिशत कम बारिश

झारखंड में 1 जून से 15 अगस्त तक सामान्य से 38 प्रतिशत कम बारिश हुई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस दौरान राज्य में औसत रूप से 658.9 मिलीमीटर बारिश का रिकॉर्ड है, लेकिन इस वर्ष अब तक 410.9 मिलीमीटर बारिश हुई। राज्य के साहेबगंज, सिमडेगा और गोड्डा जिले में सामान्य बारिश हुई, जबकि अन्य सभी जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई। सबसे खराब स्थिति चतरा जिले की है, जहां अब तक सामान्य से 63 प्रतिशत कम बारिश हुई है। धनबाद में सामान्य से 46 प्रतिशत, गिरिडीह में 56, गुमला में 51, हजारीबाग में 56, कोडरमा में 50, लोहरदगा में 48 और रांची में सामान्य से 38 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

श्रद्धांजलि | अलविदा बिंदेश्वर पाठक : भारत के टॉयलेट मैन पहले बने थे हंसी के पात्र, फिर सुलभ इंटरनेशनल की स्थापना कर विश्व में रचा इतिहास

खुले में शौच रोकने की शुरुआत 1970 में ही की पाठक ने

नई दिल्ली : देश में सार्वजनिक शौचालय के प्रवर्तक बिंदेश्वरी पाठक को 'भारत के टॉयलेट मैन' के तौर पर पर जाना जाता है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन से सालों पहले शौचालय को सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा बनाया था। हालांकि, इसके लिए उन्हें अपने ससुर समेत कई लोगों के उपहास का भी सामना करना पड़ा था. पाठक ने एक बार बताया था कि उनके ससुर महसूस करते थे कि उन्होंने अपनी बेटी की जिंदगी बर्बाद कर दी है, क्योंकि वह नहीं बता सकते कि उनका दामाद जीवनयापन के लिए क्या करता है। उहोंने 1970 में सुलभ की स्थापना की थी, जो सार्वजनिक शौचालय का पर्याय बन गया और खुले में शौच को रोकने के लिए जल्द ही यह आंदोलन बन गया। कार्यकर्ता और सामाज सेवी पाठक को कई लोग 'सैनिटेशन सांता क्लास' कहते थे। उनका जन्म बिहार के वैशाली जिले के रामपुर

बघेल गांव में हुआ था और परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा हैं। कॉलेज और कुछ लीक से अलग नौकरियों को करने के बाद वह 1968 में बिहार गांधी शताब्दी समारोह समिति के मैला उठाने वालों की मुक्ति प्रकोष्ठ में शामिल हो गए। उन्होंने भारत में मैला उठाने की समस्या को रेखांकित किया। जब उन्होंने देश भर की यात्रा की और अपनी पीएचडी शोधपत्र के हिस्से के रूप में सिर पर मैला ढोने वालों के साथ रहे तो उन्हें नयी पहचान मिली। उन्होंने तकनीकी नवाचार को मानवीय सिद्धांतों के साथ जोड़ते हुए 1970 में सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन की स्थापना की। संगठन शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकारों, पर्यावरण स्वच्छता, ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्त्रोतों, अपशिष्ट प्रबंधन और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा देने के लिए काम करता है।

बोयोगैस निर्माण

पाठक द्वारा तीन दशक पहले सुलभ शौचालयों को किण्वन (फर्मेन्टेशन) संयंत्रों से जोड़कर बायोगैस बनाने का डिजाइन अब दुनिया भर के विकासशील देशों में स्वच्छता का पर्याय बन गया है। पाठक की परियोजना की एक विशिष्ट विशेषता यह रही कि गंध मुक्त बायोगैस का उत्पादन करने के अलावा, यह फॉस्फोरस और अन्य अवयवों से भरपूर स्वच्छ पानी भी छोड़ता है, जो जैविक खाद के महत्वपूर्ण घटक है। उनका स्वच्छता आंदोलन स्वच्छता सुनिश्चित करता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को रोकता है। ग्रामीण समुदायों तक इन सुविधाओं को पहुंचाने के लिए इस तकनीक का विस्तार अब दक्षिण अफ्रीका तक किया जा रहा है। पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित पाठक को एनर्जी ग्लोब अवार्ड, दुबई इंटरनेशनल अवार्ड, स्टॉकहोम वाटर प्राइज, पेरिस में फ्रांस के सीनेट से लीजेंड ऑफ प्लैनेट अवार्ड सहित अन्य पुरस्कार भी प्रदान किये गये थे। पोप जॉन पॉल द्वितीय ने 1992 में पर्यावरण के अंतरराष्ट्रीय सेंट फ्रांसिस पुरस्कार से डॉ. पाठक को सम्मानित करते हुए उनकी सराहना की थी और कहा था, आप गरीबों की मदद कर रहे हैं। वर्ष 2014 में, उन्हें सामाजिक विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने के लिए सरदार पटेल अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अप्रैल 2016 में, न्यूयॉर्क शहर के महापौर बिल डी ब्लासियो ने 14 अप्रैल, 2016 को बिंदेश्वर पाठक दिवस के रूप में घोषित किया।

9,000 से अधिक सार्वजनिक शौचालय

अब सुलभ देश भर के रेलवे स्टेशनों और शहरों में शौचालयों का संचालन और रख-रखाव कर रहा है। भारत के 1,600 शहरों में 9,000 से अधिक सामुदायिक सार्वजनिक शौचालय परिसर मौजूद हैं। इन परिसरों में बिजली और 24 घंटे पानी की आपूर्ति है। परिसरों में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग स्थान बने हैं। उपयोगकर्ताओं से शौचालय और स्नान सुविधाओं का उपयोग करने के लिए नाममात्र राशि ली जाती है। कुछ सुलभ परिसरों में स्नान सुविधा, अमानत घर, टेलीफोन और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं भी दी जाती हैं। भुगतान और उपयोग प्रणाली सार्वजनिक खजाने या स्थानीय निकायों पर कोई बोझ डाले बिना आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करती है।

2020 में 490 करोड़ रुपये का टर्नओवर

वित्त वर्ष 2020 में सुलभ का 490 करोड़ रुपये का टर्नओवर था। सुलभ केवल शौचालय का ही संचालन नहीं करता, बल्कि कई व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान भी चला रहा है, जहां पर सफाईकर्मियों, उनके बच्चों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों के व्यक्तियों को मुफ्त कंप्यूटर, टाइपिंग और शॉर्टहैंड, विद्युत व्यापार, काष्ठकला, चमड़ा शिल्प, डीजल और पेट्रोल इंजीनियरिंग, सिलाई, बेंत के फर्नीचर बनाने जैसे विभिन्न व्यवसायों का प्रशिक्षण दिया जाता है।

सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक का दिल का दौरा पड़ने से निधन

नई दिल्ली : सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक का 15 अगस्त को निधन हो गया। तबीयत ज्यादा बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली एम्स ले जाया गया था, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बिंदेश्वर पाठक के करीबी सहयोगी ने बताया कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। सहयोगी ने बताया कि पाठक ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उसके तुरंत बाद गिर गये। तुरंत ही उनके परिजन एवं सहयोगी उन्हें दिल्ली एम्स ले गये, जहां दोपहर 1.42 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण में अग्रणी, सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक और सामाजिक कार्यकर्ता बिंदेश्वर पाठक 80 साल के थे। सुलभ इंटरनेशनल भारत का एक सामाजिक सेवा संगठन है। ये संगठन शिक्षा के माध्यम से मानव अधिकारों, पर्यावरण स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और सुधारों को बढ़ावा देने के लिए काम करता है।

गौरतलब है कि बिंदेश्वर पाठक ने 1970 में सुलभ इंटरनेशनल की स्थापना की थी। ये भारत के साथ-साथ दुनियाभर के अनेक देशों में स्वच्छता को लेकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बिंदेश्वर पाठक को स्वच्छा के लिए कई पद्म पुरस्कार सहित कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। देशभर में सुलभ इंटरनेशनल के करीब 9000 से अधिक शौचालयों और स्नानघर हैं। सुलभ इंटरनेशनल के शौचालय के प्रयोग के लिए 5 रुपये और स्नान के लिए 10 रुपये लिए जाते हैं, जबकि कई जगहों पर इन्हें सामुदायिक प्रयोग के लिए मुफ़्त भी रखा गया है। इसके लिए विंदेश्वर पाठक को वैश्विक पहचान मिली।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 44 पुलिस अधिकारियों-कर्मियों को पदक से किया सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। रांची के मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस पर मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 44 पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों को गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति के हाथों मिले पदक से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सम्मानित होने वाले पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ फोटो भी खिंचवाई।

इनको मिला पदक

विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से पारसनाथ ओझा सम्मानित हुए। सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से भारतीय पुलिस सेवा के साकेत कुमार सिंह, हवलदार कैलाश प्रसाद, हवलदार सत्येंद्र नाथ, आरक्षी राम जन्म प्रसाद, हवलदार तिल प्रसाद जैसी, सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार दास, सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार राय, हवलदार नंद यादव, पुलिस उपाधीक्षक संचमान तामंग, पुलिस निरीक्षक इम्तियाज अहसन, सूबेदार मेजर देव कुमार राय, पुलिस अवर निरीक्षक ललन प्रसाद सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक देवनंदन प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक रवि रंजन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक लालजी तिवारी सम्मानित किए गए। इसके अलावा सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक अवर निरीक्षक रामबली प्रसाद, सहायक अवर निरीक्षक रंजन कुमार पाठक, सहायक अवर निरीक्षक भगवान प्रधान, हवलदार गोपाल राम, हवलदार बंधु खड़िया, हवलदार असित बसरियार, आरक्षी जय किशोर राम, सहायक अवर निरीक्षक विपिन रजक, सहायक अवर निरीक्षक रामाकांत उपाध्याय, सहायक अवर निरीक्षक श्याम कुमार, सहायक अवर निरीक्षक श्रीपत कुमार,हवलदार जानिया बिरुवा ,हवलदार रामाशंकर यादव, हवलदार जीतन भेंगरा, हवलदार शंकर दयाल मिश्रा, हवलदार चक्कर साहु, आरक्षी मोहम्मद रशीद, आरक्षी मुनीर खां, आरक्षी मनोज कुमार दमई को भी मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित होने वालों में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची के पुलिस निरीक्षक सुरेश राम, आरक्षी रोहित कुमार रजक, आरक्षी हीरालाल ठाकुर, आरक्षी अनिरुद्ध कुमार ओझा, आरक्षी यशवंत महतो, पुलिस अधीक्षक ऋषभ कुमार झा और तत्कालीन पुलिस अपर पुलिस अधीक्षक खूंटी अनुराग राज शामिल रहे।

खूंटी के अपर पुलिस अधीक्षक रहे सीआरपीएफ के उप समादेष्टा अनुराग राज वर्तमान में कश्मीर में देश की सेवा में लगे हुए हैं। राष्ट्रपति सम्मान मिलने पर उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मान मिलने से और भी लोग प्रेरित होते हैं और देश सेवा के प्रति उनका समर्पण और भी बढ़ता है। जमशेदपुर में रेल पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थापित ऋषभ कुमार झा ने भी वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी पूर्व की भांति नक्सल विरोधी अभियान और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

हाई कोर्ट को विधानसभा नियुक्ति में गड़बड़ी मामले की दी गई जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश ने विधानसभा सचिव ने बताया कि कैबिनेट सचिवालय ने ही जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट को जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन के पास भेजा है। इसलिए कैबिनेट सचिवालय से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट मांगी गई है।

कोर्ट ने विधानसभा के आग्रह को देखते हुए मामले की सुनवाई चार अक्टूबर निर्धारित की है। कोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति में गड़बड़ी की जांच करने वाली जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। इसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। इस पर विधानसभा की ओर से बताया गया था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की कमीशन की रिपोर्ट पूरी तरीके से स्पेसिफिक नहीं थी।

हाई कोर्ट में सिपाही नियुक्ति नियमावली को चुनौती देने वाली याचिका पर हुई सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली याचिका से संबंधित सुप्रीम कोर्ट में एक लंबित केस की सुनवाई को देखते हुए विस्तृत सुनवाई के लिए 30 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। मामले की सुनवाई बुधवार को चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। इस संबंध में सुनील टूडू सहित 60 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गई हैं। झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार एवं राकेश रंजन ने पैरवी की। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से बनाई गई नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है। नई नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। ऐसे में उक्त नियमावली को रद कर देना चाहिए। हालांकि, इस मामले में अदालत ने पूर्व में ही कहा है कि अदालत के अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी।

झारखंड हाई कोर्ट ने सीसीएल पर लगाया एक लाख का जुर्माना

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने सीसीएल पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। अदालत में काउंटर एफिडेविट दायर करने में सीसीएल की देरी पर यह जुमार्ना लगा है। हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में बुधवार को इस मामले की सुनवाई हुई। अब अदालत 23 अगस्त को इस मामले में सुनवाई करेगा। भारत कोल प्रोडक्ट की ओर से एक याचिका दाखिल कर छाई उठाने की अनुमति देने की मांग की गई थी, जिस पर हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है। पूर्व की सुनवाई में सीसीएल की ओर से काउंटर एफिडेविट दाखिल करने के लिए अंतिम बार समय मांगा गया था लेकिन काउंटर एफिडेविट दाखिल नहीं की गयी। सीसीएल की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अमित दास ने बहस की। याचिकाकर्ता भारत कोल प्रोडक्ट की ओर से अधिवक्ता अर्चना सिंह ने बहस की।

राज्य का राजनीति स्वास्थ्य बिल्कुल अच्छा : स्वास्थ्य मंत्री

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य का राजनीति स्वास्थ्य बिल्कुल अच्छा है। उन्होंने ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स की तुलना नीम, करेला और कुटकी के जूस से ही है। उन्होंने कहा कि इन सबकी वजह से हम मजबूत हो रहे हैं। वे दिल्ली दौरे पर जाने से पहले बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बुधवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि झारखंड का राजनीतिक स्वास्थ्य बिल्कुल अच्छा है। क्योंकि, हम जितना करेला, नीम और कुटकी जा जूस पी रहे हैं। इन सबका मतलब ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स से है, उतना हम मजबूत हो रहे हैं। हमारा शरीर सशक्त हो रहा है। उतना हमारा इरादा मजबूत हो रहा है। हमारे लड़ने की क्षमता दक्षता बढ़ रही है। बन्ना ने कहा कि बैठक में राज्यहित की बात रखेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड कैसे मजबूत प्रतिनिधित्व करेगा, इससे जुड़ी बातों को रखेंगे। कैसे हमारा संगठन दुरूस्त हो इसकी बात भी रखेंगे।

उल्लेखनीय है कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान के साथ बैठक है। बैठक में प्रदेश के मंत्री बन्ना गुप्ता, आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, रामेश्वर उरांव, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कई अहम लोग हिस्सा लेंगे।

खनन व्यापारी कृष्णा साहा की जमानत याचिका खारिज

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। साहिबगंज के खनन व्यापारी कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर बुधवार को ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने कृष्णा साहा को जमानत देने इंकार करते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी है।

इससे पूर्व दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने दस अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की। कृष्णा साहा की ओर से अधिवक्ता नदीमुद्दीन ने बहस की। इससे पहले कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर 31 जुलाई को सुनवाई हुई थी। सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। ईडी ने एक हजार करोड़ के अवैध खनन से जुड़े मामले में कृष्णा साहा को छह जून को गिरफ्तार किया था। कृष्णा साहा मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के सहयोगी हैं।

राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत, सशरीर पेश होने से मिली छूट

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने मोदी सरनेम मानहानि से जुड़े मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एमएलए-एमपी कोर्ट द्वारा उनकी याचिका खारिज किए जाने को चुनौती देने संबंधी याचिका को स्वीकृत कर लिया। अब निचली अदालत में राहुल गांधी की जगह उनके अधिवक्ता प्रस्तुत होंगे। याचिकाकर्ता राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने पैरवी की।

जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने बुधवार को राहुल गांधी के सीआरपीसी की धारा 205 के आवेदन को स्वीकृत कर लिया और उन्हें निचली अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्रदान की। कोर्ट ने शर्तों के आधार पर दी गई छूट में कहा है कि वह अपनी पहचान नहीं छुपाएंगे। साथ ही यदि उनकी अनुपस्थिति में किसी गवाह का एग्जामिन होता है तो उस पर भी सवाल नहीं उठाएंगे।

रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट ने बीते तीन मई को राहुल गांधी को उक्त मामले में सशरीर उपस्थिति से छूट संबंधित सीआरपीसी की धारा 205 के तहत दायर याचिका को खारिज कर दिया था। राहुल गांधी ने निचली अदालत में उपस्थिति से छूट का आग्रह करते हुए याचिका दाखिल कर कोर्ट से अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होने की अनुमति देने की मांग की थी। हालांकि, एमपी-एमएलए कोर्ट ने आग्रह को खारिज करते हुए राहुल गांधी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था।

हाई कोर्ट ने द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा गड़बड़ी मामले में स्टेटस रिपोर्ट दायर करने का दिया निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका एवं राज्य सरकार की अपील की सुनवाई हुई। मामले में सीबीआई की ओर से जो स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया गया वह वर्ष 2014 का था, जिस पर कोर्ट ने सीबीआई के अधिवक्ता को सीबीआई एसपी को कोर्ट की सुनवाई में ऑनलाइन जोड़ने को कहा।

बाद में सीबीआई डीआईजी, पटना कोर्ट के समक्ष ऑनलाइन जुड़े। कोर्ट ने सीबीआई डीआईजी को निर्देश दिया कि दो सप्ताह में वह मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताएं कि केस किस स्टेज में है। कोर्ट ने उन्हें कहा कि यदि सीबीआई चार्जशीट दाखिल कर दिया है और अभियोजन स्वीकृति के लिए गई हैं, तो अभियोजन स्वीकृति पर सुप्रीम कोर्ट का एक समय सीमा सीमा में निर्णय लेने का आदेश है।

कोर्ट में सीबीआई डीआईजी, पटना को यह भी बताने को कहा है किन-किन आरोपितों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मांगी गई है और यह अभियोजन स्वीकृति कब-कब मांगी गई है, यह भी बताएं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह सितंबर निर्धारित की है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

इससे पहले इसी मामले में राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता की ओर से कोर्ट को मौखिक रूप से बताया गया की सरकार ने उन्हें पद पर फिर से बहाल कर प्रमोशन दे दिया है उनमें से बहुत लोगों का कंफर्मेशन भी हो गया है। इसलिए सरकार की अपील पर मेरिट पर सुनवाई करने का कोई औचित्य नहीं है। सरकार एक तरफ जेपीएससी द्वितीय की परीक्षा के नियुक्त अधिकारियों को रीइंस्टेट कर उन्हें प्रमोशन दे रही है और उनकी नियुक्ति कंफर्म कर रही है। दूसरी ओर नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ अपील भी दायर कर रही है, यह समझ से परे है। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवार एवं प्रिंस कुमार ने पैरवी की। बुद्धदेव उरांव ने जेपीएससी द्वितीय की परीक्षा में अंकों की हेराफेरी एवं एवं रिजल्ट प्रकाशन में गड़बड़ी की जांच सीबीआई से कराने का आग्रह किया है। राज्य सरकार की ओर से जेपीएससी द्वितीय के नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ एलपीए दायर किया गया है।

नाबालिग को एसिड पिलाये जाने के मामले में आरोपित का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

रांची। हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाए जाने के मामले में झारखंड हाई कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आरोपित का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के लिए गुजरात गांधीनगर के पर फॉरेंसिक साइकोलॉजी डिवीजन डायरेक्टरेट ऑफ फॉरेंसिक साइंस से पत्राचार किया गया था। उसने 21 अगस्त से 25 अगस्त के बीच आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट करने की अनुमति प्रदान की है। इस पर कोर्ट ने कहा कि आरोपित का पॉलीग्राफ टेस्ट कर 19 सितंबर तक रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई 19 सितंबर निर्धारित की है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार, अधिवक्ता गौरव राज ने पैरवी की। वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था, जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। बाद में उसका एम्स पटना और रिम्स रांची में बच्ची का इलाज हुआ था। एसिड पिलाए जाने से दो महीने तक बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ थी।

एक नजर

लाभार्थी जनसंपर्क अभियान से लाभ से वंचितों का पता चलेगा : बाबूलाल मरांडी

रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रदेश महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर की अध्यक्षता में परिचयात्मक बैठक पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ हुआ। संगठन में महिला मोर्चा की क्या सहभागिता रहनी चाहिए और आगामी कार्यक्रम करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। बैठक का संचालन मंजुलता दुबे और समापन डॉ सीमा सिंह ने किया। बैठक में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान से जिनको योजना का लाभ नहीं मिला है, उनका भी पता चलेगा। नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि संगठन सक्रिय महिलाओं कार्यकर्ता को जोड़कर मंडल स्तर तक मजबूत करना है। आरती सिंह ने कहा कि दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रवास के दौरान सात अलग-अलग कार्यक्रम करना है और सोशल मीडिया का जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित किया जाना चाहिए। बैठक में रूपा सिंह, सरिता पांडे, रेणु तिर्की, रीता शर्मा, विनीता कुमारी, रमा सिन्हा, बबिता वर्मा, रेखा महतो, लवली गुप्ता, कुमकुम देवी, सुचिता सिंह, नीलम चौधरी, सोनी हेमराम, रंजीता सिंह, अर्चना सिंह, पिंकी खोया, लक्ष्मी कुमारी, अमिता भाटिया, रागिनी सिन्हा, आरती राणा, संपति देवी, जयश्री इंदवार एवं सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित रहीं।

डुमरी उपचुनाव में झामुमो उम्मीदवार बेबी देबी को भाकपा करेगा समर्थन

रांची। भाकपा डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में झामुमो के उम्मीदवार बेबी देबी का समर्थन करेगा। भाकपा के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक और वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने बुधवार को संयुक्त रूप से कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव झारखंड आंदोलनकारी जगन्नाथ महतो के निधन के कारण होने जा रहा है। इसमें उनकी पत्नी बेबी देवी को झामुमो ने उम्मीदवार बनाया है । भाकपा इंडिया के घटक दल होने के नाते एनडीए उम्मीदवार को हराने के लिए झामुमो को समर्थन करती है। पाठक ने बताया की डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में इंडिया एवं एनडीए में सिद्धि टक्कर होगी और इंडिया की जीत होगी। राज्य में किसी भी परिस्थिति में सांप्रदायिक शक्तियों या उनके घटक दलों को पराजित करने के लिए भाकपा कटिबद्ध है।

रिमांड खत्म होने के बाद प्रेम प्रकाश को भेजा गया जेल



रांची। जमीन घोटाला में आरोपित प्रेम प्रकाश की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने प्रेम प्रकाश को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। इससे पूर्व ईडी ने बीते 11 अगस्त को प्रेम प्रकाश को पांच दिनों के रिमांड पर लिया था। प्रोडक्शन वारंट जारी होने के बाद ईडी ने जमीन घोटाले मामले में उसे गिरफ्तार किया था। चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री फर्जी डीड के जरिए कराने के मामले में ईडी प्रेम प्रकाश को मास्टरमाइंड मानता है। अपनी जांच में ईडी ने कोर्ट में प्रेमप्रकाश की गिरफ्तारी के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी करने का अनुरोध किया था। इसपर तीन दिनों तक बहस चली थी। बहस के बाद कोर्ट ने प्रोडक्शन वारंट जारी करने की अनुमति दी। इसी वारंट के आधार पर रांची जमीन घोटाले मामले में ईडी ने दोबारा प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया था।

पूर्व विधायक संजीव सिंह को रिम्स से एम्स किया गया रेफर

रांची। रिम्स ने झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को दिल्ली एम्स रेफर कर दिया है। संजीव सिंह की स्वास्थ्य जांच करायी गयी। साथ ही इलाज से संबंधित सभी बिंदुओं पर गहन जांच की गई। संजीव को रिपीटेड ब्रेन स्ट्रोक हो रहा है। इस कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स से एम्स रेफर करने की अनुशंसा की गई है। रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बीरूआ ने बुधवार को बताया कि मेडिकल बोर्ड की बैठक हुई थी। बैठक में मेडिसिन, सर्जरी, ईएनटी, आई, आर्थो के अलावा संजीव की बीमारी को देखते हुए न्यूरोलॉजी और साइकेट्री विभाग के चिकित्सक को भी बोर्ड में शामिल किया गया था। रिम्स अधीक्षक ने बताया कि धनबाद मंडल कारा के अधीक्षक को सूचना दे दी गयी है। आईजी कारा और कोर्ट से आदेश मिलने के बाद संजीव को एम्स भेजा जाएगा। इससे पूर्व संजीव सिंह को रिम्स में 11 अगस्त को भर्ती कराया गया था। वहीं दूसरी ओर रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती संजीव सिंह का मेडिसिन विभाग के डॉ अजीत डुंगडुंग के देखरेख इलाज चल रहा है।डुंगडुंग ने सीटी स्कैन और एमआरआई कराने की सलाह दी थी। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें बुधवार को रेडियोलॉजी विभाग ले जाया गया, जहां उनका सीटी स्कैन किया गया। लेकिन मशीन खराब होने के कारण एमआरआई जांच नहीं हो सकी।

कांग्रेस ने बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा पर साधा निशाना

रांची। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की गुरुवार से शुरू होने वाली संकल्प यात्रा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह संकल्प यात्रा नहीं, बल्कि बाबूलाल अपने आप को भाजपा में स्थापित करने के लिए यह यात्रा निकाल रहे हैं। क्योंकि, बाबूलाल जैसे आयातित नेताओं को कमान सौंपने के बाद भाजपा में बेचैनी बढ़ गई है। उन्होंने बुधवार को कहा कि भाजपा के पुराने नेता और कार्यकर्ता भाजपा से दूरी बनाने लगे हैं। यही कारण है कि अपने कार्यकताओं और नेताओं के बीच स्वयं को स्थापित करने के लिए यह संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। सिन्हा ने कहा कि जब मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा था तब बाबूलाल खामोश क्यों थे। महंगाई, बेरोजगारी, देश की गिरती अर्थव्यवस्था, देश की संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग, महिला खिलाड़ियों का शोषण, समाज में नफरत का माहौल चरम पर है तो बाबूलाल को इन मुद्दों को लेकर यह संकल्प यात्रा निकालनी चाहिए।

पुलिसकर्मियों को एनडीपीएस एक्ट का प्रशिक्षण आज से

रांची। अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में तीन दिवसीय 17 से 19 अगस्त तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसमें पुलिसकर्मियों को नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के विषय में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के कांडों में अभियुक्तों को सजा दिलवाने, नियमानुसार मादक पदार्थों की जब्ती और एनडीपीएस एक्ट के संबंध में सभी कानूनी पहलुओं से अवगत कराया जायेगा।

सीएम हेमंत सोरेन ने किया मुख्य समारोह में ध्वजारोहण, कहा

38 हजार पदों पर होगी नियुक्ति

नवप्रदेश संवाददाता

रांची: स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह को ध्वजारोहण किया। इस मौके पर सीएम ने युवाओं को रोजगार और हर जरूरतमंद लोगों को तीन कमरे का मकान उपलब्ध कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के लोगों से उन्होंने वादा किया था कि सभी को 3 कमरे का आवास उपलब्ध कराएंगे। अपने वादे को पूरा करते हुए एक नई योजना अबुआ आवास योजना की घोषणा की। इसके तहत अगले 2 वर्ष में लगभग 15 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च कर राज्य सरकार अपनी निधि से जरूरतमंद लोगों को आवास उपलब्ध करवाएगी। इस वर्ष आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा।

38 हजार पदों पर जल्द नियुक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नियुक्ति की प्रक्रिया को तीव्र करते हुए विभिन्न कोटि के लगभग 38 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए अधियाचना झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को भेज दी गई है, जिसमें से 36 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है। शीघ्र ही इन पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना प्रारंभ की गई है। योजना के तहत पहले चरण में 80 प्रखंड मुख्यालयों में बिरसा केंद्र की शुरूआत की गई है।

1 लाख कुओं का निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के पास खेली करने के लिए पर्याप्त सिंचाई का साधन उपलब्ध कराने के लिए बिरसा सिंचाई कूप योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत 1 लाख कुओं का निर्माण किया जाएगा। चालू वित्तीय वर्ष में 50 हजार कुओं और 15 नवंबर 2024 तक शेष 50 हजार कुओं का निर्माण का कार्य पूरा किया जाएगा।

राज्यकर्मियों को पुरानी पेंशन योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने लाखों राज्य कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना शुरू की है। राज्य के हजारों पुलिसकर्मी भी अपनी छुट्टी के हकदार हुए हैं। 35 लाख जरूरतमंद को पेंशन, 20 लाख अतिरिक्त लोगों को राशन और 57 लाख से अधिक लोगों को सरकार वर्ष में दो बार वस्त्र प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कई दूरस्थ स्थानों में प्रशासन, देश की आजादी के बाद पहली बार पहुंचा है। बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र की बदलती बयान उनमें से एक है। यह अब राज्य के विकास के पथ पर अग्रसर होने के सूचक है।

मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने चाईबासा में नक्सली हमले में शहिद हुए सब इंस्पेक्टर एवं हवलदार को जेजे मुख्यालय में दी श्रद्धांजलि

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में झारखंड जगुआर के बलिदान हुए पुलिस सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और हवलदार गौतम कुमार के पार्थिव शरीर पर मंगलवार को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने बलिदानियों के शोक संतप्त परिजनों -आश्रितों से मिलकर उनका ढाढ़स बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बलिदानिय के आश्रितों-परिजनों के साथ सरकार सदैव साथ रहेगी। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह समेत कई वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने शहीद जवानों के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को नमन किया।

उग्रवादी हताशा में ऐसी घटनाओं को दे रहे अंजाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि दरअसल राज्य में उग्रवादी घटनाएं अब अंतिम सांसें गिन रही है। उग्रवादियों के खिलाफ पुलिस को लगातार कई बड़ी सफलताएं मिल रही है । ऐसे में हताशा में उग्रवादियों द्वारा पुलिस को निशाना बनाने की कोशिश हो रही है। दो वीर जवानों की शहादत कहीं ना कहीं उग्रवादियों के हताशा में किए गए हमले का ही परिणाम है। दो जवानों का शहीद होना हमारे लिए बहुत ही दुखद है। लेकिन, उग्रवादियों के खिलाफ पुलिस का अभियान और शक्ति के साथ लगातार जारी रहेगा । मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड जगुआर से संबंधित कुछ समस्याएं संज्ञान में आई है और इसका जल्द निराकरण होगा ।

झारखंड जगुआर के शहीद सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी का पैतृक आवास पलामू जिले के रेहला प्रखंड के तोलरा गांव में है। उन्हें एक बेटी और बेटा है। जबकि, शहीद गौतम कुमार के परिजन बिहार के भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के रंधाडीह गांव में रहते हैं। दिवंगत गौतम कुमार अविवाहित थे और उनके घर में मां, एक बहन तथा तीन भाई हैं।

हाई कोर्ट से निलंबित आईएएस छवि रंजन ने जल्द सुनवाई का किया आग्रह

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट से लैंड स्कैम के आरोपित निलंबित आईएएस छवि रंजन के अधिवक्ता ने बुधवार को उनकी याचिका पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया है। अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने मेंशन याचिका के जरिये हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत से यह गुहार लगाई है।

आईएएस छवि रंजन ने रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने हाई कोर्ट से डिफॉल्ट बेल देने यह गुहार लगाई है। इससे पहले छवि रंजन ने निचली अदालत में 167 की याचिका दाखिल की थी, जिसे निचली अदालत ने खारिज कर दिया था। 167 सीआरपीसी की धारा है, जिसमें पुलिस और एजेंसी को चार्जशीट दाखिल करने के लिए समय निर्धारित की गयी है। रांची पीएमएलए कोर्ट ने भी उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी आईएएस छवि रंजन, चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

भारती फाउंडेशन ने बड़े उत्साह के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : भारती फाउंडेशन, भारती एंटरप्राइजेज की परोपकारी शाखा ने अपने 173 सत्य भारती स्कूलों में भारत के 77वां स्वतंत्रता दिवस को मनाया। शिक्षकों और छात्रों ने देश के कल्याण और विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का संकल्प लिया।

सभी सत्य भारती स्कूलों में, छात्रों ने उत्साहपूर्ण ढंग से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ इस अवसर को मनाया। वहीं स्कूलों ने पूर्व छात्रों के साथ अपने सम्बंध को पुनः जागृत करते हुए विद्यालय में उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर मेधावी छात्रों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही लड़कियों के शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष गर्ल चाइल्ड अचीवर अवार्ड दिया गया। एवं शिक्षकों और छात्रों को उनके प्रयासों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए भी सम्मानित किया गया। विद्यालय सञ्चालन ने ग्रामीण समुदाय और पंचायत के सदस्यों के निरंतर सहयोग की भी सराहना की।

भारती फाउंडेशन समाज में सकारात्मक प्रभाव के लिए ज्ञान के आदान-प्रदान में विश्वास रखता है। इस वर्ष समारोह के महत्वपूर्ण पहलू के रूप में सत्य भारती स्कूल बोहलियां, अमृतसर, पंजाब और सत्य भारती स्कूल रामनगर, शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश को सरकारी विद्यालयों के साथ सराहनीय साझेदारी के लिए विशेष भागीदारी पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के स्कूली अनुभवों तथा शिक्षा में सुधार के लिए सीख और अच्छी प्रथाओं को साझा करने के प्रयासों को बढ़ावा देना है।

भारत निर्वाचन आयोग की टीम आज करेगी मतदाता पुनरीक्षण की समीक्षा

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्य में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 और लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की टीम 16 अगस्त की शाम को रांची पहुंच जायेगी। इस टीम में छह लोग होंगे। 17 अगस्त को राज्य के पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक होगी। यह बैठक 17 अगस्त को सुबह 10:30 बजे से रांची के होटल बीएनआर में होगी।

भारत निर्वाचन आयोग की टीम में सीनियर डिप्टी कमिश्नर डॉ धर्मेंद्र शर्मा के नेतृत्व में सीनियर डिप्टी कमिश्नर नीतेश व्यास, मनोज कुमार साहु, प्रिंसिपल सेक्रेटरी अरविंद आनंद, अंडर सेक्रेटरी तनुज कुमारी और सेक्शन ऑफिसर देवेश कुमार शामिल रहेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग की टीम के इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है। आगामी साल लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर टीम दौरा कर रही है। 17 अगस्त को होने वाली बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के साथ-साथ राज्य में चले मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की समीक्षा की जाएगी। इस बैठक में जिलों के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा अपने-अपने जिले से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा आयोग के समक्ष झारखंड में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति से संबंधित प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया जाएगा।

इस दौरे के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि आयोग की यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर की जा रही तैयारी की समीक्षा के बाद, आवश्यक निर्देश दिए जा सकते हैं।

भक्तों ने भोले नाथ की पूजन कर मांगा दया धर्म का दान, गूंज उठे हर-हर महादेव के जयकारे

रांची : शिव प्रिय मास सावन के षष्ठी सोमवार को रातू रोड देवी मंडप रोड स्थित शिव मंदिर में शिव भक्तों ने देवाधिदेव भोलेशंकर के शिवलिंग पर दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक कर पूजन किया। महाप्रभु महादेव की पूजा-अनुष्ठान के पश्चात श्रद्धालुओं ने दूध, दही व जल चढ़ाये। साथ ही बेलपत्र, फूल, फल, नारियल सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर इच्छित फल की कामना की। भक्तों ने जीवन में मानसिक शांति व प्रगति का स्वरूप स्थापित करने के लिए भगवान शंकर से दया धर्म का दान मांगा। इस दौरान मंदिर के समक्ष श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक किया। दर्शनार्थियों का विश्वास, आस्था एवं भक्ति का अद्भुत संगम दिखा। पूजा अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतारें सुबह से ही लगी रही। मंदिर व इसके आसपास आकर्षक साज-श्रृंगार किया गया था। सुबह मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाने के साथ ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भोले बाबा के दर्शन और आशीष की इच्छा को व्याकुल श्रद्धालु नतमस्तक थे।

झारखंड में कमजोर हुआ मानसून

नवप्रदेश संवाददाता



रांची। राज्य में मानसून अभी तक अपेक्षाकृत कमजोर रहा है। हालांकि, मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि अगले तीन दिनों में अच्छी बारिश हो सकती है। इसको लेकर मौसम विभाग ने राजधानी रांची सहित आसपास के जिलों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में मानसून कमजोर चल रहा है। इसकी गतिविधि में कुछ परिवर्तन आने आने की संभावना है। आसमान में बादलों और धूप की लुका-छिपी चल रही है। बुधवार सुबह से राजधानी रांची में खिली हुई धूप है लेकिन मौसम में उमस बरकरार है। यह बारिश खेती के लिहाज से तो सही नहीं है पर उमस भरी गर्मी से राहत देगी।

एक जून से 15 अगस्त तक राज्य में 658.9 एमएम सामान्य बारिश दर्ज की जाती है। पर इस बार मात्र 410.9 एमएम बारिश हुई है। बारिश की कमी 38 फीसदी है। हालांकि, अगस्त महीने की शुरूआत में हुई अच्छी बारिश के कारण कमी थोड़ी घटकर 37 फीसदी हुई थी लेकिन एक बार फिर से बारिश रुक गई है तो यह बढ़कर 38 फीसदी हो गई है। जिलों की बात करें तो सिर्फ दो ही जिले ऐसे हैं, जहां पर सामान्य बारिश दर्ज की गई है। ये जिले गोड्डा और साहिबगंज हैं। मौसम विभाग के आंकड़े बताते हैं कि रांची, धनबाद, बोकारो, रामगढ़ समेत राज्य के 20 ऐसे जिले हैं, जहां बारिश 20 फीसदी से अधिक और 60 फीसदी से कम हुई है। बाकी एक जिला चतरा है, जहां स्थिति ऐसी है कि 60 फीसदी से अधिक बारिश की कमी है।

एक नजर

पीड़ित के आश्रितों को मिलेगा मुआवजा

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में अनुशंसा समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय में हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने पीड़ित कल्याण निधि नियम 2014 के तहत कुल 54 पीड़ित के उत्तराधिकारी को मुआवजा भुगतान सर्वसम्मति से करने का निर्णय लिया। समिति के सदस्यों ने इस तथ्य पर भी जोर दिया गया कि मुआवजा पीड़ितों के आश्रितों की ओर से उचित पहचान, सत्यापन और रसीद की पुष्टि के बाद अंतरिम भुगतान के रूप में दिया जाएगा और अंतिम भुगतान का फैसला पीड़ित की रिहाई के बाद किया जाएगा। बैठक में एसएसपी किशोर कौशल , राकेश रंजन, हामिद अख्तर, जीतेन्द्र नारायण सहित अन्य उपस्थित थे।

डीसी ने जेएससीए को अमिताभ की पुण्यतिथि पर धार्मिक कार्यक्रम नहीं करने के दिए निर्देश

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत अमिताभ चौधरी की पुण्यतिथि पर बुधवार को धार्मिक अनुष्ठान नहीं करने का निर्देश दिया है। डीसी ने कहा कि जेएससीए सभी सदस्यों को सूचित करें कि प्रशासन ने हवन, पूजा सहित अन्य प्रस्तावित कार्यक्रमों पर रोक लगाया है। डीसी ने इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान और गतिविधि को अवैध बताते हुए बनारस से बुलाए गए पंडित को वापस भेजने का आदेश दिया। साथ ही डीसी ने जेएससीए में पुलिस बल के साथ एक मजिस्ट्रेट तैनात किया है। उल्लेखनीय है कि झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) में स्व. अमिताभ चौधरी की पुण्यतिथि पर बुधवार को धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होना था। उनके पुत्र अभिषेक चौधरी ने गत मंगलवार को डीसी को पत्र में लिखा था कि उनके पिता की पुण्यतिथि पर जेएससीए की ओर से हिंदू कानून और सार्वजनिक नैतिकता के सभी नियम को ताक पर रखकर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होने वाला है। उन्होंने इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग की थी।

रांची से कामाख्या और भुवनेश्वर जाने वाली ट्रेनें 22 और 29 को रहेंगी रद्द

रांची। रांची रेल मंडल से चलने वाली कुछ रेल गाड़ियों का परिचालन आने वाले कुछ समय तक प्रभावित रहेगा। इस संबंध में रेलवे बोर्ड की ओर से सूचना जारी की गयी है। इसमें बताया गया है कि पूर्व रेलवे के रामपुर हाट स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसमें ट्रेन संख्या 15662 कामाख्या रांची एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 22 अगस्त और 29 अगस्त को रांची से रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 15661 रांची कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 23 और 30 अगस्त को रद्द रहेगी। खुर्दा रोड मंडल में चल रहे विकास कार्यों की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित कुछ अन्य ट्रेनों को भी रद्द किया गया है।इसमें ट्रेन संख्या 02832 भुवनेश्वर धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 29 अगस्त तक रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 02831 धनबाद भुवनेश्वर एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 16 अगस्त से 30 अगस्त तक रद्द रहेगी।

राज्यपाल ने अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर किया नमन

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को ट्वीट करके कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया है। राज्यपाल ने बुधवार को कहा कि विश्वपटल पर एक आदर्श की प्रतिमूर्ति माने जाने वाले इस महान व्यक्तित्व ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा और मानव-कल्याण में समर्पित कर दिया। उनके आदर्श और विचार सदैव सबके लिए प्रेरणादायी है।

आयुक्त ने अनगड़ा अंचल और प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश

रांची। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने बुधवार को अनगड़ा अंचल और प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। आयुक्त ने अलग-अलग विभागों को भूमि हस्तांतरण, अतिक्रमण, संदिग्ध जमाबंदी, दाखिल-खारिज, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, विभिन्न कार्यालयों से संबंधित पत्रों एवं भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड कार्यालय में आकस्मिक अवकाश पंजी, आगत निर्गत पंजी, सूचना अधिकार पंजी, अंकेक्षण प्रतिवेदन, वाहन लॉग बुक, जनशिकायत पंजी की भी जांच की गई। इस दौरान आयुक्त ने पदाधिकारियों को अपने कार्यशैली में सुधार लाने एवं बेहतर तरीके से काम करने का दिशा-निर्देश भी दिया गया।

राज भवन में स्वागत समारोह का आयोजन

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की उपस्थिति में बुधवार को राज भवन में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं पत्नी कल्पना सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के वरीय अधिकारी, सैन्य अधिकारी, पद्म पुरस्कार से सम्मानित व समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्ति मौजूद थे।

हिनू यूनाइटेड दुर्गा पूजा समिति ने फहराया तिरंगा

रांची : विविधता में एकता को दर्शाते हुए हिनू यूनाइटेड दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस दौरान लोगों ने राष्ट्र के प्रति प्रेम एवं एकता की भावना जागृत करने का संदेश दिया। देश की आजादी के अमृतकाल पर सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर संस्था के सदस्य अरविंद कुमार उपाध्याय, विनोद प्रधान, सुबोध सिंह गुड्डू, आलोक रंजन श्रीवास्तव, राकेश सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए।

वाम तारानगर में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

रांची : रांची के वाम तारानगर में भाजपा ओबीसी मोर्चा सुखदेव नगर मंडल के मंत्री करण कर्मकार की अध्यक्षता में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 34 के पूर्व पार्षद विनोद सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल करने में वाम तारानगर निवासियों के साथ-साथ बुधेशर, सुनील विश्वकर्मा, राहुल कर्मकार, रुद्र नारायण, अनिल दास, गौतम पाठक, अर्जुन दास, सूरज कर्मकार, सुभाष चौरासिया, विकास, सरवन, सुरेश वर्मा, अन्नपूर्णा देवी, किरण, सीता सिंह, सोनी, मेरा, पूजा एवं पूरे मोहल्लेवासियों का विशेष योगदान रहा।

रातू में शान से लहराया तिरंगा

नवप्रदेश संवाददाता

रातू। रातू तथा आसपास के क्षेत्रो में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख संगीता तिर्की, रातू थाना में थाना प्रभारी सपन महथा,सीएचसी रातू में आईएस होरो, पुरियो में ज्योति देवी,फुटकलटोली में प्रभा तिर्की,अगडु में परिना कच्छप,रातू पुर्वी मे सुषमा तिर्की, अलकमर कॉलोनी में कमरुल हक,जैनेंद्र पारा मेडिकल कॉलेज बिजूलिया मे निदेशक प्रियांशु कुमर ,कृषक उच्च विद्यालय गडरी गुडू में प्राचार्या सीमा कुमारी, मादी हॉस्पिटल में डा. दिनकर मिंज, गुरु गोबिन्द सिंह पब्लिक स्कूल कमड़े में अध्यक्ष रंजीत सिंह हैप्पी,हुरहुरी में कमल खलखो,एसएनएल रातू में केकेपी सिन्हा,काठीटांड चौक में अरविंद पांडेय,रातू राज में संजय झा,हेहल स्कूल में तरूण शाहदेव,बाल संजीवनी एजुकेशन ब्रीज में सुदर्शन प्रसाद,दयानंद आर्यन विद्या पब्लिक स्कूल संडे मार्केट में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ठाकुर,आमटांड में सुनीता देवी,डीएवी प्राइड में आरएच कादरी,रिलायबल टाटा मोटर्स में राकेश शर्मा,समर्पण दीप बीएड कॉलेज में चेयरमेन अभिषेक सिंह,तालाब मैदान में आजसू हटिया विधानसभा प्रभारी भरत कांसी ने झंडोत्तोलन किया।

20 किमी तिरंगा यात्रा में हजारो लोग शामिल -स्वतंत्रता दिवस पर रातू कमड़े से 20 किलोमीटर की भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। राँची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत व आजसु के हटिया विधानसभा प्रभारी भरत कांसी के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा में हजारो लोग हाथ मे राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए।तिरंगा यात्रा मे बूढ़े,महिला, बच्चो के अलावा हजारो की संख्या में युवा शामिल थे। जिप अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा कि हमारे देश की शान तिरंगा है, और इस साल हमारा देश स्वतंत्रता दिवस के 77वां वर्षगांठ मना रहा है। हम इस वर्षगांठ को तिरंगा यात्रा के तौर पर मना रहे हैं।स्वतंत्रता दिवस के 77वां वर्षगांठ पर हम रातू कमड़े से पंडरा व पंडरा से रातु फन कैसल पार्क व पुनः कमड़े तक 20 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा निकाले है।

गुरू गोबिंद सिंह स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम - गुरू गोबिंद सिंह स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत शबद और अरदास के साथ की गई।इसके बाद स्कूल की छात्राओ ने देशभक्ति पर आधारित कई कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगो को अभिभुत कर दिया।छात्रो ने जलियांवाला बाग की घटना का नाटय रूपातंर कर सरदार उधम सिंह को याद किया।

आजसू के फुटबॉल टूर्नामेंट में खोपी सरना की टीम बनी चैम्पियन

अनगड़ा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मंगलवार को फाइनल मुकाबले में खोपी सरना उच्च विद्यालय की टीम ने मुंडा ब्रदर्स सरना ढीपा को 1-0 से पराजित कर चैम्पियन बनी। अनगड़ा और अश्वबेड़ा की टीम को सां त्वना पुरस्कार दिया गया मुख्य आतिथि आजसू सुप्रीमो सह सिल्ली विधायक श्री सुदेश कुमार महतो ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। पूर्व में आदिवासी दिवस के मौके पर मैराथन दौड़ में सफल प्रतिभागियों को भी उन्होने पुरस्कृत किया। मौके पर अनगड़ा पूर्वी जिला परिषद राजेन्द्र शाही मुंडा, शंकर बेदिया,दिलीप बेदिया, बिरेन्द्र मुंडा , टाटी पूर्वी के पंचायत समिति सदस्य सुधु बेदिया, सुरसु मुखिया सुमित्रा देवी, महिला प्रखंड अध्यक्ष घासनी देवी , बबलू अंसारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष अमर सिंह मुंडा, बिक्रम ठाकुर,श्याम सुंदर बेदिया,सूरज मुंडा,बिपिन मुंडा,दीनदयाल बेदिया, बुद्धेश्वर मुंडा आदि उपस्थित थे।

शुभवार से सुभिक्ष स्नानदान हेतु पुण्य अमावस्या का पर्व मनाया

रांची/नवप्रदेश : 16 अगस्त बुधवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरूपति बालाजी) मंदिर में पुरुषोत्तमी अमावस्या के शुभ तिथि, शुभवार और शुभ योग में प्रजा के सुख और सुभिक्ष के लिये तथा मनुष्यों को सदैव मोक्ष प्रदान कराने की कामना से वेद के ॠचाओं के उच्चारण करते हुए विविध प्रकार से पूजा हुआ। सौ जन्मों के पापों को तत्काल नष्ट करने वाला घंटा का नाद करते हुए शंख, चक्र गदा और पद्मधारी श्रीविष्णु बालाजी का एक-एक पूजा क्रम हुआ। विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम और मंगलाशासन के बाद गरुड़ चिन्ह से युक्त घण्टा हाथ में लेकर धूप, दीप, पुष्प, तुलसीदल, कुंकुम और जल आदि से षोड्षोपचार तिरूवाराधना की गई। भगवान का यह पोडषोपचार पूजा के प्रत्येक उपचार में घण्टा बजाने के बदले सौ-सौ चान्द्रायण से प्राप्त होनेवाला फल को पाता है।

पितरों के उद्धार तथा जीवित जीवों के कल्याण के हेतु से भांति-भांति उपचार पूर्वक पूजा-अर्चना की गई। भगवान् को कर्पूरवासित गंगाजल से आचमन कराकर मुकुट और आभूषण आदि समर्पित करके छत्र, चंवर, व्यजन और दर्पण आदि भेंट किया। नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती हुई। सूजी हलवा, फल, मेवा का नैवैध भोग लगा। फिर वेद, उपनिषद् तथा देशिक स्वामी विरचीत स्तोत्रों से स्तवन हुआ। आम भक्तों के लिए प्रातः सात बजते ही मन्दिर के बाहरी कपाट को खोल दिये गये। पट् खुलते ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी अपने -अपने मनोरथों के लिए पूजा अर्चना करायी। अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य एवं नारायण दास से सभी अनुष्ठान विधिवत संपन्न कराय। इसमें रामअवतार नारसरिया, राजेश सुल्तानियां, जगमोहन नारसरिया, प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह, सुशील लोहिया, पिन्टू कुमार, रीना अग्रवाल, विमला देवी, अच्युत आनंद आदि सैकड़ों भक्तों का सहयोग रहा।

अवर सचिव के निधन पर कृषि मंत्री ने जताया शोक

स्वर्गीय रामबली मांझी का निधन विभाग के लिए अपूरणीय क्षति : बादल

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग में कार्यरत अवर सचिव श्री रामबली मांझी के आकस्मिक निधन पर नेपाल हाउस स्थित विभागीय सभागार में शोक सभा की गई। शोक सभा में अवर सचिव श्री रामबली मांझी की तस्वीर पर पुष्पांजलि समर्पित करते हुए कृषि मंत्री श्री बादल ने कहा कि हमने एक मिलनसार व्यक्तित्व के धनी पदाधिकारी को खोया है। उनके निधन से विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में विभाग उनके परिवार के साथ है। उन्होंने विभाग को करीब 9 वर्षों तक सेवा दी है। श्री बादल ने कहा कि विभाग की ओर से जो भी व्यवस्थाएं हैं, उसका पूरा लाभ उनके परिजनों अथवा आश्रितों को दिया जाएगा। विभागीय सचिव श्री अबू बकर सिद्दीकी ने कहा की श्री रामबली मांझी एक कर्मठ व्यक्ति थे। अपने काम को वह पूरी संजीदगी के साथ किया करते थे। शोक सभा में उनके निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया तथा उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

बाल कांवड़ यात्रा का मुख्य आकर्षण शिव-पार्वती की जीवंत झाँकी होगी

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर का बाल कांवड़ यात्रा को ले कर महत्वपूर्ण बैठक महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू की अध्यक्षता में पहाड़ी मंदिर प्रांगण में हुई। 20 अगस्त को होने वाले बाल कांवड़ यात्रा को ले कर चर्चा हुई। पूरे देश में भोलेनाथ के अनोखे भक्तों के द्वारा पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक किया जाएगा। पंजीकृत सभी बच्चों का ड्रेस एवं कांवड़ और पूजा सामग्री, दूध, नास्ता, फूल, लोटा महासमिति के तरफ से 18-08-2023 दिन शुक्रवार दोपहर 2 बजे से पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार पर दिया जाएगा, जिसमें शिव - पार्वती के स्वरूप होंगे, ढोल-ताशा एवं डीजे धुन पर मनमोहक दृश्यों के साथ कांवड़ यात्रा निकलेगा। यह 20 अगस्त दिन रविवार को निकाला जाएगा, जिसमें रांची शहर एवं आसपास के जिलों से 3 साल से 11 साल तक के बच्चे बाल कांवड़ यात्र लेकर पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक करेंगे।

ये सभी बाल शिव कांवरिया नक्षत्र वन से जल उठाकर पैदल पहाड़ी मंदिर आएंगे और भगवान शिव पर जलाभिषेक करेंगे। इस तरह का आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति बच्चो को जागरूक करना हैं। इस आयोजन में शहर के बहुत सारे गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में मुख्यरूप से राजेश साहू, दीपक नंदा, बादल सिंह, दिलीप गुप्ता, गुलशन मिढा, गगन कुमार, मुरारी लाल मंगल, संजय कुमार, अमृत रमन, अर्चना मिर्धा, संजना शर्मा, संगीत पांडेय, प्रिया पांडेय, नेहा सिंह, भवना प्रिया, रंजीता पांडेय, मनु चौधरी, हर्ष आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

शॉप टू शॉप, व्यापार और व्यापारियों के लिए आदित्य विक्रम आपके द्वार

नवप्रदेश/ राँची। झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने सोमवार को शॉप टू शॉप आदित्य विक्रम आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राजधानी के कुछ व्यापारियों से मिले तथा व्यापार में हो रहे उनके समस्याओं से अवगत हुए।

राजधानी के व्यापारियों ने आदित्य विक्रम को बताया कि सुबह 5:00 से 7:00 बजे तक व्यापारियों के मालवाहक गाड़ियों को खड़ा करने के लिए स्लैब देना चाहिए। 500 गोडाउन है इस क्षेत्र में ,इन सब चीजों को म्युनिसिपल कॉरपोरेशन को देखना चाहिए एवं ट्रैफिक पुलिसों के द्वारा व्यापारियों से अवैध वसूली न किया जाए

लालजी हिरजी रोड एवं ओल्ड कमिश्नर कंपाउंड में 20 सालों से रोड अभी तक विकसित नहीं हुआ है एवं इस क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की काफी आवश्यकता है

क्षेत्र में 10 बैंक है । पेट्रोलिंग की आवश्यकता बहुत है दिन में भी और शाम-रात में भी एवं इस क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का काफी बोलबाला है।

झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा शॉप टू शॉप आदित्य विक्रम आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कुछ व्यापारियों से मिला जिसमें कुछ चीजें लाइसेंस की मैटर की थी एवं म्युनिसिपल कॉरपोरेशन रिलेटेड सभी चीजें होल्ड हो जाती है ऐसा व्यापारियों से सुनने को मिला एवं यह चीजे तुरंत नहीं हो पाती है उसको आसान करना चाहिए। इस क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का भी काफी बोलबाला है जिसको प्रशासन को देखना चाहिए यहां लगातार गस्ती होनी चाहिए एवं व्यापारियों के माल वाहक गाड़ियों के लिए एक टाइम स्लैब बनना चाहिए जिससे व्यापारी अपनी चीजों को समय पर गोदाम तक पहुंचा सके ।

इसके पश्चात आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि इस क्षेत्र में सरकार को प्रयास करना चाहिए कि बड़ा तालाब के पास कम से कम मल्टी लेवल पार्किंग बनाया जाए ताकि लोगो को सुविधा मिल सके।और जो निकल कर आया है ट्रेड आर्बिटेशन बॉडी बनना चाहिए जिसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर बात रखा जाएगा।

नरेश अग्रवाल ने कहा कि एक-एक कर व्यापारियों से मिलना एवं उन्हें हो रही तकलीफों के बारे में जानना और उसका निदान करना बहुत ही सराहनीय कदम है हम सब मिलकर एक-एक कर शॉप टू शॉप जाकर व्यापारियों का समस्या जानेंगे और आदित्य विक्रम जयसवाल के साथ मिलकर इसका निदान किया जाएगा और हम सब मिलकर एक साथ मजबूत और समृद्ध झारखंड बनाने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नरेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, सिद्धार्थ चौधरी, विवेक धान आदि लोग मौजूद थे।

बेड़ो में 77वें स्वतंत्रता दिवस पर किया गया ध्वजारोहण

नवप्रदेश संवाददाता

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 77 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों समेत प्रखंड के सभी स्कुलों में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए ध्वजारोहण किया गया। जहां प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख, तहसील कचहरी व सब्जी मंडी में अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय,पुलिस निरीक्षक कार्यालय व थाना परिसर में थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम पंचायत सचिवालय में मुखिया सुशांति भगत,एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय में हेंरिता मिंज प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डा सुमित्रा कुमारी, राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में प्रधानाध्यापिका नीलम सिंह, व राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में विजेंद्र कुमार चौबे, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में बीडीओ डा प्रवीण कुमार बेड़ो लैम्पस में जगरनाथ भगत डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में संस्थापक विष्णु महतो आदर्श विद्या मंदिर मुरतो में निदेशक अभिजीत कुमार राज विद्या मंदिर में सचिव वाणी कुमार राय समेत प्रखंड के कई शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। इधर बीडीओ व सीओ पद्मश्री सिमोन उरांव से अंग वस्त्र ओढ़ाकर व तिरंगा झंडा देकर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

खूंटी उपकारा में जेल अदालत एवं कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित

खूंटी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंगलवार को खूंटी उपकारा में जेल अदालत एवं कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में कुल पांच कैदियों के मामलों पर विचार किया गया तथा उपस्थित कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, डालसा सचिव मनोरंजन कुमार, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी, डालसा के सहायक अवनीश भरद्वाज, पैनल अधिवक्तागण, डालसा के पीएलवी और एवं उपकारा के कारा अधीक्षक उपस्थित थे।

बेड़ो में खुखड़ी की सब्जी खाने से पति, पत्नी और पुत्र बीमार, रिम्स रेफर

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड के कुदारखो गांव में मंगलवार की रात खुखड़ी की सब्जी खाने से एक ही परिवार के दंपति और एक पुत्र गंभीर रूप से बीमार हो गए। परिजनों ने आशंका जताया है कि खुखड़ी जहरीला होगा। जिससे यह घटना हुई। बीमार लोगों में पति 47 वर्षीय जयमन तिर्की,41 वषीर्या पत्नी बलमदीना तिर्की और 19 वर्षीय पुत्र अनिल तिर्की का नाम शामिल है। वहीं घर के दूसरे लोगों में क्रमशः जयमन तिर्की के दो पुत्र सुनील तिर्की व प्रांसीस तिर्की,एक पुत्री पिंकी तिर्की तथा करीब तीन साल की एक अन्य पुत्री जिसका अबतक नामकरण नहीं हुआ है, इन्होंने रात में खुखड़ी का सेवन नहीं किया था। जिससे ये सभी बीमार नहीं हुए। वहीं इस बात की जानकारी परिवार के सदस्यों को तब हुई जब सुबह होने के बाद बहुत देर तक परिवार के तीन सदस्य दंपति समेत एक पुत्र नहीं उठे। इस दौरान पुत्र अनिल तिर्की को उल्टी हो रही थी। वहीं परिवार के सदस्यों ने इसकी सूचना आसपास के लोगों को दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने बीमार लोगों को उपचार के लिए सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ अर्चना प्रिया ने उपचार के बाद बीमारी से आक्रांत तीनों पति जयमन तिर्की,पत्नी बलमदीना तिर्की और पुत्र अनिल तिर्की को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर बीमार लोगों के परिजनों ने बताया कि मंगलवार की शाम कुदारखो गांव के लिपटस पेड़ के आसपास से इन्होंने खुखड़ी चुनकर जमा किया था। साथ ही रात को खुखड़ी की सब्जी बनाकर खाया और सो गए। खुखड़ी का सब्जी खाने वाले सभी लोगों की हालत बिगड़ी और वे बीमार हो गए। केवल वही इससे बचे रहे जिन्होंने इसका सेवन नहीं किया। परिजनों ने आशंका व्यक्त किया है कि यह खुखड़ी जहरीला होगा। जिससे यह घटना हुई।

एक नजर

स्वतंत्रता दिवस पर रुणा शुक्ला ने ध्वजारोहण के साथ किया सेवा कार्य

नवप्रदेश/रांची। स्व-तंत्र बड़ा ही खुबसूरत शब्द है। जिसने स्व का तंत्र पाया, वह है स्वतंत्र। पर देश ने आजादी के 76 वर्ष पूरे करके आजादी के 77वें वर्ष में प्रवेश करने के बावजूद भी एक बड़ी आबादी परतंत्र की तरह जिंदगी जीने पर विवश है। सरकार से लेकर सामर्थ वान लोगो को तन,मन और धन से प्रयास करना होगा कि देश का हर नागरिक स्वतंत्रता शब्द को नेताओं की भाषण में सिर्फ सुने नहीं बल्कि अपनी स्वतंत्रता को महसूस भी करे. ऐसे विचार रखते हुए समाजसेवी सह अधिवक्ता रुणा मिश्रा शुक्ला ने 15 अगस्त मंगलवार को नामकुम, रांची स्थित बाल्मीकि आवास में देश के 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के साथ बच्चों को आज के दिवस के महत्व को बताया और लड्डू का वितरण किया। कार्यक्रम में वाल्मीकि आवास के बच्चों के द्वारा बहुत ही प्यारा देश भक्ति गीत एवं कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सीमित संसाधनों के बावजूद वहां के लोगों के द्वारा बहुत ही अच्छा कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर रुणा शुक्ला के द्वारा सामुदायिक भवन में पढ़ने वाले सभी बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर आद्रिका, विरेंद्र एवं कई अन्य लोग मौजूद थे।

स्वतंत्रता दिवस पर इंदरजीत सिंह ने विभिन्न स्थानों में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रमों में भाग लिया



नवप्रदेश/रांची। 15 अगस्त मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर कांग्रेस युवा नेता, एनएसयुआई के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश वाईस चेयरमैन एवं असंगठित कामगार एव कर्मचारी कांग्रेस, झारखंड के इंदरजीत सिंह ने आज एसएस मॉडर्न स्कूल,न्यासराय एव हटिया रेलवे कॉलोनी इंदिरा चौक पर झंडोत्तोलन किया। साथ ही साथ प्रदेश कांग्रेस भवन रांची, जगरनाथपुर थाना, हटिया जनता चौक, दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस, हटिया शाखा, रेलवे रिटायर्ड यूनियन के विभिन्न कार्यक्रमों में उपस्थित हुए। इंदरजीत सिंह ने कहा कि वर्ष साल 15 अगस्त को देश अपना 77वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। ये दिन भारत के गौरवशाली इतिहास के सबसे बड़े दिनों में से एक हैं। ये दिन हर भारतवासी के लिए बेहद खास है। यह दिन भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का है। आज हमें अपने पूर्वजों की वीरता और बलिदान की याद आती है। इस ऐतिहासिक अवसर पर, आइए याद रखें कि स्वतंत्रता एक अनमोल उपहार है जो जिम्मेदारियों के साथ आती है। हमें एकता, विविधता और प्रगति के उन मूल्यों को कायम रखना चाहिए जिनके लिए हमारा देश खड़ा है।

जामिया राहीमिया उर्दू विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्ष उल्लास के साथ मना

रांची : जामिया राहीमिया उर्दू विद्यालय जगरनाथपुर नयासराय में स्वतंत्रता दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इकराम उल हसन साहब आए और उनके द्वारा झंडोत्तोलन किया गया । विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा कई सारे सांस्कृतिक कार्यक्रम और देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए, जिन्हें मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि तथा दर्शक गण के द्वारा काफी सराहा गया। मुख्य अतिथि इकरामुल हसन साहब ने विद्यालय के विकास के लिए जो संभव हो सके कोशिश करने का आश्वासन दिया। इस पावन अवसर पर नयासराय अंजुमन कमेटी के सेक्रेटरी जनाब नौशाद अंसारी, सदर जनाब फिरोज अंसारी, जनाब सनीफ अंसारी, जनाब नईम अंसारी, शहजहां अंसारी, आफताब आलम, मोख्तार अंसारी तथा गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

सिकिदिरी में भी किया गया ध्वजारोहण

सिकिदिरी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना कार्यालय में परियोजना प्रबंधक विनय अंगिरा,सिकिदिरी थाना में थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि, महिला उत्पीड़न विरोधी एवं विकास समिति किशोरगंज में अध्यक्ष लक्ष्मी गोप, मां शारदा उच्च विद्यालय में फाल्गुनी शाही,एलएमसी उवि में निदेशक जहीर खान,जनकल्याण समर्पण संस्थान में अध्यक्ष सुजीत कुमार सोनी,उर्दू मवि कुटे में पंसस अमीर हमजा अंसारी,संत एमवाई उवि में प्राचार्य विनीता टोप्पो,मेरी गोल्ड पब्लिक स्कूल सांडी में प्राचार्य संध्या कालेन मिंज,कुटे पंचायत सचिवालय में उपमुखिया नाजरीन परवीन,हरातू पंचायत सचिवालय में मुखिया राजेंद्र बेदिया ने ध्वजारोहण किया।

अनगड़ा में शान से लहराया तिरंगा

अनगड़ा। अनगड़ा प्रखंड के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में 77वां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ध्वजारोहण किया गया। अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव, पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली के कार्यालय अनगड़ा व थाना परिसर में अनगड़ा थाना प्रभारी नवीन कुमार, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में बीडीओ उत्तम प्रसाद, जशपुरिया बीएड कालेज बीसा में संस्थापक जैलेन्द्र कुमार, सिकिदिरी थाना परिसर में थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि, उषा मार्टिन विवि अनगड़ा में प्रो. एएसी गर्ग, मां शारदा प्लस टू स्कूल गेतलसूद में जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, जेडी नेशनल बीएड कालेज हाहे में सचिव जेडी सिंह, सीआईटी में अभिषेक सिंह, जन कल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी में अध्यक्ष सुजीत कुमार, सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग में सचिव डा. कुमुद कला मेहता, प्लस टू हाई स्कूल चिलदाग में प्रिंसिपल संगीता रवि, शालिनी अस्पताल अनगड़ा में पूर्व उपप्रमुख अनवर खान, बलदेव चिल्ड्रेन एकेडमी लुपुंग में संयुक्त रूप से समाजसेवी नीलकंठ चौधरी व लुपूंग पंचायत मुखिया शांति देवी, हिल व्यू सहैदा में निदेशक जुल्फान अंसारी, जलविद्युत परियोजना कार्यालय सिकिदिरी में प्रोजेक्ट मैनेजर विनय अंगिरा, सिरका पंचायत सचिवालय में मुखिया रौशनलाल मुण्डा, टाटी पंचायत सचिवालय में मुखिया रामानंद बेदिया, गेतलसूद पंचायत सचिवालय में मुखिया शांति मुण्डा, नवागढ़ पंचायत सचिवालय में मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, कुच्चू पंचायत में मुखिया सहदेव बेदिया, हरातू पंचायत में मुखिया राजेन्द्र बेदिया, आरटीसी स्कूल अनगड़ा में प्रिंसिपल नरेन्द्र नाथ महतो ने ध्वजारोहण किया।

कुटे मुखिया का निधन, पंचायत में शोक की लहर

अनगड़ा। कुटे पंचायत की मुखिया बालमती देवी(40वर्ष) का मंगलवार को रिम्स में ईलाज के दौरान निधन हो गया। सोमवार को पेट में दर्द की शिकायत के बाद उन्हे विकास नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। वहां से बेहतर ईलाज के लिए उन्हे रिम्स रेफर कर दिया गया था। उनके आकस्मिक निधन की खबर फैलते ही पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई। उनका शव पहुंचते ही पंचायत के लोगों के अतिरिक्त अन्य परिचितों की भीड़ उनके कुटे स्थित आवास में जमा होने लगी। उनके निधन पर ओरमंझी प्रमुख अनुपमा देवी,उप प्रमुख रिजवान अंसारी,पंचायत समिति सदस्य आमीर हमजा अंसारी,पूर्व उप प्रमुख मुंतजीर अहमद रजा, नाजरिन परवीन तुलसी खारवार,रमेश उरांव,मुस्लिम फैजी,खलिक खान,नजीर खान,पूर्व मुखिया सुनीता देवी आदि ने शोक व्यक्त किया है।

2024 के लोकसभा चुनाव में 40 की 40 सीटें जीतेगा आईएनडीआईए : अखिलेश सिंह

बिहार कांग्रेस ने युवाओं को जोड़ने के लिए रथ को किया रवाना

पटना। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार को 2024 के लोकसभा चुनाव में शिकस्त देने और देश के विपक्षी दलों के नए गठबंधन आईएनडीआईए को युवाओं का पूरा समर्थन दिलवाने के लिए बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह और शकील अहमद ने बुधवार को कांग्रेस कार्यालय से रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के जरिए कांग्रेस युवाओं से 'वोट फॉर इंडिया' की मांग करेगी। रथ रवाना करने के बाद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बिहार में आईएनडीआईए को 2024 के लोकसभा चुनाव में 40 के 40 सीट पर जीत मिलेगी। हम इस अभियान को सफल बनाना चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि हम भाजपा को जीरो पर आउट कर देंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में बेरोजगारी बढ़ रही है। भारत में बेरोजगारी दर 7.8 प्रतिशत है जो पाकिस्तान और बंगलादेश में भी नहीं है। महंगाई के चलते लोगों की थाली से सब्जी गायब है। मोदी राज में सब कुछ गायब हो रहा है। इस अभियान के तहत जनता को इन सभी बातों से अवगत कराया जायेगा। मंत्रिमंडल और संगठन विस्तार पर उन्होंने कहा कि मलमास के कारण विस्तार नहीं हो पा रहा है जबकि तैयारी पूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि 15 अगस्त पर प्रधानमंत्री शायद अपने घर पर झंडा फहराने की बात कर रहे थे। सभी जानते हैं कि हर पांच साल पर चुनाव होता है, जनता जिसे प्रधानमंत्री बनाती है वही बनते हैं। ऐसे में जब पीएम यह बात बोल रहे हैं तो जरूर अपने घर पर झंडा फहराने की बात कर रहे होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त के अपने संबोधन में कहा था कि अगले साल भी लाल किला पर वही झंडा फहराएंगे, जिसे लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने तंज कसा।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह

शहीद गौतम कुमार का पार्थिव शरीर पैतृक गांव रंडाडीह में पहुंचने पर माहौल हुआ गमगीन

नवप्रदेश प्रतिनिधि आरा। शाहपुर के रंडाडीह गांव के एसटीएफ के शहीद जवान गौतम कुमार का पार्थिव शरीर बुधवार की सुबह उनके पैतृक गांव पहुंचा। पार्थिव शरीर पहुंचते ही पूरा माहौल गमगीन हो गया। शहीद जवान के दर्शन व पुष्पांजलि देने के लिए पुरुष महिलाओं की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। वही बिहिया चौरस्ता से लेकर उनके घर तक लोगों ने बाइक से पार्थिव शरीर के पीछे पीछे रंडाडीह गांव तक पहुंचे जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान शहीद के माता एवं छोटे भाई और बहन का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। इस दौरान हर एक की आंखें नम दिख रही थी। पुष्पांजलि अर्पित करने वाले में शाहपुर विधायक राहुल तिवारी, भोजपुर जिला पारिषद अध्यक्ष आशा देवी, एसडीपीओ राजीव चन्द्र सिंह, बिहिया इन्स्पेक्टर कमलेश्वर कुमार सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष बलिराम यादव, मुखिया बिरबल सिंह, शिक्षक बिजया कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

जब तक सूरज चांद रहेगा गौतम तेरा नाम रहेगा कि लगे नारे

जैसे ही शहिद का शव उनके पैतृक गांव में हजारों की संख्या में जुटी भीड़ ने जब तक सूरज चांद रहेगा तब तक गौतम तेरा नाम रहेगा के नारों से गुंजायमान हो गया। वहीं शहीद जवान को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई ।इस दौरान झारखंड पुलिस बल के एसटीएफ इंस्पेक्टर रोहित कुमार, एसआई अशोक खलको, जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, इंस्पेक्टर कामेश्वर सिंह, शाहपुर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ,एएसआई राजेंद्र सिंह सहित अन्य पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देखकर अंतिम विदाई दी। बक्सर के चरित्रवन घाट पर थोप के सलामी के बाद जवान के छोटे भाई मोहित कुमार ने मुखाग्नि दी।पंच तत्व में बिलिन हो ग्ऐ। सिधंभूमि जिले के तुम्बा जंगल में नक्सलियों के सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों व नक्सलियों के बीच हुई थी मुठभेड झारखंड के सिंहभूम जिले तुंबा जंगलों में सुरक्षाबलों के सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में एसटीएफ के दारोगा अमीत कुमार, तथा हवलदार गौतम कुमार की मौत हो गई थी। दारोगा पलामू जिले के रहने वाले थे, जबकि हवलदार शाहपुर थाना क्षेत्र के रंडाडीह गांव के बताये जाते हैं। हवलदार गौतम कुमार की नौकरी पिता स्व ज्वाला पासवान के गंभीर बिमारी के कारण हुई मौत के बाद अनुकंपा पर लगी थी। स्व ज्वाला पासवान वर्ष 2013 में मृत्यु हुई थी, जबकि नौकरी दो वर्ष बाद 2015 गौतम कुमार को एसटीएफ जवान के पद पर रामगढ़ बालगृह में नौकरी मिली थी। मालूम हो कि मंगलवार को जब शहीद गौतम कुमार के मुठभेड़ में शहीद होने की सूचना जब परिजनों व गांव में मिली तो कोहराम मच गया। जबकि गांव में मतामी सन्नाटा पसर रहा था। जैसा कि बताया जाता है कि पूर्व में तुम्बा जंगल में सुरक्षा बलो तथा नक्सलियों के बीच मुठभेड हुई थी, जिसको लेकर सोमवार की रात से सर्च अभियान चल रहा था कि इसी बीच नक्सलियों ने सुरक्षा बल को निशाना बनाकर मौत के घाट उतार दिया। गौतम कुमार की पोस्टिंग झारखंड के जगुआरा में एसटीएफ के हवलदार के पद पर कार्यरत थे।

स्वतंत्रता दिवस पर डीडीयू मंडल रेल प्रबंधक ने फहराया तिरंगा



नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। देश की आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए 77वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पूर्व मध्य रेल, पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्रात राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया गया। तदुपरांत राष्ट्रगान गाया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा रेलवे सुरक्षा बल की पलटन का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा अपने संबोधन में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल की विभिन्न उपलब्धियों का विभागवार संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने रेलकर्मियों एवं उनके परिवारजनों सहित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दीं। तथा कहा कि सासाराम-आरा सेक्शन में 18अदद् ओआरएन-2 पुलों का पुनर्निर्माण कार्य सहित वर्ष 2023में कार्मिक विभाग ने 589 कर्मचारीयों को पदोन्नति एव 155 कर्मचारीयों को वित्तीय उन्नयन का लाभ दिया। समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार, वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी सुरजीत सिंह, वरीय मंडल संकेत एंव दूरसंचार अभियंता राजेश कुमार कुशवाहा, आरपीएफ कमांडेंट जतिन बी राज, वरीय मंडल अभियंता वारिज नयन, विकेश कुमार,संगठन की अध्यक्षा एवं सदस्याएँ, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी, बड़ी संख्या में रेलकर्मी व आमजन मौजूद रहे।

फुटबॉल मैच में नोखा ने बक्सर को पराजित किय

नवप्रदेश प्रतिनिधि नोखा (रोहतास)। नोखा बाजार समिति के मैदान में नोखा और बक्सर के बीच फुटबॉल मैच खेला गया। जिनमें की नोखा ने बक्सर को ट्राई ब्रेकर में पराजित करके विजेता बना। इसका उद्घाटन नगर परिषद के उप मुख्य पार्षद धनजी से ने किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक चौधरी, श्याम लाल सिंह ने किया। मैच का आयोजन राजू तिवारी, अजीत कुमार ,व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार, ओम प्रकाश चौधरी, विजय पटेल ने किया। दोनों टीमें अंत तक एक एक गोल से बराबर रहने के बाद ट्राईब्रेकर का निर्णय लिया गया। 5 -5 गोल से दोनों टीम बराबर रहने के आगे पेनेल्टी मारा गया।

आन बान शान से लहराया गया तिरंगा

नवप्रदेश प्रतिनिधि संझौली। भारत माता की जय, वंदे मातरम, शाहिद भगत सिंह अमर रहे, इत्यादि नारों के साथ 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड सहित निकटवर्ती क्षेत्रों में आन बान शान से फहराया गया तिरंगा. प्रखंड परिसर में प्रखंड प्रमुख समीरचंद, थाना परिसर में थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार, बीआरसी परिसर व महादलित टोला वार्ड नंबर दो में प्रखंड विकास पदाधिकारी सैयद सरफराजुद्दीन अहमद, महादलित टोला कैथी गांव में सीओ शिबू, गौरी शंकर उच्च विद्यालय में प्रधान शिक्षक सुरेंद्र सिंह, कुर्मी क्षत्रिय उच्च विद्यालय में प्रधान शिक्षक संतोष कुमार मंगलम व मध्य विद्यालय संझौली में प्रधान शिक्षक सुनील कुमार, अमेठी पंचायत भवन पर मुखिया चंद्रहास कुमार, पैक्स कार्यालय मंझौली में पैक्स अध्यक्ष दिनेश सिंह, पीएनबी बैंक संझौली परिसर में शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार, उच्च माध्यमिक विद्यालय कैथी में प्रधान शिक्षिका शशि रानी, सेभ इंडिया मिशन स्कूल के डायरेक्टर प्रीति वाला नायक, संझौली पंचायत भवन परिसर में मुखिया कमला देवी, पैक्स कार्यालय संझौली में पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पंचायत भवन करणी में मुखिया सुभाष चंद्रा ने तिरंगा फहराया, वही निकटवर्ती बेनसागर पंचायत भवन पर मुखिया अनिल कुमार सिंह, पैक्स कार्यालय बेनसागर परिसर में पैक्स अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने तिरंगा लहराया।

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय में धार्मिक झंडा प्रदर्शन करने वाले को पुलिस ने की गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि पश्चिमी चम्पारण। बेतिया पुलिस अधीक्षक ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि 15 अगस्त 2023 को मझौलिया थाना अंतर्गत ग्राम लाल सरैया में कुछ समुदाय विशेष के लड़को द्वारा धार्मिक झंडा ले जाते हुए देखे जाने की सुचना प्राप्त हुई। इस सुचना पर मझौलिया थानाध्यक्ष द्वारा ग्राम लाल ,सरैया में जा कर जाँच की गई। जांचोपरांत मझौलिया थानाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि आज सुबह 9:00 बजे उच्च विद्यालय, लाल सरैया के प्राचार्य द्वारा अपने विद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। करीब 15 मिनट बाद कुछ समुदाय विशेष के लड़को द्वारा मोहर्रम का धार्मिक झंडा को विद्यालय प्रागण में ले जाने की कोशिश की गई जिसका विद्यालय के शिक्षकों एवं स्थानीय लोगो द्वारा विरोध किया गया। वहाँ पर उपस्थित लोगो द्वारा पुलिस को सूचना देने की बात पर सभी लड़के वहा से भागने लगे। भागने के क्रम में एक लड़के को मोहर्रम के तीन धार्मिक झंडे के साथ मझौलिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। जिससे पुलिस द्वारा पूछ ताछ की जा रही है।वही पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि स्थिति सामान्य है। और अफवाह पर ध्यान नहीं दे। लेकिन बुद्धिजीवी आम जनता का कहना है कि इस वतन को क्या हो रहा है युवा कैसे भटक रहे है आखिर इसके पीछे किसकी मानसिकता है कि स्वतंत्रता दिवस पर किसी ने चांद तारा का धार्मिक झंडा फहराने की कोशिश की क्या यह उचित नहीं समझा की राष्ट्रीय तिरंगा पूरे भारत वासियों की गौरव की बात और जो आम जनता के साथ सरहद पर रहने वाले वीर जवानों की प्राणों से भी ज्यादा प्यारा है।

प्रखंड क्षेत्र में आन बान शान से लहराया तिरंगा

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। प्रखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानो में 77 वें स्वतंत्रता दिवस पूरे आन बान शान के मनाया गया.इस अवसर पर सर्वप्रथम झंडोत्तोलन गांधी स्मारक पर कांग्रेसी नेता लखीचंद राम, प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर प्रमुख मीना देवी, बीआरसी पर सीओ अनिल प्रसाद सिंह, सूर्यपुरा पंचायत भवन पर मुखिया प्रमोद कुमार, थाना परिसर में थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी, बलिहार पैक्स पर अध्यक्ष रामप्रसाद सिंह, शिवोबहार पैक्स पर अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पांडेय, अगरेड़कला पंचायत सरकार भवन पर पूर्व मुखिया जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में श्री राम, बलिहार पंचायत भवन पर मुखिया रणजीत कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह, राज राजेश्वरी प्लस टू उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पर प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव कुमार उप डाक घर पर सहायक पोस्टमास्टर ने तिरंगा फहराया वहीं सूर्यपुरा गांधी स्मारक के निर्माण कर्ता स्वतंत्रता सेनानी सुबी साह को भी याद कर उन्हें नमन किया गया। मौके पर राजस्व पदाधिकारी दिव्यप्रकाश अस्थाना, सुनील साह, विजय सिंह, रमेश कुमार टोटो, विजय कुमार गुप्ता के साथ ही अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सवारी गांव से देसी विदेशी शराब के साथ पिता पुत्र गिरफ्तार गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज (रोहतास)। कच्छवा थाना क्षेत्र के सवारी गांव से स्थानीय पुलिस ने 180 एमएल के पैक में 81 पीस एटपीएम फ्रूटी शराब और 35 लीटर देसी महुआ शराब के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज में पिता लालबाबु सिंह व पुत्र राजेश कुमार शामिल है। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के सवारी गांव में पिता और पुत्र शराब की बिक्री कर रहे हैं। सूचना मिलते ही मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाना के अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार अपने दल-बल के साथ उक्त स्थल पर पहुंच छापेमारी शुरू कर दी। छापेमारी के दौरान उक्त चिन्हित स्थलों से दो कारोबारी लालबाबू सिंह(पिता) एवं राजेश कुमार(पुत्र) को रंगेहाथों 180 एमएल कके पैक में 81 पीस एटपीएम फ्रूटी शराब और 35 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पिता और पुत्र के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

आन-बान-शान से समूचे जिले में लहराया तिरंगा

उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। जिले में 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। गाँव से लेकर शहर तक समूचे जिले में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा। मुख्य समारोह स्थल महाराजा स्टेडियम, बेतिया में ललित कुमार यादव, मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार सरकार-सह-प्रभारी मंत्री, पश्चिम चम्पारण, बेतिया द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। संत तरेसा बालिका विद्यालय के छात्राओं ने राष्ट्रीय गान गाया तथा पुलिस बल, एनसीसी कैडेट्स छात्र-छात्राओं परेड कर गार्ड ऑफ ऑनर के साथ राष्ट्रीय झंडे को सलामी दी, साथ ही परेड का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक बेतिया, डी अमरकेश, उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार सहित जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ललित कुमार यादव की उपस्थिति में नगर निगम, बेतिया के वार्ड नंबर-22 अवस्थित महादलित टोला में मु0 रामपती देवी ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति सहित महादलित टोला के निवासी उपस्थित रहे। समाहरणालय परिसर में जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय परिसर में उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक, बेतिया के कार्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक, डी अमरकेश, अनुमंडल कार्यालय परिसर में एसडीएम, बेतिया, विनोद कुमार तथा जिले के महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र प्रसाद, राम लखन सिंह यादव कॉलेज में प्राचार्य डॉ राजेश्वर प्रसाद यादव, जिला लघु सिंचाई विभाग में कार्यपालक अभियंता मिथिलेश कुमार, माप तौल विभाग में मुजफ्फर आलम , कृषि विभाग में जिला कृषि पदाधिकारी,जन शिक्षण संस्थान में अमित श्रीवास्तव ,भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी अपने आवास पर तो वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट कार्यालय पर अध्यक्ष राणा प्रताप गुप्ता, सत्यम सिंघानिया, संत कबीर पब्लिक स्कूल बेतिया मनीष कुमार यादव, सिकटा संत कबीर पब्लिक स्कूल में नीतू कुमारी समेत नौतन प्रखंड क्षेत्र से वरिष्ठ समाजसेवी पुणे देव प्रसाद द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। साथ ही जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, महादलित बस्तियों, अमृत सरोवरों पर हर्ष एवं उल्लास के साथ झंडोत्तोलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वतंत्रता दिवस समारोह का प्रसारण फेसबुक लाइव के माध्यम से किया गया जिसे जिलेवासियों ने देखा और सुना। मुख्य समारोह स्थल महाराजा स्टेडियम में झंडोत्तोतलन के उपरांत प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज ही के दिन सन् 1947 में हमारा देश आजाद हुआ। पश्चिम चम्पारण वह जिला है जहां से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का शंखनाद हुआ, आज उसी भूमि पर राष्ट्रीय झण्डोत्तोलन करते हुए मैं अपार हर्ष का अनुभव कर रहा हूँ। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के समग्र इतिहास में पश्चिम चम्पारण जिला का अतुलनीय योगदान रहा है। अगस्त, 1942 में महात्मा गाँधी के ह्लकरो या मरोह्ल के आह्वान पर 24 अगस्त, 1942 को बेतिया में लगभग 10,000(दस हजार) निहत्थे प्रदर्शनकारियों ने अंग्रेजों के खिलाफ भारत छोड़ों का नारा बुलंद किया था। इस शुभ अवसर पर जो स्वतंत्रता सेनानी, महान सपूत जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान दिया, उन्हें मैं नमन करता हूँ।साथ ही बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी एवं सर्वजन हिताय हेतु दृढ़ संकल्पित सात निश्चय योजनाओं का क्रियान्वयन एवं विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित उपलब्धियों को साझा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल विधाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों तथा मैट्रिक परीक्षा 2023 में स्टेट टॉपर को प्रशस्ति पत्र, शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं पुलिस केंद्र परिसर में स्थित अग्निशमन कार्यालय में अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी रमेश कुमार यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सभी अग्निशमन जवान तथा महिला अग्निशमन बल राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। साथ ही नगर निगम कार्यालय में मेयर गरिमा देवी सिकारिया ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा नगर थाना में थानाध्यक्ष राजीव कुमार, काली बाग ओपी थाना प्रभारी दुष्यंत कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष राकेश कुमार भास्कर, मनुआपुल थाना ओपी प्रभारी अलाउद्दीन, द्वारा थाने में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके साथ सभी सरकारी विद्यालय तथा निजी विद्यालयों एवं निजी शिक्षण संस्थानों, बैंक तथा प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय झंडा फहराया गया। नगर के जनता सिनेमा चौक स्थित यातायात थाने में राष्ट्रीय झण्डोत्तोलन के बाद हनुमान आराधना की आयोजन की गई थी जिसमें यातायात प्रभारी मदन लाल गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई बेतिया नगर को राष्ट्रीय भक्ति के साथ धर्म के प्रति भक्ति, नागरिकों का मनमोहित कर दिया तथा बेतिया का वातावरण भक्तिमय से सुगंधित हो गया था वही सभी नगरवासियों को प्रसाद वितरण की गई।

एक नजर

स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर एसपी विनीत कुमार ने सूर्यपुरा थाना का किया निरीक्षण

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर जिला के एसपी विनीत कुमार ने थाने का निरीक्षण किया। वहीं नवनिमार्णाधिन थाना भवन का भी जायजा लिया। एसपी ने सूर्यपुरा में राजा साहब के भवन में चल रहे थाना का निरीक्षण के क्रम में महिला एवं पुलिस जवानों के रहने वाले बैरक, मालखाना, हाजत के साथ ही सभी विधि-व्यवस्था का गहनता के साथ निरीक्षण किया. साथ ही वर्तमान थाना परिसर में बिजली व्यस्था पर भी सवाल किया. वहीं थाना के पुलिस पदाधिकारी व कार्यालय का भी जाँच कर सभी को होने वाली दिक्कतों के बारे में भी पूछताछ कर जल्द ही निदान करने की बात कही। वहीं थाने से कुछ दूरी पर पुलिस भवन निर्माण विभाग के द्वारा चार करोड़ पच्चासी लाख की लागत से बन रहे नवनिमार्णाधिन थाना भवन का भी जायजा लिया. एसपी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि जिले के हर थाना का निरीक्षण लगभग पहले ही हो चुका है। अपने कार्यकाल में अभी तक सूर्यपुरा थाना को देखा नहीं था. इसलिए बगल के दिनारा प्रखंड में एक नया थाना का उदघाटन समारोह में आया था। इसी दरम्यान आज सूर्यपुरा थाना का निरीक्षण करने के साथ ही बन रहे नया थाना भवन का जायजा लिया गया। मौके पर बिक्रमगंज के डीएसपी शशि भूषण, इंसपेक्टर देवराज राय के साथ ही दिनारा, नटवार, भानस, दावथ सहित कई अन्य थानाध्यक्ष में प्रिया कुमारी, गुड़िया कुमारी, विजेंद्र कुमार राम, एएसआई जय प्रकाश पांडेय, विमलेश कुमार शामिल थे।

स्वतंत्रता दिवस पर वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय में धूम-धाम से मना राष्ट्रीय पर्व

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। स्थानीय शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर में राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूरा महाविद्यालय प्रांगण राष्ट्रीय ध्वज सजा पड़ा था। जहां आजादी के राष्ट्रीय संगीत धुन से समस्त महाविद्यालय गुंजमय था। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह ने निर्धारित समय पर झंडोतोलन किया। जिस मौके पर उपस्थित महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं व कर्मी सहित मौजूद सैकड़ों अतिथियों ने आजादी के राष्ट्रीय गान में भाग लेते हुए भारत माता व वीर महापुरुषों का नारा लगाते हुई देश के शहीद जवानों को नमन किया। जबकि महाविद्यालय शिक्षक प्रतिनिधि डॉ० मनीष रंजन ने आजादी के राष्ट्रीय पर्व पर लोगों से गले मिल मिठाई खिलाते हुए 77वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ बताया कि स्वतंत्रता दिवस एक राष्ट्रीय पर्व हैं जो हर वर्ष हमारे जीवन में देश की रक्षा के लिए दुश्मनों के प्रति मर मिटने के लिए एक जज्बा भरी नई उमंग पैदा करती है। जिससे हर भारतीय गौरवान्वित महसूस करते हैं। जबकि मौके पर सभा को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० सुरेंद्र कुमार ने भारतवासियों से आग्रह करते हुए बताया कि हम सभी लोगों को यह प्रण करना चाहिए की जब तक हमारी सांसे चलेगी तब तक देश की रक्षा करते रहेंगे। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय कर्मी सहित बिक्रमगंज नगर परिषद पूर्व चेयरमैन जवाहर सिंह, पूर्व विधायक काराकाट राजेश्वर राज, प्राचार्य अमरेंद्र मिश्र, भाजपा नेता अजीत सिंह, सुनील सिंह, राजद नेता मुन्ना रॉय, अविनाश सिंह, जदयू नेता विरेंद्र कुशवाहा, आशुतोष सिंह, जितेंद्र सिंह, सरोज सिंह, बबन सिंह, विकाश सिंह, मुन्ना सिंह, मो० अयूब खां, रमाशंकर सिंह, भीम पांडेय, जसीम बाबा, पूर्व वार्ड पार्षद ललन चौरसिया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

77 वें स्वतंत्रता दिवस पर आन बान शान से लहराया तिरंगा

नवप्रदेश प्रतिनिधि दावथ। नगर पंचायत कोआथ में मुख्य पार्षद धर्मेंद्र चौधरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसियां कला में प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रसाद, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेमरी बालक में प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिंह, राजकीय मध्य विद्यालय सेमरी में प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, जेपीके इंटर कालेज में सचिव डा.प्रकाश चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया राजकीय मध्य विद्यालय योगिनी में एचएम अनिल कुमार राय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटईल बाल में एचएम सुरेंद्र सिंह, मध्य विद्यालय कन्या दावथ में एचएम श्रीनिवास सिंह, बभनौल पंचायत भवन में मुखिया राधामोहन सिंह, व्यापार मंडल कोआथ में रणजीत सिंह, सेमरी पं सरकार भवन में मुखिया अमृता कुमारी, दावथ पं सरकार भवन में मुखिया चंदन कुमार उर्फ संतोष यादव, गीधा में मुखिया ललिता कुमारी, डेढ़गांव में मुखिया रंजना कुमारी सहित सभी पंचायत के मुखिया व सरपंच अपने संबंधित मुख्यालयों पर तथा सभी सरकारी गैर सरकारी संस्थानों के प्रधान संबंधित संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज लहराया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लहराया तिरंगा

नवप्रदेश प्रतिनिधि अगिआव। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय समेत विभिन्न स्थलों पर झंडा तोलन किया गया। मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय पर प्रमुख मुकेश सिंह यादव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा पदाधिकारी प्रेमलाल चौधरी पवना पंचायत कार्यालय पर शैलेंद्र कुमार उर्फ मंटू सिंह नारायणपुर पंचायत कार्यालय पर भूपेंद्र सिंह यादव ब्रह्मपुर चौक पर पूर्व मुखिया सह सहायक अतिथि शिक्षक डॉ आशा रानी वरुणा पंचायत कार्यालय पर आशा देवी रत्नाढ में विनोद चौधरी पैक्स कार्यालय में भानु प्रताप सिंह नारायणपुर पैक्स कार्यालय पर अरविंद कुमार सिंह उर्फ दीना सिंह सेवथा पंचायत कार्यालय पर गजेंद्र सिंह यादव चासी पंचायत कार्यालय पर नगेंद्र सिंह यादव खड़ाव चतुर्भुज पंचायत कार्यालय पर समरेश सिंह गुलजारपुर पंचायत कार्यालय पर अनीता देवी पेरहाप पंचायत कार्यालय पर महेंद्र प्रसाद कृष्णा ग्लोबल पब्लिक स्कूल राजेंद्र नगर में निर्देशक सतीश शर्मा एकबारी पंचायत कार्यालय पर मुखिया कुंती देवी स्काईलार्क पब्लिक स्कूल नारायणपुर में निर्देशक राकेश राय माध्यमिक उच्च विद्यालय नारायणपुर में डॉ रमाशंकर पांडे प्राथमिक कन्या विद्यालय में मुकेश कुमार नारायणपुर थाना परिषद में राकेश कुमार नारायणपुर ग्राम कचहरी में सत्येंद्र सिंह पवार पंचायत कार्यालय में विजय रजक किरकिरी पंचायत कार्यालय में हमीरा खातून मध्य विद्यालय मुरादपुर में मनोज कुमार प्राथमिक विद्यालय सहयोगी टोला में पुष्पा देवी माध्यमिक उच्च विद्यालय बाघी में नन्द जी साव प्राथमिक विद्यालय भलुनी में मुकेश राय समेत शैक्षणिक संस्थानों पर राजनीति कार्यालय पर भी झंडा तोलन किया गया। इस दौरान विद्यालय में बच्चों द्वारा कई तरह के कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

जिले मे अलग पहचान रखने वाला R.L.S.Y कॉलेज में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नवप्रदेश प्रतिनिधि। स्वतंत्रता दिवस की पावन अवसर पर पश्चिमी चंपारण जिले में एक अलग पहचान रखने वाला R.L.S.Y कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। जहां कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश्वर प्रसाद यादव द्वारा झंडा तोलन गया। इस अवसर पर बोलते हुए प्राचार्य ने कहा कि हमारे महापुरूषों ने अपने जान की बाजी लगाकर बहुत कठिनाइयों से देश को आजाद कराया है अब आजादी के अखंडता को बनाए रखना यह हम सब की जिम्मेदारी है। महाविद्यालय के संदर्भ में अपनी बात रखते हुए प्रचार ने कहा कि हमारी हमेशा यही मनसा रहती है कि हम अपने प्रध्यापको और कर्मचारियों को अपने कर्तव्य के प्रति उत्साहित करते रहें ।

संपादकीय

दलबदल कानून की समीक्षा हो

जब भी कोई चुनाव निकट आता है, तब जिधर बम उधर हम के मूलमंत्र पर यकिन रखने वाले अवसरवादी कपड़ों की तरह दल बदलने लगते हैं। 60वें दशक से भारतीय राजनीति में आयाराम गयाराम की परिपाठी चलने लगी थी। इसके चलते कई राज्यों की बहुमत वाली सरकारें भरभरा कर गिर जाया करती थी। दलबदल पर रोक लगाने के लिए 1985 में दलबदल निरोधक कानून बनाया गया, जिसे 10वीं अनुसूची में संविधान में जोड़ा गया। दलबदल निरोधक कानून बनाने के बाद यद्यपि दलबदलने की प्रवृत्ति पर थोड़ा अकुंश जरूर लगा, लेकिन फिर भी दलबदल जारी रहा, क्योंकि किसी भी पार्टी के एक तिहाई विधायक या सांसद किसी पार्टी से बगावत करते हैं तो उसे इस कानून के तहत दल बदल नहीं माना जाता, बल्कि इसे पार्टी में विभाजन कहा जाता है। यही वजह है कि दलबदल निरोधक कानून उतना प्रभावी सिद्ध नहीं हो पाया। दलबदलुओं के कारण पिछले चुनाव के बाद बनी मध्यप्रदेश की कांग्रेस सरकार गिर गयी थी। कमोवेश यही स्थिति महाराष्ट्र में भी देखी गयी, जहां शिवसेना के विभाजन के बाद महाअघाड़ी सरकार चारों खाने चित्त हो गयी। अब तो महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी दो फाड़ हो गयी है। दलबदल निरोधक कानून के कमजोर होने के कारण ही राज्य सरकारें स्थिर नहीं रह पाती हैं। नेताओं के दलबदलने से जनादेश का भी अपमान होता है। अब समय आ गया है कि दलबदल निरोधक कानून की समीक्षा की जाए और इसमें व्याप्त विसंगतियों को दूर कर इस कानून को और कड़ा बनाया जाए। किन्तु लाख टके का सवाल यह है कि बिल्ली के गले में घंटी बांधे कौन। लगभग सभी राजनीतिक पार्टियां दलबदलुओं को प्रोत्साहित करती हैं और अपने राजनीतिक लाभ के लिए दलबलुओं का अपनी पार्टी में खुले दिल से स्वागत करती है। राजनीतिक दलों ने दलबदलुओं को प्रोत्साहित कर जो दलदल बनाया है, उसमें फंसकर लोकतंत्र मजाक बन कर रह गया है। वहीं दूसरी तरफ दलबलु नेता जमकर मलाई काट रहे हैं। हालांकि ऐसे दलबदलुओं को जनता ही सबक सिखाती है। छत्तीसगढ़ में स्व. अजीत जोगी की सरकार ने भाजपा के आधा दर्जन से ज्यादा विधायकों को अपने पाले में ले लिया था, जिन्हें विधानसभा चुनाव में टिकट भी दिये गये, लेकिन ये सारे दलबदलु चुनाव हार गए। उन्हें जनता ने ही सबक सिखा दिया था। इस तरह की और भी कई घटनाएं देश के विभिन्न राज्यों में हुई थी। जब जनता ने दलबलुओं को जनता ने चुनाव में हराया था। इसके बावजूद ये अवसरवादी नेता बाज नहीं आते और हवा का रुख भांप कर दलबदल लेते हैं। अब तो गठबंधन बदलने का भी दौर शुरू हो गया है। जब से देश में गठबंधन की राजनीति शुरू हुई है। तब से गठबंधनों में शामिल राजनीतिक पार्टियों के बीच गठबंधन बदलने की होड़ लग गयी है। यूपीए और एनडीए गठबंधन में शामिल कई दलों ने ठीक चुनाव के पहले पाला बदला है। इसका हालिया उदाहरण उत्तर प्रदेश की एक क्षेत्रीय पार्टी ओम प्रकाश राजभर है जो पहले तो बहुजन समाज पार्टी के हिस्सा थे। लेकिन जब विधानसभा चुनाव में बसपा की हार नजर आने लगी थी तो उन्होंने भाजपा के साथ गठजोड़ कर दिया था। पांच साल वे मंत्री पद पर भी आसीन रहे थे। लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में उन्हें भाजपा के पराजय की संभावना नजर आई तो वे समाजवादी पार्टी के साथ मिल गए। लेकिन जब उत्तर प्रदेश में भाजपा की ही सरकार बन गई तो अब उन्होंने सपा से किनारा कर दिया और एनडीए गठबंधन में शामिल हो गये हैं। इस स्थिति पर विचार करना जरूरी हो गया है।

सामयिकी

मदनलाल ढींगरा का बलिदान

रमेश शर्मा

स्वत्व और स्वाभिमान रक्षा के लिये क्रांतिकारियों ने केवल भारत की धरती पर ही अंग्रेज अधिकारियों को गोली मारकर मौत की नींद नहीं सुलाया अपितु लंदन में भी क्रूर अंग्रेजों के सीने में गोलियां उतारी। क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा ऐसे ही क्रांतिकारी थे जिन्होंने लंदन में भारतीयों का अपमान करने वाले अधिकारी वायली को पांच गोलियां मार कर ढेर कर दिया था। सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी मदनलाल धींगरा का जन्म 18 सितंबर 1883 को पंजाब प्रांत के अमृतसर नगर में हुआ था। परिवार की पृष्ठभूमि सम्पन्न और उच्च शिक्षित थी। पिता दित्तामल जी सिविल सर्जन थे और आर्यसमाज से जुड़े थे। पर स्थानीय अंग्रेज अधिकारियों के भी विश्वस्त माने जाते थे। जबकि माताजी अत्यन्त धार्मिक एवं भारतीय संस्कारों में रची-बसी थीं। वे आर्यसमाज के प्रवचन आयोजनों में नियमित श्रोता थीं। इस प्रकार मदनलाल ढींगरा को बचपन से ही अंग्रेज और भारतीय परंपरा दोनों का परिचय मिल गया था। लेकिन जब विद्यालय गये तो वहां उन्होंने भारतीय विद्यार्थियों के साथ अपमान जनक व्यवहार देखा जिसका प्रतिरोध किया। शिकायत घर पहुंची। पिता ने समन्वय बिठाकर शिक्षा प्राप्त करने की सलाह दी। इसी मानसिक द्वन्द में किसी प्रकार विद्यालयीन शिक्षा पूरी हुई और आगे पढ़ने के लिये लाहौर महाविद्यालय पहुँचे। जहां के वातावरण में वे समन्वय न बना सके। मदनलाल महाविद्यालय से निकाल दिये गये। वे पिता की पोजीशन में वाधा न बनना चाहते थे अतएव घर छोड़कर चले गये। जीवन यापन के लिये उन्होंने पहले क्लर्क की नोकरी की पर उन्हें वहां भी अपने स्वाभिमान पर आघात अनुभव हुआ और नोकरी छोड़कर मुम्बई आ गये जहां तांगा चलाने लगे। साथ ही एक कारखाने में भी नौकरी कर ली, जहां श्रमिकों के शोषण से उद्वेलित हुये और उन्होंने एक श्रमिक संगठन बना लिया। इस संगठन के माध्यम से वे प्रबंधकों द्वारा श्रमिकों के साथ सम्मान जनक व्यवहार करने का अभियान चलाने लगे। किन्तु बात न बनी। वे प्रबंधन की किरकिरे बने और निकाल दिये गये। कुछ दिन यूँ ही बीते अंततः परिवार ने उनसे संपर्क साधा और समझा बुझाकर आगे पढ़ने के लिये लंदन भेज दिया। मदनलाल जी 1906 में पढ़ने के लिये इंग्लैण्ड गये जहां यूनिवर्सिटी कालेज लन्दन की अभियांत्रिकी शाखा में प्रवेश लिया। यह वो समय था जब लंदन में पढ़ने वाले भारतीय विद्यार्थियों में राष्ट्र भाव अंगड़ाई ले रहा था। वे भारतीय विद्यार्थियों को हीन समझने की अंग्रेजी मानसिकता से उद्वेलित हो रहे थे। इन विद्यार्थियों में सुप्रसिद्ध राष्ट्रवादी विचारक विनायक दामोदर सावरकर एवं श्यामजी कृष्ण वर्मा बड़े लोकप्रिय थे और एक प्रकार से समन्वय थे। समय के साथ मदनलाल ढींगरा इनके सम्पर्क में आये और सावरकर द्वारा गठित संस्था अभिनव भारत से जुड़ गये। इसी क्रान्तिकारी संस्था में उन्होंने शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण लिया। लंदन का इण्डिया हाउस भारतीय विद्यार्थियों के क्रियाकलापों का केन्द्र हुआ करता था। मदनलाल ढींगरा इसी इंडिया हाउस में रहते थे। इन्ही दिनों खुदीराम बोस, कन्हाई लाल दत्त, सतिन्दर पाल और काशी राम जैसे क्रान्तिकारियों को मिले मृत्युदण्ड ने इन विद्यार्थियों को मानो विचलित कर दिया। इससे भारतीय युवाओं में रोष उत्पन्न हुआ। यह समाचार अंग्रेज अधिकारियों से छिपा न रहा।लंदन में पढ़ रहे भारतीय विद्यार्थियों की गतिविधियों को सीमित करने के कुछ आदेश भी निकले। इससे सावरकर और मदनलाल धींगरा जैसे क्रांतिकारी और उद्वेलित हुए। प्रतिशोध लेने के लिये अंग्रेज अधिकारी विलियम हट कर्जन वायली को मारने की योजना बनाई गई। इसके लिये इंडियन नेशनल एसोसिएशन के वार्षिक आयोजन का दिन निश्चित किया गया। वह 1 जुलाई 1909 की शाम थी। वार्षिकोत्सव में भाग लेने के लिये जैसे ही विलियम हट कर्जन वायली अपनी पत्नी के साथ सभागार में आया, मदनलाल ढींगरा ने उसपर पाँच गोलियाँ दाग दीं। छठी गोली स्वयं को भी मारनी चाही किन्तु पकड़ लिये गये। बंदी बनाकर जेल भेज दिया गया और मुकदमा चला। उन्होंने पेशी के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि मेरा जीवन भारत राष्ट्र के स्वाभिमान की रक्षा के लिये समर्पित हो रहा है।

शौचालय क्रांति से ऐतिहासिक बदलाव लाने वाला योद्धा

विनोद पाठक

> **आज डॉ. बिंदेश्वर पाठक की सुलभ संस्था देश में 10,123 से अधिक सार्वजनिक शौचालय, 15.91 लाख से अधिक घरों में शौचालय, 32,541 से अधिक स्कूलों में शौचालय, 2454 मलिन बस्तियों में शौचालय, 200 से अधिक बॉयोगैस प्लांट, 12 से अधिक आदर्श गांव बना चुकी है। वो 10 हजार से अधिक लोगों को मैला ढोने की कुप्रथा से बाहर ला चुके हैं।**

स्मृति शेष : सुलभ शौचालय के जनक व संस्थापक डॉ. बिंदेश्वर पाठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में लालकिले की प्राचीर से स्वच्छ भारत अभियान का एलान किया था और हर घर शौचालय बनाने का संकल्प लिया था, ताकि खुले में शौच को रोका जा सके। हालांकि, स्वतंत्र भारत में खुले में शौच और शौचालय को लेकर चिंतित होने वाले प्रधानमंत्री मोदी पहले व्यक्ति नहीं थे। सुलभ शौचालय के संस्थापक डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने वर्ष 1970 में ही इस बात को महसूस किया था कि शुष्क शौचालयों और सिर पर मैला ढोने की कुप्रथा को समाप्त किया जाए। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर सुलभ शौचालय बनाने की शुरुआत की।

बिंदेश्वर पाठक का योगदान

आज देश में हजारों सुलभ शौचालय हैं, जिनमें 2 करोड़ से अधिक लोग प्रतिदिन शौच, स्नान जैसी जरूरतों को पूरा करते हैं। शुष्क शौचालय को समाप्त करने की दिशा में देश में नई क्रांति लाने वाले डॉ. बिंदेश्वर पाठक अब हमारे बीच नहीं हैं। जब देश स्वतंत्रता की 77वीं वर्षगांठ बना रहा था, तब 80 वर्षीय शौचालय क्रांति के अग्रदूत ने दुनिया को अलविदा कह दिया।

वर्ष 1943 में जन्मे डॉ. बिंदेश्वर पाठक बिहार के वैशाली जिले के गांव रामपुर बघेल के निवासी थे। उनके पिता आयुवेर्दाचार्य और दादा ज्योतिषी थे। डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वो अपनी मां योगमाया देवी के ज्यादा करीब थे। उनकी मां ने ही उन्हें दूसरों की मदद करने की शिक्षा दी। उनकी मां कहा करती थीं कि कोई व्यक्ति यदि मदद के लिए आए तो उसे वापस नहीं भेजना चाहिए। व्यक्ति खुद के लिए नहीं, बल्कि दूसरों की मदद के लिए पैदा होता है। यही बात बालक बिंदेश्वर ने गांठ बांध ली थी और उसे जीवन भर निभाया। डॉ. बिंदेश्वर पाठक की प्रारंभिक शिक्षा गांव में हुई। फिर वो बिहार की राजधानी पटना चले गए, जहां से उन्होंने बी.एन. कॉलेज से समाजशास्त्र में स्नातक किया। स्नातक की डिग्री लेने के बाद वो शिक्षक बन गए। हालांकि, कुछ ही दिनों में वो पटना में गांधी शताब्दी समारोह समिति के भंगी-मुक्ति प्रकोष्ठ में बतौर स्वयंसेवक जुड़ गए। वैसे, यह उनका लक्ष्य नहीं था।

इधर वे मध्यप्रदेश में सागर यूनिवर्सिटी से क्रिमिनोलॉजी में मास्टर डिग्री करना चाहते थे, लेकिन गांधी शताब्दी समारोह समिति के दो लोगों के कहने पर वो पटना में रुकने के लिए राजी हो गए, क्योंकि यहां उन्हें अच्छे वेतन का आश्वासन दिया गया था। इस बीच, सागर यूनिवर्सिटी में दाखिले की तारीख निकल गई और डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने समिति में बने रहने का निर्णय किया।

समिति के जनरल सेक्रेटरी सरयू प्रसाद ने डॉ. बिंदेश्वर पाठक को मानवाधिकारों और छुआछूत पर काम करने के लिए बिहार के बेतिया जिले में भेजा। एक साक्षात्कार में डॉ. पाठक ने बताया था कि बेतिया में कार्य करने के दौरान एक वाक्या ऐसा हुआ, जिसने उनके मन-मस्तिष्क पर गहरी छाप छोड़ी।

एक दिन बाजार में एक सांड ने एक बच्चे पर हमला कर दिया। वहां मौजूद लोग और वो कुछ साथियों के साथ बच्चे को बचाने दौड़े, तभी किसी ने कह दिया कि यह मैला ढोहने वालों का बच्चा है। फिर क्या था, लोग पीछे हट गए। उन्होंने बच्चे को अस्पताल पहुंचाया। महात्मा गांधी से बेहद प्रभावित डॉ. बिंदेश्वर ने छुआछूत और मैला ढोहने की कुप्रथा के खिलाफ कार्य करने की ठानी।

ऐतिहासिक कदमों के साथ बदलते रहे समाज

वर्ष 1968 में उन्होंने डिस्पोजल कम्पोस्ट शौचालय बनाया, जिसे कम खर्च में घर के आसपास मिलने वाली सामाग्री से बनाया जा सकता था। वर्ष 1970 में सुलभ इंटरनेशनल सर्विस आगेर्नाइजेशन की नींव पड़ी। वर्ष 1973 में डॉ. बिंदेश्वर पाठक के अभियान में एक बड़ा मोड़ तब आया, जब बिहार की आरा नगर पालिका के एक अधिकारी ने उन्हें 500 रुपए देकर पालिका परिसर में दो शौचालय बनाने के लिए कहा जहां शुष्क शौचालय को डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने सुलभ शौचालय में परिवर्तित किया और उस काम के लिए उनकी खूब सराहना हुई।

इधर, धीरे-धीरे उनका यह अभियान तेजी से आगे बढ़ता गया और बिहार में एक के बाद एक कई शौचालयों का उन्होंने निर्माण कराए। वर्ष 1980 में प्रतिदिन 25,000 लोग केवल पटना में सुलभ शौचालय की सेवाओं का उपयोग करने लगे थे। डॉ. बिंदेश्वर पाठक केवल सुलभ शौचालय नहीं बना रहे थे, बल्कि वह छुआछूत की दिशा में भी एक क्रांतिकारी कदम की ओर बढ़ रहे थे। वर्ष 1988 में मैला ढोने वाले कुछ लोगों को वो नाथद्वारा मंदिर ले गए और वहां पर उनसे पूजा-पाठ कराया। हालांकि लोगों ने विरोध किया, लेकिन डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने पुजारियों को समझाया और पूजा संपन्न हुई। यह एक ऐतिहासिक कदम था, जिसको देशभर में सराहा गया।

आज डॉ. बिंदेश्वर पाठक की सुलभ संस्था देश में 10,123 से अधिक सार्वजनिक शौचालय, 15.91 लाख से अधिक घरों में शौचालय, 32,541 से अधिक स्कूलों में शौचालय, 2454 मलिन बस्तियों में शौचालय, 200 से अधिक बॉयोगैस प्लांट, 12 से अधिक आदर्श गांव बना चुकी है। वो 10 हजार से अधिक लोगों को मैला ढोने की कुप्रथा से बाहर ला चुके हैं।

डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने न केवल शौचालय की सुविधा आमजन को उपलब्ध कराई, बल्कि मैला ढोने, छुआछूत जैसी कुप्रथा को समाप्त करने की दिशा में सराहनीय कार्य किए। वर्ष 2012 में वृंदावन की विधवाओं के लिए सुलभ शौचालय बनवाया और उनकी आजीविका की व्यवस्था की। उन्हें पढ़ना-लिखना सीखाने के अलावा मोमबत्ती आदि बनाने से कार्य की ट्रेनिंग दी। उन्हें 2000 रुपए प्रतिमाह देना शुरू किया। डॉ. बिंदेश्वर पाठक पिछले कुछ सालों से वृंदावन की विधवाओं के साथ होली मनाते आ रहे थे। डॉ. बिंदेश्वर पाठक के प्रयासों के चलते ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने 19 नवंबर 2013 को वर्ल्ड टॉयलेट डे के रूप में मान्यता दी। डॉ. पाठक को पद्म भूषण, प्रतिष्ठित गांधी शांति पुरस्कार समेत देश-विदेश में कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। आज भले सरकार खुले में शौच, शुष्क शौचालयों और मैला ढोने की कुप्रथा की समाप्ति का दावा करती है, लेकिन समाज के लिए जो उल्लेखनीय कार्य डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने किए, वो स्वर्ण अक्षरों में अंकित होंगे।

बिन्देश्वर पाठक को नहीं भुलेगा संसार



डा. रमेश ठाकुर

> **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन से पहले से वो इस मिशन में लगे थे। एक बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिंदेश्वर पाठक को अपने कार्यालय में बुलाकर मिशन की सफलता के संबंध में गहनता से जाना। उनसे सरकार ने सहयोग भी लिया। बिंदेश्वर पाठक ने सुलभ इंटरनेशनल के माध्यम से न सिर्फ भारत, बल्कि समूची दुनिया में अपनी छाप छोड़ी।**

कुछ लोग समाज में ऐसी अमिट छाप छोड़ जाते हैं, जिन्हें संसार कभी नहीं भूलता। उनकी यादों को विरासत की तरह संजोकर रखा जाता है। कुछ ऐसा ही कार्य करके गए हैं भारत में टॉयलेट मैन की पहचान रखने वाले बिंदेश्वर पाठक। सामाजिक क्षेत्र में उन्होंने जो करके दिखाया, उस पर लोग बातचीत करने से भी कतराते हैं। बावजूद इसके उन्होंने देशभर में सार्वजनिक शौचालय की स्थापना, उन्हें साफ-सुथरा रखने का संकल्प लिया। उस संकल्प को पूरा करके भी दिखाया। अपने संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए बिंदेश्वर पाठक ने जब शुरुआत की तो लोगों ने खिल्ली उड़ाई, जिनमें गैरों के साथ उनके अपने भी थे। एक मर्तबा उनके ससुर ने भी बोल दिया था कि अपनी बेटी का ब्याह उन्होंने गलत आदमी से कर दिया। ससुर ने बिंदेश्वर पाठक से कहा, आपको शर्म नहीं आती, पंडित होकर भी टॉयलेट साफ करते फिरते हो। लेकिन बिंदेश्वर पाठक ठान बैठे थे कि उन्हें ऐसा कुछ करना है, जिससे सबकी सोच बदले। कमोबेश, कुछ ही वर्षों में हुआ भी वैसा ही। जो लोग हंसी उड़ाते थे, बाद में उनकी प्रशंसा करने लगे।

बिंदेश्वर पाठक हिंदुस्तान में सार्वजनिक शौचालयों के प्रणेता थे। देशभर में सार्वजनिक स्थानों पर उन्होंने सुलभ शौचालयों का निर्माण करवाया। विशेषकर, बस अड्डे, बाजारों, मॉल्स, पुलिस थानों आदि जगहों पर उन्होंने टॉयलेट स्थापित कर लोगों को सुविधाएं प्रदान की। हाईवे पर बने सुलभ शौचालय भी उनके मिशन का हिस्सा हैं। बिंदेश्वर पाठक का टॉयलेट मिशन कुछ ही सालों में देखते ही देखते जन आंदोलन में तब्दील हो गया। उनके जैसे इंसानों की आज बहुत कमी है। इसलिए उनके न रहने की खबर पर किसी को विश्वास नहीं हो रहा।

पंद्रह अगस्त को जब समूचा देश आजादी के पर्व में मग्न था, बिंदेश्वर पाठक अपने अंतिम सफर पर निकलने की शायद तैयारी कर रहे थे। तड़के दिल्ली स्थिति अपने कार्यालय पर उन्होंने स्वतंत्रता दिवस का जैसे ही ध्वजारोहण किया, उसके तुरंत बाद जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़े। ऐसा उनके साथ एकाध दफा पहले भी हुआ, तब परिजन उन्हें अस्पताल लेकर गए और ठीक हो गए। लेकिन शायद 15 अगस्त 2023 का दिन ईश्वर ने उन्हें अपने पास बुलाने के लिए तय किया हुआ था। इस बार वो ऐसे गिरे कि उठ न पाए। पाठक समाज के सच्चे प्रहरी थे, वह हमेशा औरों के लिए जीते थे। काम करने की उनकी ऊर्जा दूसरों को प्रेरणा देती थी। कोई काम छोटा नहीं होता, बस करने के लिए मन बड़ा होना चाहिए, इस युक्ति के साथ वो हमेशा आगे बढ़ते गए। बिंदेश्वर पाठक को उनके योगदान के लिए कई पुरस्कारों और सम्मान से नवाजा गया। केंद्र सरकार ने उनको पद्म भूषण पुरस्कार दिया। इसके अलावा एनर्जी ग्लोब अवार्ड, बेस्ट प्रैक्टिस के लिए दुबई इंटरनेशनल अवार्ड, स्टॉकहोम वाटर प्राइज, पेरिस में फ्रांसीसी सीनेट से लीजेंड ऑफ प्लैनेट अवार्ड जैसे कई अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी उन्हें मिले। पाठक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर द मेकिंग ऑफ ए लीजेंड पुस्तक भी लिखी थी, जिसकी प्रधानमंत्री ने खुद सराहना की थी। पाठक को पुरस्कार देते हुए पोप जॉन पॉल द्वितीय ने कहा था कि वे पर्यावरण के सच्चे प्रेमी हैं, उनसे हम सभी को सीख लेनी चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन से पहले से वो इस मिशन में लगे थे। एक बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिंदेश्वर पाठक को अपने कार्यालय में बुलाकर मिशन की सफलता के संबंध में गहनता से जाना। उनसे सरकार ने सहयोग भी लिया। बिंदेश्वर पाठक ने सुलभ इंटरनेशनल के माध्यम से न सिर्फ भारत, बल्कि समूची दुनिया में अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने आधुनिक तकनीकों और मानवीय सिद्धांतों के साथ कदम मिलाकर 1970 में सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन का श्रीगणेश किया था।

सुलभ शौचालय की शुरुआत कम संसाधन और सीमित आय से हुई। चंद पूंजी के साथ और अकेले दम पर इतने बड़े मिशन की उन्होंने नींव रखी। उनके इस मिशन का मकसद था साफ-सफाई, मानव अधिकारों, पर्यावरण स्वच्छता, ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्रोतों, अपशिष्ट प्रबंधन और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा देना। उनकी पहल अब दुनिया भर के विकासशील देशों में स्वच्छता का पर्याय बन चुकी है। पाठक का स्वच्छता आंदोलन स्वच्छता सुनिश्चित करता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को रोकता है। ऐसे व्यक्ति का यूं चले जाना, निश्चित रूप से बड़ा आघात है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

लालकिला से प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



ऋतुपर्ण दवे

> **पहली बार मेरे शब्द लिखकर रख लीजिए, इस कालखंड में हम जो करेंगे, जो कदम उठाएंगे, त्याग करेंगे, तपस्या करेंगे उससे आने वाला एक हजार साल का देश का स्वर्णिम इतिहास उससे अंकुरित होने वाला है। दूसरी बार कहा- इन दिनों जो मैं शिलान्यास कर रहा हूं, आप लिखकर रख लीजिए, उनका उद्घाटन भी आप सब ने मेरे नसीब में छोड़ा हुआ है।**

लालकिला की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस बार का उद्बोधन काफी अलग था। यूं कहें कि नए मिजाज और नए रिवाज साथ के साथ मन की बात तो गलत नहीं होगा। हर बार से अलग परिवार जनों से शुरुआत कर इतना संकेत दे दिया कि वे न केवल अलग बोलेंगे बल्कि ऐसा बोलेंगे, जिसके राजनीतिक मायने बहुत गहरे होंगे। अपनी सरकार की उपलब्धियों का खाका खींचते हुए बड़ी बेबाकी से 2014 से अब तक के सफर पर प्रकाश डाला। मणिपुर का भी जिक्र कर जताया कि वो भी उतने चिंतित हैं जितने दूसरे। गुलामी के एक हजार वर्षों की बात कह उन्होंने कहा कि हम ऐसे संधिकाल में हैं, जहां आगे के हजार साल की दिशा तय करनी है। युवाओं का कई बार जिक्र कर भरोसा जताते हुए कहा दुनिया में भारत अकेला ऐसा देश है जहां 30 वर्ष के युवा जनसंख्या में अधिक हैं, यही हमारी ताकत हैं। इनकी कोटि-कोटि भुजाएं और मस्तिष्क की क्षमताएं देश को दुनिया में अलग स्थान देने तत्पर है। विश्व इन प्रतिभाओं से चकित है, क्योंकि तकनीक के दौर में इनके टैलेण्ट से हम दुनिया में नई भूमिका में होंगे। प्रधानमंत्री को सुनने भारत के सीमावर्ती इलाकों के 600 गांवों के प्रधान भी आमंत्रित थे, जिनका जिक्र करते हुए कहा कि जो कभी सीमावर्ती गांव होते थे आज वो पहली पंक्ति के हैं। ऐसा बदलाव बड़ी इच्छाशक्ति से संभव हो पाया है।

गठित नए मंत्रालयों की जरूरत बताते हुए कहा कि इससे कैसे-कैसे परिवर्तन और बेहतरी होगी। घर-घर पेयजल, पर्यावरण में सुधार के साथ मत्स्य पालन, पशु पालन, डेयरी उद्योग की बेहतरी होगी। सहकारिता मंत्रालय से अलग-अलग तबकों को फायदा होगा। जब उनकी सरकार 2014 में सत्ता आई थी तब दुनिया में हमारी वैश्विक अर्थव्यवस्था दसवें क्रम पर थी, आज पांचवें पर है। हरित ऊर्जा, सौर ऊर्जा, वंदेभारत-बुलेट ट्रेन, बेहतर सड़कें, इलेक्ट्रिक बसें, 5-जी, क्वांटम कंप्यूटर, नैनो यूरिया, जैविक खेती उपलब्धियां हैं। उन्होंने बड़े आत्मविश्वास से कहा जिसका हम शिलान्यास करते हैं उसका उद्घाटन भी करते हैं। बड़ा सोचना और दूर का सोचना हमारी कार्यशैली है। 200 करोड़ वैक्सिनेशन पूरा करने का सामर्थ्य दुनिया के लिए उदाहरण है। 75 हजार अमृत सरोवर की कल्पना साकार होने वाली है। निश्चित रूप से जलशक्ति, जनशक्ति से पर्यावरण की दिशा में भी भारत बहुत आगे जा चुका है। अगले महीने से एक नई विश्वकर्मा योजना का एलान भी किया। इस दिन 13-15 हजार करोड़ रुपये से इसके जरिए पारंपरिक कौशल में लगे लोगों को मदद पहुंचेगी।

नई संसद का जिक्र करते हुए कहा पुरानी संसद में कम जगह की चर्चा तो पिछले 25 सालों से हमेशा होती थी लेकिन नई संसद को पूरा कर दिखाने का सामर्थ्य मोदी ने ही दिखाया। उन्होंने कहा नया भारत न रुकता है, न थकता है न हांफता है, न हारता है, इसीलिए सीमाएं सुरक्षित हुईं। सेना में बदलावों से ही सुरक्षा की अनुभूति हुई है। आतंकी-नक्सली हमलों में जबरदस्त कमीं का बड़ा परिवर्तन दिखा। अपने सपने का घर हर कोई बनाना चाहता है। पैसों की दिक्कत के कारण पूरा नहीं हो पाता और मजबूरी में किराए के घर में रहना पड़ता है। इनके लिए सरकार की भावी योजना आ रही है, जिसमें ब्याज पर लाखों रुपए की राहत मिलेगी।

भारतीय महिलाओं की विशेष चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया इनका सामर्थ्य देख दंग है। अब कृषि के क्षेत्र में ड्रोन संचालन में भी महिला स्व-सहायता समूहों की बड़ी भूमिका होगी। इससे एग्रीटेक क्षेत्र में नई क्रान्ति होगी। भारत द्वारा दिए गए नारे वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड तथा भारत की मेजबानी और जी-20 का दिया नारा वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर का खास जिक्र किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को मातृभाषा में भी उपलब्ध कराने पर आभार जताया। अब जजमेंट का ऑपरेटिव पार्ट आवेदक की स्थानीय भाषा में मिलेगा।

2023 में 10वीं बार दिया उनका भाषण 90 मिनट का था। 2022 में 84 मिनट 4 सेकेण्ड, 2021 में 88 मिनट, 2020 में 86 मिनट, 2019 में 92 मिनट, 2018 का 82 मिनट, 2017 में 57 मिनट, 2016 में 94 मिनट, 2015 में 86 मिनट तथा 2014 में 65 मिनट का भाषण दिया था। सबसे छोटा भाषण 2017 में दिया था जबकि सबसे बड़ा भाषण 2016 में दिया। एक गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 10 बार भाषण देकर प्रधानमंत्री ने कुल 13 घण्टे 46 मिनट 4 सेकेण्ड तक लालकिला की प्राचीर से देश को संबोधित किया।

उनका दो बार कहना-मेरे शब्द लिखकर रख लीजिए बड़े इशारे हैं। पहली बार मेरे शब्द लिखकर रख लीजिए, इस कालखंड में हम जो करेंगे, जो कदम उठाएंगे, त्याग करेंगे, तपस्या करेंगे उससे आने वाले एक हजार साल का देश का स्वर्णिम इतिहास उससे अंकुरित होने वाला है। दूसरी बार कहा-इन दिनों जो मैं शिलान्यास कर रहा हूं, आप लिखकर रख लीजिए, उनका उद्घाटन भी आप सब ने मेरे नसीब में छोड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने स्वयं अपनी रणनीतिक आक्रामक व तिलमिला देने वाली शैली के तहत भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण के खिलाफ पूरे सामर्थ्य से लड़ने की बात कहने के साथ ही 2024 में भी लालकिले से फिर संबोंधन की बात कह विपक्ष पर जो तगड़ा प्रहार किया है उस पर एक अलग बहस तय है। जब आप यह पढ़ रहे होंगे तब तक तेजी से चर्चा भी शुरू हो चुकी होगी।

इतना तो साफ है कि कहीं न कहीं प्रधानमंत्री ने 2024 की जबरदस्त तैयारियों के संकेत भी दिए। 2014 में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों का नाम लेकर सभी को देश की उपलब्धियों से जोड़ने वाले नरेन्द्र मोदी 2023 में बेहद बदले, अलग व सख्त तेवर में दिखे। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर बोलने के मायने बहुत गहरे हैं। खास ब्यूरोक्रेट्स को इसका श्रेय देना और जताना कि मेरे लाखों हाथ-पैर देश के कोने-कोने में सरकार की जिम्मेदारियां बखूबी निभा रहे हैं, कहना बड़ी राजनीतिक चतुराई है। यह विश्वास जताना क्या बताता है कहने कि जरूरत नहीं। अब इसे 2024 का शंखनाद कहें, चुनावी भाषण या देश की मौजूदा तस्वीर। हां इतना है कि लालकिला से इस बार मोदी ने मन बात जरूर कही है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

एक नजर

डोमचांच में 77 वें स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से संपन्न

नवप्रदेश डोमचांच। प्रखंड मुख्यालय के अलावे विभिन्न क्षेत्रों में झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दिए सभी पंचायत भवन सरकारी व निजी स्कूल संस्कार पब्लिक स्कूल, ग्लोबल विजडम, अराइज अवेक अन्य कई जगहों पर आजादी के 77 वें दिवस के अवसर पर बड़े धूमधाम से राष्ट्र ध्वज व तिरंगा लहरा कर कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम को लेकर नवलशाही थाना प्रांगण में स्थानीय थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह के द्वारा से समय विधिवत 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी समाजसेवी, स्कूल के छात्र- छात्राएं स्थानीय पत्रकार, पुलिस बल जवानों के समक्ष राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराया गया। जहां सैकड़ों की उपस्थिति में देश प्रेमियों ने देकर व राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। 15 अगस्त अमर रहे की नारा की आवाज से पूरा थाना परिसर गूंज रहा था। वहीं बच्छेडीह पंचायत भवन में स्थानीय मुखिया बिना देवी के द्वारा उप मुखिया शकुंतला देवी, पूर्व उप मुखिया सभी वार्ड सदस्य दर्जनों की उपस्थिति समाजसेवी व राजकीय उच्च विद्यालय बच्छेडीह स्कूल के सैकड़ो छात्र-छात्राएं वीर शहीदों की वेशभूषा में सज धज कर एवं महिलाएं की मौजूदगी में तिरंगा झंडा फहराया गया। वहीं मौके पर उपस्थित रोजगार सेवक मनोज कुमार के द्वारा देशभक्ति गीत गाकर लोगों को बीच जोश बढ़ाने का काम किया। झंडा फहराने के पश्चात मुखिया बीना देवी उप मुखिया शकुंतला देवी वार्ड सदस्य चंद्रावती देवी आशा देवी इत्यादि के द्वारा संयुक्त रूप से पंचायत भवन के समीप वृक्षारोपण के तहत कई प्रकार की फलदार पौधा लगाया गया। राजकीय उच्च विद्यालय के प्रधान अध्यापक विनोद शर्मा ने अपना संबोधन में कहा कि भारत माता की आजादी कितने कुर्बानियां देकर मिली है और इस कुर्बानियों को हम लोग याद कर आज उनके प्रति हम सभी समर्पित हैं। वही समाजसेवी किशोर यादव ने अपने संबोधन में कार्यक्रम में उपस्थित तमाम लोगों का आभार व्यक्त करने के साथ सभी की उज्जवल भविष्य की कामना की एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समापन किया गया।

जी. एस. पब्लिक स्कूल में 77वें स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

नवप्रदेश, डोमचांच। स्थित जी. एस. पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में दिनांक 15 अगस्त को बड़े ही धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था हो सभी बच्चों के हाथों में तिरंगे लहराते हुए दिखें बताते की भारत देश के स्वतंत्रता की 77वां साल होने का जश्न हर घर तिरंगा के तहत विद्यालय में धूमधाम से राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। इस मौके पर विधायक डॉ. नीरा यादव पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं दिया व अपने आशीर्वचन दिए। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। एवं अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं आजादी की 77वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया एवं अपने स्लोगन में ये कहा कि उन्होंने देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले सभी वीर सपूतों को नमन किया व उनके सहादत को याद किया मौके पर विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने सभी को ढेरों शुभकामनाएं दी, एवं अपने संबोधन में सभी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया एवं कहा की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डोमचांच प्रखंड बी.डी.ओ. उदय कुमार सिन्हा, डोमचांच प्रमुख सत्य नारायण यादव, डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान, थाना इंस्पेक्टर अवधेश सिंह, जीप सदस्य शांति प्रिया, शुभोध यादव, कामनी देवी, डॉ. आई. सी. दास, नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहता, रोहित मेहता, लीलावती मेहता, डॉ. के. पी. चौधरी, प्रभाकर लाल रावत, भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर हरि किंकर जी, पंकज अम्बष्ट, रमेश्वर राम, शिवचरण साव, सिकंदर विश्कर्मा, शक्ति सिंह, नीलकंठ सिंह, भारत नारायण मेहता, रामलाल यादव, अरुण मेहता, रामेश्वर राम, परमेश्वर यादव, गीता देवी, प्रेमचंद सिंह, कुमकुम आर्या, मुकेश गोस्वामी, विपिन सिंह, सुनील रजक, सुब्रतो मुखर्जी, अंकु कुमार, आदि सैकड़ों लोग शामिल हुए।

धूमधाम से मना जश्ने आजादी

नवप्रदेश, सतगावां। प्रखंड के पूरे पंचायत में आजादी का जश्न धूमधाम से मनाया। 77वे स्वतंत्रता दिवस शुभ अवसर पर प्रखंड के सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों व स्कूलों में बस ध्वजारोहण के साथ कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने देश के अमर शहीदों तथा स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद किया। अनेक शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा पदाधिकारी सत्य नारायण भकत थाना परिसर में थाना प्रभारी आनंद कुमार साह एवं प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत मुखिया के द्वारा झंडोतोलन किया गया। वहीं प्रखंड कार्यालय परिसर में झंडोतोलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव,प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह एवं स्वतंत्रतासेनानी ब्रजनन्दन प्रसाद के पुत्र विजय सिन्हा और द्वारका पांडे के परिजन लोग मौजूद थे झंडा तोलन की शुरुआत सबसे पहले स्वतंत्रता सेनानी द्वारिका पांडे एवं ब्रजनंदन प्रसाद के स्मृति चिन्ह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद प्रखंड प्रमुख के द्वारा झंडा तोलन किया गया। झंडा तोलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव ने कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई सिर्फ एक देश की विदेशी साम्राज्य से मुक्त करने की लड़ाई नहीं थी, बल्कि इसके अनेक सामाजिक आर्थिक नैतिक और राजनैतिक पहलू थे। इस लड़ाई से न्याय और लोकतंत्र का अमृत निकला वास्तव में यह मानवता का तरह-तरह के अत्याचारों और अन्यायों से मुक्त करने की बड़ी लड़ाई थी। जिसका संदेश पूरी दुनिया में गया है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव द्वारा विभिन्न कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया। शिक्षा के क्षेत्र दामोदर सिंह, आयुष्मान क्षेत्र के लिए मनोज राम,समाज में जागरूकता को लेकर बालगोविंद यादव, मिथिलेश सिंह एवं स्वतंत्र सेनानी के वंशज स्वराज राय को सम्मानित किया गया।वही मौके अनेकों सैकड़ों लोगों मौजूद थे।

विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में आन बान शान से फहराया गया तिरंगा

नवप्रदेश, मरकच्चो। प्रखंड के विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में 77वां गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आन बान शान से तिरंगा लहराकर झंडे को दिया गया सलामी। वहीं इस दौरान मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह मरकच्चो थाना में थाना प्रभारी लव कुमार, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय मरकच्चो में स्वर्णलता, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में वार्डेन उषा टोपनो, सामुदायिक स्वास्थ्यकेन्द्र मरकच्चो में चिकित्सा प्रभारी प्रदीप बैठा, उतक्रमित उच्च विद्यालय योगीडीह में विनोद कुमार सिन्हा, राजकीय मध्यविद्यालय बिचरिया नईटांड़ में अर्जुन महतो, रामानन्द सागर शिक्षा निकेतन नावाडीह में मिथिलेश प्रसाद बर्मा और भारती उच्च विद्यालय नावाडीह में महावीर प्रसाद बर्मा के साथ साथ प्रखंड के सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में झंडा फहराने के पश्चात तिरंगे को सलामी पेश कर अमर शहीदों के नाम से एक से बढ़कर एक नारा भी लगाया गया। वहीं इस दौरान कई विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कलाकारी का झांकियों भी पेश किया। वहीं इस दौरान कई विद्यालयों में देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया गया।

स्वतंत्रता दिवस पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बीडीओ-सीओ ने किया प्रतिभागियों को पुरस्कृत

सीबीसी, डालटनगंज ने मनिका डिग्री कॉलेज से निकाली तिरंगा यात्रा

लातेहार। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो डाल्टनगंज के द्वारा मनिका डिग्री कॉलेज, लातेहार में मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी विरेंद्र किन्डो, अंचल अधिकारी श्रेयांश, डॉ बिमल कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर की गई। इसके पश्चात सीबीसी डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी के द्वारा सभी अतिथियों का शॉल एवं बुके देकर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में प्रखंड विकास पदाधिकारी विरेंद्र किन्डो ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत मनिका प्रखंड में भी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यहां के विभिन्न पंचायतों से मिट्टी कलश अमृत वाटिका के निर्माण के लिए दिल्ली भेजा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में चयनित अमृत सरोवरों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने उपस्थित युवाओं से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने का भी आग्रह किया। अंचल अधिकारी श्रेयांस ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं ताकि देशवासियों में एकजुटता भी भावना विकसित हो। श्रेयांस इस दौरान राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का मकसद छात्र-छात्राओं में देशभक्ति की भावना विकसित करना है। पुष्कर ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह के मौके पर मनाया जा रहा है। उन्होंने हर घर तिरंगा वेबसाइट पर तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने के बारे में भी उपस्थित लोगों को बताया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के सहायक व्याख्याता मनीष कुमार तिवारी ने किया, जबकि इस मौक पर कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

बीडीओ ने दिलाई पंच प्राण की शपथ

कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को पंच प्राण की शपथ दिलाई जिसके तहत भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर-विसकित राष्ट्र बनाने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, नागरिक होने का कर्तव्य निभाने का जिक्र था।

तिरंगा रैली निकाली गई

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। रैली का बीडीओ, सीओ, कॉलेज के प्राचार्य और अन्य शिक्षकगण नेतृत्व कर रहे थे। ढोल-नगाड़े के साथ रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हर-घर तिरंगा फहराने का नारा लगा रहे थे।

प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार, खिले चेहरे

मनिका डिग्री कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रंगोली, मेहंदी, क्विज एवं पेंटिंग्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसके प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया।

पारंपरिक नृत्य से छात्राओं ने मोहा मन

विशेष जागरूकता अभियान कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की छात्राओं के द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक गीत प्रस्तुत किए गए। इसके पश्चात झूमर और नागपुरी भाषा में देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर छात्रों ने सबका मन मोह लिया। नागपुरी भाषा में देशभक्ति गीत प्रस्तुत करने पर उन्हें पुरस्कृत भी किया गया।

77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डोमचांच में शान से लहराया तिरंगा दी गई झंडे को सलामी

डोमचांच (कोडरमा)। 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरा प्रखंड तिरंगे से पटा दिखा। चारों और देश भक्ति के गाने तराने बजते दिखे। सरकारी गैर सरकारी संस्थान और सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। डोमचाँच शहीद स्मारक परिसर में पूर्व जिप अध्यक्ष ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी, वहीं झंडोत्तोलन विधायक डॉ नीरा यादव द्वारा किया गया। प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में प्रमुख सत्यनारायण यादव द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। नगर कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी जितेंद्र कुमार जैसल द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। डोमचांच थाना में थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां वहीं अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय में अवधेश सिंह द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। नवलशाही थाना में थाना प्रभारी अनिल सिंह द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। मधुबन पंचायत में मुखिया प्रवीण कुमार, बंगाखलार पंचायत में मुखिया शिवशंकर राय, काराखुट पंचायत में मुखिया अनीता देवी, बागडो पंचायत में मुखिया रेखा देवी बागरीडीह पंचायत में मुखिया शकील अहमद, ढाब पंचायत में मुखिया बैजू तुरी, जानपुर पंचायत में मुखिया मंसूर अली, पारहो पंचायत में दिनेश यादव, मसमोहना पंचायत में मुखिया चांदनी सिंह, फुलवरिया पंचायत में मुखिया संजय मेहता, पूरनाडीह पंचायत में मुखिया पप्पू यादव ने शान से तिरंगा झंडा लहराकर झंडे को सलामी दी गई। साथ ही वीरों के बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम स्थल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी उदय कुमार सिन्हा, पूर्व नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहता, पूर्व नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, लीलावती मेहता, कामिनी देवी, मुकेश रजक, मनोज रजक, रोहित मेहता नितेश सिंह, भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद वर्मा, प्रदीप सिंह, मुकेश रजक, मुकेश कुमार, बसंत मेहता, रोहित मेहता, भरत नारायण मेहता, सुजीत कुमार, सुनील सिन्हा के साथ थाना अधिकारी स्कूली बच्चे व अन्य मोजूद थे।

स्वतंत्रता सेनानी सह संविधान सभा के सदस्य रहे स्वर्गीय यदुवंश सहाय 'यदु बाबू' के घर पहुंचे मंत्री



पलामू। 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन, मेदिनीनगर में आयोजित राजकीय समारोह में झंडोत्तोलन करने के पश्चात राज्य के कृषि मंत्री बादल शहर के जेलहाता पहुंचे.यहां उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी सह संविधान सभा के सदस्य रहे स्वर्गीय यदुवंश सहाय 'यदु बाबू' के पुत्र बृजनंदन सहाय उर्फ मोहन बाबू को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया.इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहां आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह गर्व का विषय है कि स्वर्गीय 'यदु बाबू' संविधान सभा के सदस्य रहे.उन्होंने कहा कि यदु बाबू जैसे महान विभूतियों के योगदान के फलस्वरुप ही हमारा देश यहां तक पहुंचा है.उन्होंने कहा कि यदु बाबू के घर आने का उद्देश्य इनके परिजनों को यह अहसास दिलाना है कि आज भी आप सरकार के नजर में है,आज भी आपकी उतनी ही महत्वता है जितना कि उस दिन था.इस अवसर पर यदु बाबू के परिजन उपस्थित रहे।

एमएमसीएच पहुंचे मंत्री, बच्ची का जाना हाल

स्वर्गीय यदु बाबू के परिजनों से मुलाकात करने के पश्चात मंत्री बादल एमएमसीएच पहुंचे.यहां वे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती बीसीसी मिशन बालिका विद्यालय की बच्ची सुमन उरांव का हाल-चाल जाना व बच्ची को निजी स्तर से आर्थिक सहयोग भी किया.ज्ञातव्य है कि पुलिस लाइन स्टेडियम में मुख्य राजकीय समारोह के दौरान बच्ची चक्कर खाकर गिर पड़ी थी जिसे त्वरित रूप से एमएमसीएच में भर्ती कराया गया था।

उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न, दिये आवश्यक दिशानिर्देश



नवप्रदेश, कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, हिट एंड रन मामले समेत कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा समिति, नगर निकाय और थाना से संयुक्त टीम बनाकर बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों का नियमित चेकिंग जांच करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रेशर हॉर्न पर नियमित कार्रवाई करें। घायलों को मदद करने के लिए जगह जगह पर गुड़ सेमेरिटन को पोस्टर लगायें। साथ ही एन एच के सर्विस रोड पर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त महोदया ने चंदवारा में विद्यालय के पास फ्लाई ओवर बनाने हेतु एन एच को निर्देश दिये। सड़क सुरक्षा को जगह जगह पर ओवर स्पीटिंग का बोर्ड लगाने की बात कही। झुमरी तिलैया में ऑटो स्टैंड और पार्किंग व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक श्री कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, जिला परिवहन पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय समेत अन्य मौजूद रहे।

ऑपरेशन सतर्क के तहत कोडरमा आरपीएफ द्वारा अंग्रेजी शराब बरामद

कोडरमा। निरीक्षक प्रभारी कोडरमा जवाहर लाल के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह साथ में प्रधान आरक्षी कमलेश सिंह, आरक्षी अशोक कुमार गुप्ता सभी रेसुब पोस्ट कोडरमा के बल सदस्य कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 04/05 पर गश्ती कर रहे थे। इसी क्रम में कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं0- 04/05 पर न्यू फुट ओभर ब्रिज के पास एक ब्लू रंग का ट्रॉली बैग संदिग्ध अवस्था में देखा गया। संदेह होने पर उसके पास जाकर आसपास बैठे यात्रियों से पूछताछ किया गया तो किसी ने अपना दावा पेश नहीं किया तत्पश्चात उक्त ट्रॉली बैग को चेक किया गया तो उसमें 18 अदद जिसमें प्रत्येक की क्षमता 750 मिली0 तथा प्रत्येक की किमत 670/- रुपए पाया गया। तथा 04(चार) अदद जिसमें प्रत्येक की क्षमता 375 टछ और प्रत्येक की कीमत 340/रुपए। यानी कुल अंग्रेजी शराब की क्षमता 15000टछ और कुल कीमत 13420/ रुपए आकी गई। जिसके बाद मौके पर ही सहायक उप निरीक्षक/ओमप्रकाश सिंह, रेसुब पोस्ट, कोडरमा के द्वारा उपलब्ध गवाहों के समक्ष उपर्युक्त अंगेशी शराब को जप्ती सूची बनाते हुए जप्त किया गया तथा अग्रिम कार्यवाही वास्ते रेसुब पोस्ट कोडरमा पर लाया गया। सभी अंग्रेजी शराब को उत्पाद विभाग कोडरमा को सुपुर्द कर दिया गया।

डिज्नीलैंड मेला का झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा ने फीता काटकर किया उद्घाटन

पलामू। के महिलाएं और बच्चे हर वर्ष सावन में डिजनीलैंड मेला का करते हैं इंतजार मकेला के लगते हैं उनमें जग जाती है खुशियां उद्घाटन के अवसर पर जिला सचिव सन्नु सिदकी डिज्नीलैंड के मैनेजर पवन कुमार गुप्ता जितेंद्र अग्रवाल ट्विंकल गुप्ता कल्लू भाई जान सूरज कुमार अग्रवाल सहित सनी शुक्ला राकेश सिन्हा रमेश सिंह अफसरा रबानी अनुराग सिंह नवीन सिन्हा अंकित सिंह शैलेस चंद्रवंशी प्रदीप सिंह कई लोग मौजूद थे। डिज्नीलैंड मेला कर अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस बार डिज्नीलैंड मेला में मुख्य आकर्षण का केंद्र मौत का कुआं है जिसमें लड़की मोटरसाइकिल चलायेगी और मौत के कुआं में अपना करतब दिखाइएगी साथ ही साथ रेंजर झूला टोरा टोरा ब्रेक डांस नौका विहार सहित महिला बच्चों के लिए हर तरह के स्टॉल और बहुत सारे खानपान के समान भी उपलब्ध है जो कि लगातार महिलाएं बच्चे इंतजार करते रहते हैं ।

गरीबों के मसीहा एवं तिरंगे वाले शौकत खान को मंत्री ने किया सम्मानित

गढवा पलामू। गढ़वा मंगलवार टाऊन हॉल के मैदान में 77 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला प्रशासन गढ़वा के द्वारा राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह सह अनेक निःशुल्क बैंक गढ़वा के संस्थापक शौकत खान को अनेक निस्वार्थ सेवा कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह गढ़वा के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शौकत खान को समाज हित में लगातार उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और शौकत खान के निस्वार्थ सेवा कार्यों की सराहना किये वहीं उसी मंच पर मंत्री ने भारतीय स्टेट बैंक गढ़वा के द्वारा शौकत खान को मोमेंट देकर सम्मानित किया। उसके बाद स्वतंत्रता दिवस पर डॉ यासीन मिल्लत इंटर कॉलेज परिसर गढ़वा में कॉलेज के सचिव डॉ यासीन अंसारी के द्वारा तिरंगे वाले शौकत खान को ऐतिहासिक सेवा कार्यों के लिए मुख्य अतिथि मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शौकत खान को शॉल ओढ़ाकर और मेमोंटो देकर सम्मानित किया और मंत्री ने कहां कि समाज के सच्चे सेवक है ये और इनकी सेवा कार्य सबसे आला दर्जे कि है इन पर गढ़वा जिला समेत पुरे झारखंड को नाज है इनके ऐतिहासिक सेवा कार्यों पर, समाजसेवी शौकत खान ने स्वतंत्रता दिवस पर मंत्री के हाथों कई जगहों पर सम्मान पाकर हर्ष व्यक्त करते हुए की ये सम्मान हमें और उजार्वान बनाता है इसके लिए हम झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं जिला प्रशासन गढ़वा, एसबीआई गढ़वा, और यासीन मिल्लत कॉलेज गढ़वा, को इस सम्मान और आशीर्वाद के लिए दिल से आभार व्यक्त करते हैं।

नीरा यादव ने वाजपेई के राजनीतिक सफर पर प्रकाश डालते हुए उनके उपलब्धियों को गिनाया

नवप्रदेश, कोडरमा। भारतीय जनता पार्टी कोडरमा नगर द्वारा नगर अध्यक्ष नरेंद्र पाल की अध्यक्षता में झारखंड के जनक भारत रत्न, राजनीति के अजातशत्रु, असंख्य भाजपा कार्यकताओं के प्रेरणा स्त्रोत, ओजस्वी वक्ता, कवि, भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की 5वीं पुण्यतिथि कोडरमा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक एवं झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ.नीरा यादव के कोडरमा स्थित आवासीय कार्यालय में माननीय विधायक जी के गरिमामयी उपस्थिति में कार्यकताओं के साथ 16 अगस्त दिन बुधवार को मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से हुई, तत्पश्चात बाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि भाजपा ऐसे नहीं आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है, भारतीय जनता पार्टी में कार्यकताओं को तपना और तपाना पड़ता है। अनेक महापुरुषों के पदचिन्हों को अनुसरण करने के बाद पार्टी का कार्यकर्ता तैयार होते हैं। विधायक ने उनके राजनीतिक सफर पर प्रकाश डालते हुए उनके उपलब्धियों को भी याद कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर उपाध्यक्ष पिंटू श्रीवास्तव, नगर मंत्री सीताराम भगत जी, सचिंद्र कुमार शर्मा, अंबिका प्रसाद, श्याम किशोर सिंह, धनेश पांडे, राजकुमार सिंह, चंदन सिन्हा, शिव शक्ति कुमार गुप्ता, संदीप गुप्ता, रामचंद्र पासवान, रविंद्र गुप्ता, अभय कुमार, दिलीप सिंह, पिंटू साव,रानु शर्मा, नरेंद्र सिंह सहित अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

77 वें स्वतंत्रता दिवस पर आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों में खुशी का लहर

नवप्रदेश, डोमचांच। आदर्श फाउंडेशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के 77 वें ऐतिहासिक दिन के अवसर पर डोमचांच प्रखंड अंतर्गत जियोरायडीह एवं चन्दवारा प्रखंड अंतर्गत बेंदी बिरहोर कॉलोनी में आजादी का जश्न हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। वहीं राज्य से विलुप्त हो रही आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुए राष्ट्रीय एकता एवं भाईचारा को कायम रखने का शपथ भी लिया। वहीं आदर्श फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यकर्ता राहुल कुमार ने बताया की भारत की एकता एवं वसुधैव कुटुंबकम की सोच को विश्व के हर कोने तक पहुंचाना है। यह आजादी लाखों वीरों की कुबार्नी और समर्पण का प्रतिफल है। आदिम जनजाति समुदाय के लोगों से विशेष आग्रह है समय और परिस्थिति के अनुसार अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, बिरहोरों को अपनी अस्मिता एवं पहचान को कायम रखना है। मौके पर सैकड़ों की संख्या में बिरहोर परिवार के बच्चे, उनके अभिभावक एवं पंचायत के प्रतिनिधि मौजूद थे।

सनशाइन एजुकेशन एकेडमी में मना स्वतंत्रता दिवस

नवप्रदेश, डोमचांच। देश की आजादी के 77 वा स्वतंत्रता दिवस पर सनशाइन एजुकेशन एकेडमी में सुबह के 9:30 बजे देश का तिरंगा झंडा सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद बरनवाल के द्वारा झंडातोलन किया गया।इसी बीच विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता के साथ-साथ गीत संगीत का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जज की भूमिका में सुनील कुमार चक्रम जयदेव पांडे एवं नेहा कुमारी एवं मंच संचालन निदेशक पंकज कुमार एवं उप प्राचार्य कन्हैयालाल ने सम्मिलित रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं के साथ साथ विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राजकुमार मेहता आदित्य कुमार जयदेव पांडे मिथुन कुमार यादव अजय कुमार यादव एवं शिक्षिकाओं में नेहा कुमारी रूपा कुमारी लवली कुमारी कोमल कुमारी मुस्कान कुमारी एवं वंदना पांडे सभी ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस की रही धूम, निकाली गई आकर्षक परेड

नवप्रदेश, जयनगर। स्वतंत्रता दिवस का शुभ अवसर पर सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में 77वीं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आकर्षक परेड के साथ झंडोत्तोलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। बताते चलें की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आकर्षक झांकी के साथ 35 टोलियां में परेड मार्च निकाला गया था।

वाजपेई की पुण्यतिथि मनाई गई

नवप्रदेश, डोमचांच। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि मनाई गई स्थान मेहता भवन में आयोजित किया गया जिसमें कोडरमा संसाद सह केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी मुख्य रूप से उपस्थित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा कार्यकर्ता देवेंद्र कुमार मेहता संचालन प्रभाकर लाल रावत ने किया भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए भाजपा डोमचांच नगर पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार महामंत्री प्रदीप कुमार नीलकंठ मेहता, शिशिर सिंह, सुनील सिन्हा, मनोज मोदी, रौशन सिन्हा, संजय मेहता, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील कुमार मेहता, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज कुमार मेहता राजेश सिंह, अगलाल राम इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

एक नजर

डोमचांच में 77 वें स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से संपन्न

नवप्रदेश डोमचांच। प्रखंड मुख्यालय के अलावे विभिन्न क्षेत्रों में झंडातोलन कर तिरंगे को सलामी दिए सभी पंचायत भवन सरकारी व निजी स्कूल संस्कार पब्लिक स्कूल, ग्लोबल विजडम, अराइज अवेक अन्य कई जगहों पर आजादी के 77 वें दिवस के अवसर पर बड़े धूमधाम से राष्ट्र ध्वज व तिरंगा लहरा कर कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम को लेकर नवलशाही थाना प्रांगण में स्थानीय थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह के द्वारा स समय विधिवत 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी समाजसेवी, स्कूल के छात्र- छात्राएं स्थानीय पत्रकार, पुलिस बल जवानों के समक्ष राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराया गया। जहां सैकड़ों की उपस्थिति में देश प्रेमियों ने देकर व राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। 15 अगस्त अमर रहे की नारा की आवाज से पूरा थाना परिसर गूंज रहा था। वहीं बच्छेडीह पंचायत भवन में स्थानीय मुखिया बिना देवी के द्वारा उप मुखिया शकुंतला देवी, पूर्व उप मुखिया सभी वार्ड सदस्य दर्जनों की उपस्थिति समाजसेवी व राजकीय उच्च विद्यालय बच्छेडीह स्कूल के सैकड़ो छात्र-छात्राएं वीर शहीदों की वेशभूषा में सज धज कर एवं महिलाएं की मौजूदगी में तिरंगा झंडा फहराया गया। वहीं मौके पर उपस्थित रोजगार सेवक मनोज कुमार के द्वारा देशभक्ति गीत गाकर लोगों को बीच जोश बढ़ाने का काम किया। झंडा फहराने के पश्चात मुखिया बीना देवी उप मुखिया शकुंतला देवी वार्ड सदस्य चंद्रावती देवी आशा देवी इत्यादि के द्वारा संयुक्त रूप से पंचायत भवन के समीप वृक्षारोपण के तहत कई प्रकार की फलदार पौधा लगाया गया। राजकीय उच्च विद्यालय के प्रधान अध्यापक विनोद शर्मा ने अपना संबोधन में कहा कि भारत माता की आजादी कितने कुर्बानियां देकर मिली है और इस कुर्बानियों को हम लोग याद कर आज उनके प्रति हम सभी समर्पित हैं। वहीं समाजसेवी किशोर यादव ने अपने संबोधन में कार्यक्रम में उपस्थित तमाम लोगों का आभार व्यक्त करने के साथ सभी की उज्जवल भविष्य की कामना की एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समापन किया गया।

जी. एस. पब्लिक स्कूल में 77वें स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

नवप्रदेश, डोमचांच। स्थित जी. एस. पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में दिनांक 15 अगस्त को बड़े ही धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया सभी बच्चों के हाथों में तिरंगे लहराते हुए दिखें बताते की भारत देश के स्वतंत्रता की 77वां साल होने का जश्न हर घर तिरंगा के तहत विद्यालय में धूमधाम से राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। इस मौके पर विधायक डॉ. नीरा यादव पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं दिया व अपने आशीर्वचन दिए। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। एवं अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं आजादी की 77वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया एवं अपने स्लोगन में ये कहा कि उन्होंने देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले सभी वीर सपूतों को नमन किया व उनके सहादत को याद किया मौके पर विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने सभी को ढेरों शुभकामनाएं दी, एवं अपने संबोधन में सभी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया एवं कहा की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डोमचांच प्रखंड बी.डी.ओ. उदय कुमार सिन्हा, डोमचांच प्रमुख सत्य नारायण यादव, डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान, थाना इंस्पेक्टर अवधेश सिंह, जीप सदस्य शांति प्रिया, शुभोध यादव, कामनी देवी, डॉ. आई. सी. दास, नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहता, रोहित मेहता, लीलावती मेहता, डॉ. के. पी. चौधरी, प्रभाकर लाल रावत, भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर हरि किंकर जी, पंकज अम्बष्ट, रमेश्वर राम, शिवचरण साव, सिकंदर विश्कर्मा, शक्ति सिंह, नीलकंठ सिंह, भारत नारायण मेहता, रामलाल यादव, अरुण मेहता, रमेश्वर राम, परमेश्वर यादव, गीता देवी, प्रेमचंद सिंह, कुमकुम आर्या, मुकेश गोस्वामी, विपिन सिंह, सुनील रजक, सुब्रतो मुखर्जी, अंकु कुमार, आदि सैकड़ों लोग शामिल हुए।

धूमधाम से मना जश्ने आजादी



नवप्रदेश, सतगावां। प्रखंड के पूरे पंचायत में आजादी का जश्न धूमधाम से मनाया। 77वे स्वतंत्रता दिवस शुभ अवसर पर प्रखंड के सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों व स्कूलों में बस ध्वजारोहण के साथ कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने देश के अमर शहीदों तथा स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद किया। अनेक शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा पदाधिकारी सत्य नारायण भकत थाना परिसर में थाना प्रभारी आनंद कुमार साह एवं प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत मुखिया के द्वारा झंडातोलन किया गया। वहीं प्रखंड कार्यालय परिसर में झंडोत्तोलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव,प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह एवं स्वतंत्रतासेनानी ब्रजनन्दन प्रसाद के पुत्र विजय सिन्हा और द्वारका पांडे के परिजन लोग मौजूद थे।झंडा तोलन की शुरुआत सबसे पहले स्वतंत्रता सेनानी द्वारिका पांडे एवं ब्रजनंदन प्रसाद के स्मृति चिन्ह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद प्रखंड प्रमुख के द्वारा झंडा तोलन किया गया। झंडा तोलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव ने कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई सिर्फ एक देश की विदेशी साम्राज्य से मुक्त करने की लड़ाई नहीं थी, बल्कि इसके अनेक सामाजिक आर्थिक नैतिक और राजनैतिक पहलू थे।इस लड़ाई से न्याय और लोकतंत्र का अमृत निकला वास्तव में यह मानवता का तरह-तरह के अत्याचारों और अन्यायों से मुक्त करने की बड़ी लड़ाई थी। जिसका संदेश पूरी दुनिया में गया है।वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव द्वारा विभिन्न कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया। शिक्षा के क्षेत्र दामोदर सिंह, आयुष्मान क्षेत्र के लिए मनोज यादव,समाज में जागरूकता को लेकर बालगोविंद यादव, मिथिलेश सिंह एवं स्वतंत्र सेनानी के वंशज स्वराज राय को सम्मानित किया गया।वही मौके अनेकों सैकड़ों लोगों मौजूद थे।

विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में आन बान शान से फहराया गया तिरंगा

नवप्रदेश, मरकच्चो। प्रखंड के विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में 77वां गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आन बान शान से तिरंगा लहराकर झंडे को दिया गया सलामी। वहीं इस दौरान मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह मरकच्चो थाना में थाना प्रभारी लव कुमार, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय मरकच्चो में स्वर्णलता, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में वार्डेन उषा टोपनो, सामुदायिक स्वास्थ्यकेन्द्र मरकच्चो में चिकित्सा प्रभारी प्रदीप बैठा, उतक्रमित उच्च विद्यालय योगीडीह में विनोद कुमार सिन्हा, राजकीय मध्यविद्यालय बिचरिया नईटांड़ में अर्जुन महतो, रामानन्द सागर शिक्षा निकेतन नावाडीह में मिथिलेश प्रसाद बर्मा और भारती उच्च विद्यालय नावाडीह में महावीर प्रसाद बर्मा के साथ साथ प्रखंड के सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में झंडा फहराने के पश्चात तिरंगे को सलामी पेश कर अमर शहीदों के नाम से एक से बढ़कर एक नारा भी लगाया गया। वहीं इस दौरान कई विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कलाकारी का झाकियों भी पेश किया। वहीं इस दौरान कई विद्यालयों में देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया गया।

स्वतंत्रता दिवस पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बीडीओ-सीओ ने किया प्रतिभागियों को पुरस्कृत

सीबीसी, डालटनगंज ने मनिका डिग्री कॉलेज से निकाली तिरंगा यात्रा

लातेहार। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो डाल्टनगंज के द्वारा मनिका डिग्री कॉलेज, लातेहार में मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी विरेंद्र किन्डो, अंचल अधिकारी श्रेयांश, डॉ बिमल कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर की गई। इसके पश्चात सीबीसी डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी के द्वारा सभी अतिथियों का शॉल एवं बुके देकर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में प्रखंड विकास पदाधिकारी विरेंद्र किन्डो ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत मनिका प्रखंड में भी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यहां के विभिन्न पंचायतों से मिट्टी कलश अमृत वाटिका के निर्माण के लिए दिल्ली भेजा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में चयनित अमृत सरोवरों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने उपस्थित युवाओं से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने का भी आग्रह किया। अंचल अधिकारी श्रेयांस ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं ताकि देशवासियों में एकजुटता भी भावना विकसित हो। श्रेयांस इस दौरान राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का मकसद छात्र-छात्राओं में देशभक्ति की भावना विकसित करना है। पुष्कर ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह के मौके पर मनाया जा रहा है। उन्होंने हर घर तिरंगा वेबसाइट पर तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने के बारे में भी उपस्थित लोगों को बताया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के सहायक व्याख्याता मनीष कुमार तिवारी ने किया, जबकि इस मौक पर कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

बीडीओ ने दिलाई पंच प्राण की शपथ

कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को पंच प्राण की शपथ दिलाई जिसके तहत भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर-विसकित राष्ट्र बनाने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, नागरिक होने का कर्तव्य निभाने का जिक्र था।

तिरंगा रैली निकाली गई

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। रैली का बीडीओ, सीओ, कॉलेज के प्राचार्य और अन्य शिक्षकगण नेतृत्व कर रहे थे। ढोल-नगाड़े के साथ रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हर-घर तिरंगा फहराने का नारा लगा रहे थे।

प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार, खिले चेहरे

मनिका डिग्री कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रंगोली, मेहंदी, क्विज एवं पेंटिंग्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसके प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया।

पारंपरिक नृत्य से छात्राओं ने मोहा मन

विशेष जागरूकता अभियान कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की छात्राओं के द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक गीत प्रस्तुत किए गए। इसके पश्चात झूमर और नागपुरी भाषा में देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर छात्रों ने सबका मन मोह लिया। नागपुरी भाषा में देशभक्ति गीत प्रस्तुत करने पर उन्हें पुरस्कृत भी किया गया।

77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डोमचांच में शान से लहराया तिरंगा दी गई झंडे को सलामी

डोमचांच (कोडरमा)। 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरा प्रखंड तिरंगे से पटा दिखा। चारों और देश भक्ति के गाने तराने बजते दिखे। सरकारी गैर सरकारी संस्थान और सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। डोमचाँच शहीद स्मारक परिसर में पूर्व जिप अध्यक्ष ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी, वहीं झंडोत्तोलन विधायक डॉ नीरा यादव द्वारा किया गया। प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में प्रमुख सत्यनारायण यादव द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। नगर कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी जितेंद्र कुमार जैसल द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। डोमचांच थाना में थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां वहीं अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय में अवधेश सिंह द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। नवलशाही थाना में थाना प्रभारी अनिल सिंह द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। मधुबन पंचायत में मुखिया प्रवीण कुमार, बंगाखलार पंचायत में मुखिया शिवशंकर राय, काराखुट पंचायत में मुखिया अनीता देवी, बागडो पंचायत में मुखिया रेखा देवी बागरीडीह पंचायत में मुखिया शकील अहमद, ढाब पंचायत में मुखिया बैजू तुरी, जानपुर पंचायत में मुखिया मंसूर अली, पारहो पंचायत में दिनेश यादव, मसमोहना पंचायत में मुखिया चांदनी सिंह, फुलवरिया पंचायत में मुखिया संजय मेहता, पूरनाडीह पंचायत में मुखिया पप्पू यादव ने शान से तिरंगा झंडा लहराकर झंडे को सलामी दी गई। साथ ही वीरों के बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम स्थल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी उदय कुमार सिन्हा, पूर्व नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहता, पूर्व नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, लीलावती मेहता, कामिनी देवी, मुकेश रजक, मनोज रजक, रोहित मेहता नितेश सिंह, भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद वर्मा, प्रदीप सिंह, मुकेश रजक, मुकेश कुमार, बसंत मेहता, रोहित मेहता, भरत नारायण मेहता, सुजीत कुमार, सुनील सिन्हा के साथ थाना अधिकारी स्कूली बच्चे व अन्य मोजूद थे।

स्वतंत्रता सेनानी सह संविधान सभा के सदस्य रहे स्वर्गीय यदुवंश सहाय 'यदु बाबू' के घर पहुंचे मंत्री

पलामू। 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन, मेदिनीनगर में आयोजित राजकीय समारोह में झंडोत्तोलन करने के पश्चात राज्य के कृषि मंत्री बादल शहर के जेलहाता पहुंचे.यहां उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी सह संविधान सभा के सदस्य रहे स्वर्गीय यदुवंश सहाय 'यदु बाबू' के पुत्र बृजनंदन सहाय उर्फ मोहन बाबू को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया.इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहां आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह गर्व का विषय है कि स्वर्गीय 'यदु बाबू' संविधान सभा के सदस्य रहे.उन्होंने कहा कि यदु बाबू जैसे महान विभूतियों के योगदान के फलस्वरुप ही हमारा देश यहां तक पहुंचा है.उन्होंने कहा कि यदु बाबू के घर आने का उद्देश्य इनके परिजनों को यह अहसास दिलाना है कि आज भी आप सरकार के नजर में है,आज भी आपकी उतनी ही महत्वता है जितना कि उस दिन था.इस अवसर पर यदु बाबू के परिजन उपस्थित रहे।

एमएमसीएच पहुंचे मंत्री, बच्ची का जाना हाल

स्वर्गीय यदु बाबू के परिजनों से मुलाकात करने के पश्चात मंत्री बादल एमएमसीएच पहुंचे.यहां वे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती बीसीसी मिशन बालिका विद्यालय की बच्ची सुमन उरांव का हाल-चाल जाना व बच्ची को निजी स्तर से आर्थिक सहयोग भी किया.ज्ञातव्य है कि पुलिस लाइन स्टेडियम में मुख्य राजकीय समारोह के दौरान बच्ची चक्कर खाकर गिर पड़ी थी जिसे त्वरित रूप से एमएमसीएच में भर्ती कराया गया था।

उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न, दिये आवश्यक दिशानिर्देश



नवप्रदेश, कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, हिट एंड रन मामले समेत कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा समिति, नगर निकाय और थाना से संयुक्त टीम बनाकर बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों का नियमित चेकिंग जांच करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रेशर हॉर्न पर नियमित कार्रवाई करें। घायलों को मदद करने के लिए जगह जगह पर गुड़ सेमेरिटन को पोस्टर लगायें। साथ ही एन एच के सर्विस रोड पर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त महोदया ने चंदवारा में विद्यालय के पास फ्लाई ओवर बनाने हेतु एन एच को निर्देश दिये। सड़क सुरक्षा को जगह जगह पर ओवर स्पीटिंग का बोर्ड लगाने की बात कही। झुमरी तिलैया में ऑटो स्टैंड और पार्किंग व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक श्री कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, जिला परिवहन पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय समेत अन्य मौजूद रहे।

ऑपरेशन सतर्क के तहत कोडरमा आरपीएफ द्वारा अंग्रेजी शराब बरामद

कोडरमा। निरीक्षक प्रभारी कोडरमा जवाहर लाल के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह साथ में प्रधान आरक्षी कमलेश सिंह, आरक्षी अशोक कुमार गुप्ता सभी रेसुब पोस्ट कोडरमा के बल सदस्य कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 04/05 पर गश्ती कर रहे थे। इसी क्रम में कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं0- 04/05 पर न्यू फुट ओभर ब्रिज के पास एक ब्लू रंग का ट्रॉली बैग संदिग्ध अवस्था में देखा गया। संदेह होने पर उसके पास जाकर आसपास बैठे यात्रियों से पूछताछ किया गया तो किसी ने अपना दावा पेश नहीं किया तत्पश्चात उक्त ट्रॉली बैग को चेक किया गया तो उसमें 18 अदद जिसमें प्रत्येक की क्षमता 750 मिली0 तथा प्रत्येक की किमत 670/- रुपए पाया गया। तथा 04(चार) अदद जिसमें प्रत्येक की क्षमता 375 टछ और प्रत्येक की कीमत 340/रुपए। यानी कुल अंग्रेजी शराब की क्षमता 15000टछ और कुल कीमत 13420/ रुपए आकी गई। जिसके बाद मौके पर ही सहायक उप निरीक्षक/ओमप्रकाश सिंह, रेसुब पोस्ट, कोडरमा के द्वारा उपलब्ध गवाहों के समक्ष उपर्युक्त अंगेशी शराब को जप्ती सूची बनाते हुए जप्त किया गया तथा अग्रिम कार्यवाही वास्ते रेसुब पोस्ट कोडरमा पर लाया गया। सभी अंग्रेजी शराब को उत्पाद विभाग कोडरमा को सुपुर्द कर दिया गया।

डिज्नीलैंड मेला का झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा ने फीता काटकर किया उद्घाटन

पलामू। के महिलाएं और बच्चे हर वर्ष सावन में डिजनीलैंड मेला का करते हैं इंतजार मकेला के लगते हैं उनमें जग जाती है खुशियां उद्घाटन के अवसर पर जिला सचिव सन्नु सिदकी डिज्नीलैंड के मैनेजर पवन कुमार गुप्ता जितेंद्र अग्रवाल ट्विंकल गुप्ता कल्लू भाई जान सूरज कुमार अग्रवाल सहित सनी शुक्ला राकेश सिन्हा रमेश सिंह अफसरा रबानी अनुराग सिंह नवीन सिन्हा अंकित सिंह शैलेस चंद्रवंशी प्रदीप सिंह कई लोग मौजूद थे। डिज्नीलैंड मेला कर अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस बार डिज्नीलैंड मेला में मुख्य आकर्षण का केंद्र मौत का कुआं है जिसमें लड़की मोटरसाइकिल चलायेगी और मौत के कुआं में अपना करतब दिखाइएगी साथ ही साथ रेंजर झूला टोरा टोरा ब्रेक डांस नौका विहार सहित महिला बच्चों के लिए हर तरह के स्टॉल और बहुत सारे खानपान के समान भी उपलब्ध है जो कि लगातार महिलाएं बच्चे इंतजार करते रहते हैं ।

गरीबों के मसीहा एवं तिरंगे वाले शौकत खान को मंत्री ने किया सम्मानित

गढवा पलामू। गढ़वा मंगलवार टाऊन हॉल के मैदान में 77 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला प्रशासन गढ़वा के द्वारा राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह सह अनेक निःशुल्क बैंक गढ़वा के संस्थापक शौकत खान को अनेक निस्वार्थ सेवा कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह गढ़वा के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शौकत खान को समाज हित में लगातार उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और शौकत खान के निस्वार्थ सेवा कार्यों की सराहना किये वहीं उसी मंच पर मंत्री ने भारतीय स्टेट बैंक गढ़वा के द्वारा शौकत खान को मोमेंट देकर सम्मानित किया। उसके बाद स्वतंत्रता दिवस पर डॉ यासीन मिल्लत इंटर कॉलेज परिसर गढ़वा में कॉलेज के सचिव डॉ यासीन अंसारी के द्वारा तिरंगे वाले शौकत खान को ऐतिहासिक सेवा कार्यों के लिए मुख्य अतिथि मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शौकत खान को शॉल ओढ़ाकर और मेमोंटो देकर सम्मानित किया और मंत्री ने कहां कि समाज के सच्चे सेवक है ये और इनकी सेवा कार्य सबसे आला दर्जे कि है इन पर गढ़वा जिला समेत पुरे झारखंड को नाज है इनके ऐतिहासिक सेवा कार्यों पर, समाजसेवी शौकत खान ने स्वतंत्रता दिवस पर मंत्री के हाथों कई जगहों पर सम्मान पाकर हर्ष व्यक्त करते हुए की ये सम्मान हमें और उजार्वान बनाता है इसके लिए हम झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं जिला प्रशासन गढ़वा, एसबीआई गढ़वा, और यासीन मिल्लत कॉलेज गढ़वा, को इस सम्मान और आशीर्वाद के लिए दिल से आभार व्यक्त करते हैं।

नीरा यादव ने वाजपेई के राजनीतिक सफर पर प्रकाश डालते हुए उनके उपलब्धियों को गिनाया

नवप्रदेश, कोडरमा। भारतीय जनता पार्टी कोडरमा नगर द्वारा नगर अध्यक्ष नरेंद्र पाल की अध्यक्षता में झारखंड के जनक भारत रत्न, राजनीति के अजातशत्रु, असंख्य भाजपा कार्यकताओं के प्रेरणा स्त्रोत, ओजस्वी वक्ता, कवि, भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की 5वीं पुण्यतिथि कोडरमा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक एवं झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ.नीरा यादव के कोडरमा स्थित आवासीय कार्यालय में माननीय विधायक जी के गरिमामयी उपस्थिति में कार्यकताओं के साथ 16 अगस्त दिन बुधवार को मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से हुई, तत्पश्चात बाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि भाजपा ऐसे नहीं आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है, भारतीय जनता पार्टी में कार्यकताओं को तपना और तपाना पड़ता है। अनेक महापुरुषों के पदचिन्हों को अनुसरण करने के बाद पार्टी का कार्यकर्ता तैयार होते हैं। विधायक ने उनके राजनीतिक सफर पर प्रकाश डालते हुए उनके उपलब्धियों को भी याद कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर उपाध्यक्ष पिंटू श्रीवास्तव, नगर मंत्री सीताराम भगत जी, सचिंद्र कुमार शर्मा, अंबिका प्रसाद, श्याम किशोर सिंह, धनेश पांडे, राजकुमार सिंह, चंदन सिन्हा, शिव शक्ति कुमार गुप्ता, संदीप गुप्ता, रामचंद्र पासवान, रविंद्र गुप्ता, अभय कुमार, दिलीप सिंह, पिंटू साव,रानु शर्मा, नरेंद्र सिंह सहित अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

77 वें स्वतंत्रता दिवस पर आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों में खुशी का लहर

नवप्रदेश, डोमचांच। आदर्श फाउंडेशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के 77 वें ऐतिहासिक दिन के अवसर पर डोमचांच प्रखंड अंतर्गत जियोरायडीह एवं चन्दवारा प्रखंड अंतर्गत बेंदी बिरहोर कॉलोनी में आजादी का जश्न हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। वहीं राज्य से विलुप्त हो रही आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुए राष्ट्रीय एकता एवं भाईचारा को कायम रखने का शपथ भी लिया। वहीं आदर्श फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यकर्ता राहुल कुमार ने बताया की भारत की एकता एवं वसुधैव कुटुंबकम की सोच को विश्व के हर कोने तक पहुंचाना है। यह आजादी लाखों वीरों की कुबार्नी और समर्पण का प्रतिफल है। आदिम जनजाति समुदाय के लोगों से विशेष आग्रह है समय और परिस्थिति के अनुसार अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, बिरहोरों को अपनी अस्मिता एवं पहचान को कायम रखना है। मौके पर सैकड़ों की संख्या में बिरहोर परिवार के बच्चे, उनके अभिभावक एवं पंचायत के प्रतिनिधि मौजूद थे।

सनशाइन एजुकेशन एकेडमी में मना स्वतंत्रता दिवस

नवप्रदेश, डोमचांच। देश की आजादी के 77 वा स्वतंत्रता दिवस पर सनशाइन एजुकेशन एकेडमी में सुबह के 9:30 बजे देश का तिरंगा झंडा सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद बरनवाल के द्वारा झंडातोलन किया गया।इसी बीच विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता के साथ-साथ गीत संगीत का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जज की भूमिका में सुनील कुमार चक्रम जयदेव पांडे एवं नेहा कुमारी एवं मंच संचालन निदेशक पंकज कुमार एवं उप प्राचार्य कन्हैयालाल ने सम्मिलित रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं के साथ साथ विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राजकुमार मेहता आदित्य कुमार जयदेव पांडे मिथुन कुमार यादव अजय कुमार यादव एवं शिक्षिकाओं में नेहा कुमारी रूपा कुमारी लवली कुमारी कोमल कुमारी मुस्कान कुमारी एवं वंदना पांडे सभी ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस की रही धूम, निकाली गई आकर्षक परेड

नवप्रदेश, जयनगर। स्वतंत्रता दिवस का शुभ अवसर पर सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में 77वीं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आकर्षक परेड के साथ झंडोत्तोलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। बताते चलें की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आकर्षक झांकी के साथ 35 टोलियां में परेड मार्च निकाला गया था।

वाजपेई की पुण्यतिथि मनाई गई

नवप्रदेश, डोमचांच। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि मनाई गई स्थान मेहता भवन में आयोजित किया गया जिसमें कोडरमा संसाद सह केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी मुख्य रूप से उपस्थित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा कार्यकर्ता देवेंद्र कुमार मेहता संचालन प्रभाकर लाल रावत ने किया भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए भाजपा डोमचांच नगर पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार महामंत्री प्रदीप कुमार नीलकंठ मेहता, शिशिर सिंह, सुनील सिन्हा, मनोज मोदी, रौशन सिन्हा, संजय मेहता, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील कुमार मेहता, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज कुमार मेहता राजेश सिंह, अगलाल राम इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

पहाड़ों से नीचे खिसक सकते हैं शिमला, कुल्लू व सोलन जैसे शहर! हिमाचल की मिट्टी में आयी जबरदस्त नमी

हिमाचल प्रदेश पर अब तक की सबसे बड़ी तबाही का खतरा मंडरा रहा है। समूचे हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों पर बसे सभी बड़े शहरों के नीचे की मिट्टी में नमी पहुंच गई है। नमी की वजह से कभी भी बड़ी आबादी वाले शहर नीचे खिसक सकते हैं।



बीते कुछ दिनों से हिमाचल प्रदेश में हो रही बारिश ने एक बहुत बड़े खतरे की ओर बड़ा कदम बढ़ा दिया है। यह खतरा हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों पर बसे बड़े शहरों के नीचे की मिट्टी में आई नमी की वजह से बना है। मौसम विभाग के मुताबिक, लगातार हो रही बारिश से यहां के पहाड़ों के भीतर की मिट्टी में इतनी नमी आ गई है। इससे लैंडस्लाइड, मड स्लाइड समेत बड़े-बड़े पेड़ों वाले जंगलों के नीचे की मिट्टी खिसक रही है।

वैज्ञानिकों को अब इस बात का डर सता रहा है कि चार जुलाई से हो रही तेज बारिश और नमी का असर अगले कुछ महीनो में पहाड़ों पर बसे शहरों के खिसकने के तौर पर भी सामने आ सकता है। इन शहरों में हिमाचल प्रदेश की राजधानी समेत कई बड़े जिले भी शामिल हैं। फिलहाल हिमाचल प्रदेश का मौसम विभाग केंद्रीय जांच एजेंसियों से पहाड़ों की इन नमी का आकलन करवाने की बात कही है, ताकि पता चल सके कि हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों के भीतर नमी कितनी है और कितने पहाड़ अब सुरक्षित बचे हैं।

हिमाचल के पहाड़ों के भीतर की मिट्टी में आ गयी है नमी

हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग के निदेशक सुरेंद्र पाल कहते हैं कि बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही पहाड़ों की बारिश से हिमाचल प्रदेश पर खतरे का साया मंडरा रहा है। वह बताते हैं कि लगातार बारिश की वजह से पहाड़ों की मिट्टी में नमी बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इस बढ़ी हुई नमी के चलते पहाड़ों पर स्थापित इंफ्रास्ट्रक्चर को सबसे बड़ा खतरा पैदा हो सकता है।

मौसम विभाग के निदेशक सुरेंद्र पाल किसी बड़े खतरे को भांपते हुए कहते हैं कि जल्द ही व राज्य सरकार से और केंद्र सरकार से गुजारिश कर हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों की मिट्टी में मौजूद नमी के प्रतिशत का आकलन करवाएंगे। उनका कहना है कि हिमाचल प्रदेश में ज्यादातर पहाड़ मिट्टी के हैं। बीते डेढ़ महीने से पहाड़ों पर न सिर्फ लगातार बारिश हो रही है, बल्कि बादल फटने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। बारिश का पानी लगातार पहाड़ों के भीतर की मिट्टी में पहुंच कर उनको न सिर्फ कमजोर कर रहा है, बल्कि नमी के चलते बड़े खतरे की ओर भी बढ़ा रहा है।

पहाड़ों के जंगल भी बारिश के पानी को नहीं रोक पा रहे

मौसम विभाग के निदेशक सुरेंद्र पाल कहते हैं कि बीते कुछ दिनों में जिस तरीके से हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर से तबाही मचनी शुरू हुई है उससे अब यह कहा जा सकता है की हालात फिलहाल खतरनाक हो गए हैं। वह कहते हैं जिस तरीके से पहाड़ों पर बने हुए घर खिसक रहे हैं उससे साबित होता है कि पहाड़ों की मिट्टी में नमी का स्तर बहुत ज्यादा हो गया है। नतीजतन वह अपने ऊपर के भार को संभाल नहीं पा रहे हैं और नीचे की ओर खिसक रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश के मौसम विभाग का मानना है कि यहां के ज्यादातर पहाड़ मिट्टी के हैं और बड़े-बड़े शहर उन्हीं पहाड़ों के ऊपर बसे हुए हैं। इसलिए न सिर्फ खतरा बढ़ा है बल्कि उसको रोकने के उपाय भी बेहद जरूरी हो गए हैं। वह कहते हैं पहाड़ों पर बसे जंगलो के पेड़ अपना अस्तित्व छोड़ कर नीचे गिर रहे हैं। उससे यह भी अंदाजा लगाया जा रहा है कि ये जंगल और पेड़ भी बारिश के पानी को संचयित नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए पहाड़ों पर बसे शहरों और यहां की आबादी के लिए बड़ी चिंता का विषय बनता जा रहा है।

इन शहरों को है सबसे ज्यादा खतरा लगातार हो रही बारिश से मौसम विभाग को सबसे ज्यादा खतरा हिमाचल प्रदेश के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहरों को लेकर बना हुआ है। निदेशक सुरेंद्र पाल कहते हैं कि जिन शहरों में लगातार हो रही बारिश से लैंडस्लाइडिंग और मड स्लाइडिंग का खतरा बना हुआ है उसमें शिमला, सोलन, मंडी, कुल्लू, बिलासपुर और सिरमौर समेत कई प्रमुख जिले और उनके शहर शामिल हैं।

दरअसल, पहाड़ों पर बसे इन शहरों की आबादी न सिर्फ लगातार बढ़ती रही, बल्कि यहां पर बेतरतीब तरीके से निर्माण का काम भी किया जाता रहा। इसके अलावा मौसम विभाग को चिंता इस बात की भी सबसे ज्यादा है कि हिमाचल प्रदेश के ज्यादातर बांध और बैराज फुल हो चुके हैं। इस वजह से पहाड़ों का जलस्तर भी ऊपर बढ़ गया है। जलस्तर के बढ़ने से पहाड़ों की मिट्टी में न सिर्फ नमी बढ़ रही होगी बल्कि वह कमजोर भी हो सकते हैं।

पश्चिमी विक्षोभ और मानसून ने पैदा किया ऐसे हालात

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पहले चरण में हुई 7 से 11 जुलाई की बारिश में हिमाचल प्रदेश के ऊपरी हिस्सों में सबसे ज्यादा बारिश हुई और बाढ़ से नुकसान हुआ। 11 से 14 जुलाई के बीच बारिश ने व्यास और सतलुज नदी के इलाकों में तबाही मचानी शुरू की। मौसम विभाग के निदेशक सुरेंद्र पाल कहते हैं कि अब हुई बारिश से ज्यादा चिंता बढ़नी शुरू हो गई है। इस बार होने वाली बारिश न सिर्फ कम ऊंचाई वाले इलाकों में अपनी तेज गति से हो रही है, बल्कि पश्चिमी विक्षोभ और मानसून उनके आपस में मिलने की वजह से हालात हिमाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा कठिन हो गए हैं।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, फिलहाल हिमाचल प्रदेश में अगले पांच दिनों तक मौसम कुछ सामान्य रहने वाला है। हालांकि, 19 अगस्त से प्रदेश में एक बार फिर से मौसम के बिगड़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में मौसम की वजह से होने वाले नुकसान और लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने के लिए काम कर रही एजेंसियों का कहना है कि मौसम विभाग के आकलन के मुताबिक ही उनकी पूरी तैयारियां चल रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय भी लगातार हिमाचल प्रदेश में बदहाल हुए मौसम और उससे होने वाले नुकसान से बचाव के बाबत लगातार संपर्क में बना हुआ है।

पहाड़ों के खोखले टीलों पर बसे हैं हिमालय के कई शहर

जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. अरूप चक्रवर्ती कहते हैं कि बीते एक दशक में तैयार की गई उनकी रिपोर्ट बताती है कि पहाड़ के ज्यादातर आबादी वाले हिस्से के इलाके एक खोखले टीले पर बसे हुए हैं। वह कहते हैं कि जिस तरीके की मूसलाधार बारिश पहाड़ों पर जमकर हो रही है और तेजी से पिघलते ग्लेशियर से निकलता पानी तेजी से नदियों के माध्यम से उन पहाड़ों के भीतर जाकर उनकी जड़ों को और खोखला कर रहा है। चक्रवर्ती अंदेशा जताते हैं कि जिस तरीके से बीते दो दिनों में बारिश हुई है वह पहाड़ी इलाकों के लिए सबसे खतरनाक साबित हो सकती है। चक्रवर्ती कहते हैं कि सबसे बड़ा खतरा पहाड़ों के खिसकने का है। उनका उनका कहना है कि इस वक्त सबसे ज्यादा हिमाचल प्रदेश में बारिश कहर बरपा रही है। खोखले हो चुके पहाड़ों पर बसी आबादी और खतरनाक पहाड़ों पर बने मकानों और उनके ठिकानों के खिसकने का खतरा बना हुआ है। वह कहते हैं कि जिस तरीके से बारिश हुई है अगर इसी तरीके की बारिश इस मानसून में एक दो बार और हो जाती है तो बेहद चिंता की बात होगी।

पहाड़ों का गुरुत्वाकर्षण केंद्र भी खिसक रहा अपनी जगह से

पहाड़ों पर बसी आबादी को लेकर एक बहुत बड़ा खतरा सामने आ रहा है। भूवैज्ञानिकों का कहना है पहाड़ों का गुरुत्वाकर्षण केंद्र अपनी जगह से खिसकने लगा है। लगातार हो रहे बेतरतीब तरीके के निर्माण कार्य से आबादी वाले पहाड़ खोखले भी होने लगे हैं। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वैज्ञानिक अरूप चक्रवर्ती कहते हैं कि आने वाले दिनों में पहाड़ों के खिसकने की घटनाएं न सिर्फ हिमाचल और उत्तराखंड में बढ़ेंगी, बल्कि पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में बसे पहाड़ी इलाकों और नेपाल, भूटान, तिब्बत जैसे देशों में भी ऐसी घटनाओं के बढ़ने की संभावना ज्यादा है। इसमें बारिश की वजह से और बड़ी घटनाओं के होने की आशंका बनी हुई है।

वह कहते हैं कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पहाड़ों के खिसकने का सिलसिला लगातार जारी है। पहाड़ों पर लगातार हो रहे अतिक्रमण से पहाड़ों का पूरा गुरुत्वाकर्षण केंद्र अव्यवस्थित हो गया है। पहाड़ों की टो कटिंग और बेतरतीब तरीके से हो रहे निर्माण की वजह से ऐसे हालात बने हैं। उनका कहना है कोई भी पहाड़ तभी तक टिका रह सकता है जब उसका गुरुत्वाकर्षण केंद्र स्थिर हो। पहाड़ों की तोड़फोड़ और पहाड़ों पर बेवजह के बोझ से उसका स्थिर रखने वाला गुरुत्वाकर्षण केंद्र अपनी जगह छोड़ देता है। ऐसे में जब तेज बारिश होती है और नदियों का बहाव अपने वेग के साथ पहाड़ी इलाकों में बहता है, तो पहाड़ों की खोखली हो रही नीव को गिराने की क्षमता भी रखते हैं। यही परिस्थितियां सबसे खतरनाक होती हैं।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : 17 अगस्त, 2023

मेष : सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप पैदा हो सकते हैं। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ होगा। भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-5-6

वृष : मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नता भी बढ़ेगी। शुभांक-4-6-7

मिथुन : व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रु पक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। शुभांक-4-6-7

कर्क : आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-7-9

सिंह : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-8

कन्या : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-5-7

तुला : स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रु पक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आयेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शुभांक-2-6-8

वृश्चिक : आवेश में आना हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। जो चल रहा है, उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-3-6-8

धनु : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-4-6-7

मकर : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान करेंगे। शुभांक-3-5-6

कुंभ : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

मीन : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की आशंका है। जो चल रहा है, उसे सावधानीपूर्वक संभालें। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8





आईजीआई एयरपोर्ट पर 2.93 करोड़ रुपये का सोना जब्त, आठ गिरफ्तार

नई दिल्ली (हि.स.)। कस्टम विभाग ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर एक तस्कर गिरोह का पदार्फाश किया है। कस्टम अधिकारियों ने ताशकंद से आए 8 यात्रियों को गिरफ्तार कर 5.319 किलोग्राम सोने की चेन बरामद की है। सोने की चेन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2.93 करोड़ रुपये बताई जा रही है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीआईसी) ने बुधवार को एक्स पोस्ट पर ट्विट कर बताया कि ताशकंद से आए आठ लोगों से कस्टम विभाग के अधिकारियों ने 5.319 किलोग्राम सोना की (50 चेन) बरामद किया है। सीबीआईसी ने कहा कि जब्त किए गए सोने की 50 चेन की कीमत 2.93 करोड़ रुपये है। फिलहाल मामले में आगे की जांच जारी है।

बोइंग ने भारतीय सेना के लिए अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू किया

नई दिल्ली (हि.स.)। अमेरिकी कंपनी बोइंग ने भारतीय सेना को दिए जाने वाले अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू कर दिया है। रक्षा विनिर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी कुल छह एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर भारतीय सेना को सौंपेगी। अपाचे के धड़ का निर्माण हैदराबाद में टाटा बोइंग एयरोस्पेस लिमिटेड सुविधा में किया गया है। अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बुधवार को बताया कि उसने भारतीय सेना को सौंपे जाने वाले अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन एरीजोना के मेसा में शुरू कर दिया है। भारतीय सेना को अपाचे हेलीकॉप्टर की आपूर्ति 2024 तक निर्धारित है। एएच-64 अपाचे दुनिया के सबसे उन्नत बहुउद्देश्यीय लड़ाकू हेलीकाप्टरों में से एक है। बोइंग इंडिया के अध्यक्ष सलील गुप्ते ने कहा कि भारत की रक्षा क्षमताओं का समर्थन करते हुए बोइंग एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर खुश हैं। उन्होंने कहा कि एएच-64 की उन्नत तकनीक और प्रमाणित प्रदर्शन, भारतीय सेना की परिचालन तैयारियों और उसकी रक्षा क्षमताओं को और मजबूत बनाने में मदद करेगा। उल्लेखनीय है कि बोइंग कंपनी एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निगम है, जो दुनिया भर में हवाई जहाज, रोटरक्राफ्ट, रॉकेट, उपग्रह, दूरसंचार उपकरण और मिसाइलों की डिजाइन, निर्माण और बिक्री करता है। इसके अलावा कंपनी पट्टे पर देने और उत्पाद समर्थन सेवाएं भी प्रदान करती है।

चौतरफा बिकवाली में लुढ़कीं प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज, टॉप 10 में से 9 रेड जोन में

नई दिल्ली (हि.स.)। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 1 मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार करती नजर आ रही है, जबकि बिटकॉइन और एथेरियम समेत शेष 9 क्रिप्टो करेंसीज गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे तक दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत 0.75 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 29,147.89 डॉलर यानी 24.25 लाख रुपये के स्तर पर पहुंच गई। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आभासी मुद्रा एथेरियम की कीमत 0.98 प्रतिशत टूट कर 1,822.86 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज में टेथर 0.01 प्रतिशत, बीएनबी 2.10 प्रतिशत, एक्सआरपी 4.37 प्रतिशत, काडार्नो 4.16 प्रतिशत, डोजेकॉइन 5.72 प्रतिशत, सोलाना 6.35 प्रतिशत और ट्रॉन 1.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान यूएसडी कॉइन अकेली ऐसी क्रिप्टो करेंसी रही, जो 0.01 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ कारोबार कर रही थी। अगर ओवरऑल क्रिप्टो करेंसी मार्केट की बात करें, तो चौतरफा दबाव के कारण पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में भी 1.51 प्रतिशत की कमजोरी आई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप गिर कर 1.15 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 95.66 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। क्रिप्टो करेंसीज की कीमत में जोरदार गिरावट के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लेन-देन में तेजी आई है। इस अवधि में करीब 2,538 करोड़ डॉलर यानी करीब 2.11 लाख करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई है। पिछले 1 दिन की तुलना में लेन-देन का ये स्तर 25.38 प्रतिशत अधिक रहा है। के कारोबार में हुई खरीद बिक्री के बाद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी भी 0.35 प्रतिशत बढ़ कर 49.13 प्रतिशत हो गई है।

गो फर्स्ट एयरलाइन की सभी उड़ानें 18 अगस्त तक कैंसिल

नई दिल्ली (हि.स.)। आर्थिक संकट से जूझ रही एयरलाइन कंपनी गो फर्स्ट ने अब अपनी सभी उड़ानें 18 अगस्त तक रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने पिछले 3 मई से लगातार अपनी सभी फ्लाइट्स को कैंसिल कर रखा है। कंपनी ने एक्स पोस्ट पर ट्वीट कर बताया कि परिचालन कारणों से 18 अगस्त तक गो फर्स्ट की सभी उड़ानें कैंसिल कर दी गई हैं। गो फर्स्ट ने कहा कि असुविधा के लिए हम क्षमा चाहते हैं। अधिक जानकारी के लिए सभी ग्राहक ttp:hotrurl.t/jlrEZ पर जा सकते हैं। किसी तरह के संशय या सवाल मन में होने पर आप बेझिझक हमसे संपर्क कर सकते हैं। इससे पहले जुलाई के आखिर में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने दो महीने से बंद पड़ी गो फर्स्ट एयरलाइन कंपनी को 15 विमानों और 114 दैनिक उड़ानों के संचालन की अनुमति दी थी। साथ ही एयरलाइन से कहा था कि अंतरिम फंडिंग की उपलब्धता और नियामक से उड़ान कार्यक्रम की मंजूरी के साथ परिचालन शुरू कर सकता है। गो फर्स्ट एयरलाइन मई से लगातार अपनी सभी उड़ानों को कैंसिल कर रही है। इससे पहले कंपनी ने 16 अगस्त तक के लिए अपनी सभी उड़ानों को कैंसिल कर दिया था। एयरलाइन के पास करीब 4,200 कर्मचारी हैं।

शेयर बाजार में कमजोर शुरूआत के बाद सुधार के संकेत

नई दिल्ली, 16 अगस्त (हि.स.)। वैश्विक दबाव का असर आज घरेलू शेयर बाजार पर भी साफ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। हालांकि खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी की, जिसकी वजह से बाजार की स्थिति में कुछ सुधार जरूर हुआ। इसके बावजूद शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान में ही बने हुए थे। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.19 प्रतिशत और निफ्टी 0.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद आईटी सेक्टर के शेयरों में बढ़त नजर आ रही थी। इस दौरान स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजी, टेक महिंद्रा और विप्रो के शेयर 1.30 प्रतिशत से लेकर 0.98 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, डिवीज लेबोरेट्रीज, अडाणी पोर्ट्स, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 2.09 प्रतिशत से लेकर 1.31 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,958 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,075 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 883 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 20 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 14 शेयर हरे निशान में और 36 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे।

कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड का भाव 85 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.21 डॉलर यानी 0.25 फीसदी की गिरावट के साथ 84.68 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.19 डॉलर यानी 0.23 फीसदी लुढ़क कर 80.80 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

गिरावट के बाद शेयर बाजार में शानदार रिकवरी, सेंसेक्स निचले स्तर से 570 अंक उछला

नई दिल्ली (हि.स.)। वैश्विक दबाव के बावजूद घरेलू शेयर बाजार ने बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव की वजह से शेयर बाजार तेज गिरावट का शिकार हो गया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने चौतरफा लिवाली शुरू कर दी। इसकी वजह से कारोबार का अंत बढ़त के साथ हुआ। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.21 प्रतिशत और निफ्टी 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। कारोबार में पावर, ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल, यूटिलिटी, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इन सेक्टर्स में 0.50 प्रतिशत से लेकर 01 प्रतिशत तक की मजबूती दर्ज की गई। दूसरी ओर टेलीकॉम, मेटल और फाइनेंशियल सेक्टर के शेयर गिरावट का शिकार हो गए। ब्रॉडर मार्केट में भी खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति करीब 62 हजार करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़कर 304.36 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 303.74 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 62 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,757 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,850 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,779 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 212 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,047 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,075 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 972 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान में और 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 163.25 अंक की कमजोरी के साथ 65,238.67 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक 369.03 अंक टूट कर 65,032.89 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बाजार में खरीदारी का जोर बन जाने के कारण इस सूचकांक की गति में तेजी आ गई। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के कारण आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 570 अंक से अधिक की छलांग लगाकर 203.82 अंक की बढ़त के साथ 65,605.74 अंक के स्तर तक पहुंच गया। दिनभर की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 137.50 अंक की तेजी के साथ 65,539.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में भी चौतरफा दबाव

नई दिल्ली (हि.स.)। ग्लोबल मार्केट से आज बड़ी कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। इसी तरह यूरोपीय बाजार में भी 1.59 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजार में भी आज चौतरफा दबाव बना नजर आ रहा है। अमेरिका में बैंकों की रेटिंग घटाई जाने की आशंका की वजह से पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट में लगातार दबाव नजर आया। इसके साथ ही चीन के कमजोर आर्थिक आंकड़ों की वजह से भी वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांकों पर नकारात्मक असर पड़ा। डाउ जॉन्स 361.24 अंक यानी 1.02 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 34,946.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.16 प्रतिशत टूट कर 4,437.86 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 157.28 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13,631.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 117.51 अंक यानी 1.59 प्रतिशत कमजोर होकर 7,389.64 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 1.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,267.70 के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 136.97 अंक यानी 0.87 प्रतिशत टूट कर 15,767.28 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना हुआ है। एशिया के सभी 9 बाजारों के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.40 प्रतिशत कमजोर होकर 19,396.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स अभी तक के कारोबार में 0.53 प्रतिशत टूट कर 3,215.51 अंक के स्तर तक गिर गया है। निक्केई इंडेक्स भी 383.87 अंक यानी 1.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 31,855.02 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। हैंग सेंग इंडेक्स 257.89 अंक यानी 1.41 प्रतिशत लुढ़क कर 18,323.22 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि कोस्पी इंडेक्स 1.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,531.57 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई का निफ्टी 65.55 अंक की कमजोरी के साथ 19,369 अंक के स्तर पर खुला

नई दिल्ली (हि.स.)। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई का निफ्टी 65.55 अंक की कमजोरी के साथ 19,369 अंक के स्तर पर खुला। शुरूआती बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 117.35 अंक की गिरावट के साथ 19,317.20 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद खरीदारी शुरू हो जाने से इस सूचकांक में भी रिकवरी शुरू हो गई। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से शाम 3 बजे के करीब ये सूचकांक निचले स्तर से 165 अंक से ज्यादा की रिकवरी करके 48.20 अंक की तेजी के साथ 19,482.75 अंक के स्तर पर पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 30.45 अंक की मजबूती के साथ 19,465 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री केवल स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अपोलो हॉस्पिटल 2.51 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 2.45 प्रतिशत, एनटीपीसी 2.09 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 1.88 प्रतिशत और इंफोसिस 1.79 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर टाटा स्टील 1.86 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 1.40 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.24 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 1.20 प्रतिशत और भारती एयरटेल 1.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

त्योहारी सीजन में चीनी सामान के बहिष्कार आह्वान, चीन को एक लाख करोड़ रुपये का होगा नुकसान

नई दिल्ली (हि.स.)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने बुधवार को रक्षाबंधन से शुरू होकर दीपावली तक चलने वाले त्योहारी सीजन के दौरान चीनी सामान के पूर्ण बहिष्कार का आह्वान किया है। कारोबारी संगठन कैट का अनुमान है कि त्योहारी सीजन में सामानों के आयात न होने से चीन को लगभग एक लाख करोड़ रुपये के व्यापार का नुकसान होगा। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने जारी बयान में कहा कि इस त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं के खर्च से अर्थव्यवस्था में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की पूंजी का प्रवाह हो सकता है। पिछले वर्ष चीनी सामानों के बहिष्कार से 75 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत एवं मेक इन इंडिया का अनुसरण करते हुए देशभर के व्यापारियों ने चीनी सामान को न बेचने का निर्णय लिया है। उपभोक्ता भी अब चीनी सामान खरीदने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, जिसके कारण भारतीय सामान की मांग में वृद्धि हुई है। खंडेलवाल ने बताया कि कैट की रिसर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी के 20 शहरों में किए गए सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इस वर्ष अभी तक भारतीय व्यापारियों और आयातकों ने दिवाली के सामान, पटाखों या अन्य समान वस्तुओं का कोई ऑर्डर चीन को नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सभी पर्व विशुद्ध रूप से भारतीय त्यौहार के रूप में मनाये जायेंगे। कैट की रिसर्च विंग ने नई दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, नागपुर जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़, रायपुर, भुवनेश्वर, कोलकाता, रांची, गुवाहाटी, पटना, चेन्नई, बंगलुरू, हैदराबाद, मदुरै, पांडिचेरी, भोपाल और जम्मू में यह सर्वे किया है।

टमाटर के बाद प्याज के दामों में हो सकती बढ़ोत्तरी

सरकार ने कहा पर्याप्त स्टॉक

नई दिल्ली ।

टमाटर के बाद प्याज भी आपके घर का बजट बिगाड़ सकता है। देश की कई बड़ी मंडियों में प्याज की सप्लाई में कमी होने से जानकारों का कहना है कि कुछ दिन में प्याज की कीमतें भी आम आदमी को रुला सकती हैं। बता दें कि टमाटर की कीमतें पहले से ही आसमान छू रही हैं। राजधानी दिल्ली में इन दिनों टमाटर 200 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। राहत वाली बात यह है कि टमाटर की स्टॉक कम होता है। वहीं मोदी सरकार के पास प्याज का लगभग ढाई लाख टन रिजर्व है, जो कि समय आने पर खोला जा सकता है। दरअसल टमाटर और प्याज दोनों ही ऐसी सब्जियां हैं जो कि ज्यादार डिशेज बनाने में इस्तेमाल होती हैं। किसानों का कहना है कि स्टोर किए गए प्याज को भारी नुकसान हुआ है। एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी महाराष्ट्र की लसालगांव मंडी के सेक्रटरी ने बताया कि जो प्याज का भंडार किया था वह आधा खराब हो चुका है। इसके बाद टमाटर की सप्लाई में कमी आ रही है। सरकारी अधिकारी ने कहा, सरकार प्याज की डिमांड और सप्लाई पर नजर रख रही है। प्याज ही नहीं पूरे देश में 22 जरूरी सामान पर सरकार की नजर है। चिंता की कोई बात नहीं है। सरकार के पास अच्छा भंडार है। समय आने पर सप्लाई बढ़ाई जाएगी। प्याज के व्यापार से जुड़े लोगों का कहना है कि इस बार सर्दियों की फसल में सालाना

मांग की 70 फीसदी पैदावार हुई थी। बता दें कि बीते चार महीने से प्याज की कीमतें स्थिर हैं। हालांकि अगस्त और सितंबर परेशानी वाला होता है। अक्टूबर में अब प्याज की अगली फसल आ जाएगी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक इस समय आम तौर पर प्याज ती कीमतें 25 रुपये प्रति किलो है। हालांकि बाजार की बात करें तो अच्छा प्याज 30 रुपये प्रति किलो में बिक रहा है। एक जानकार ने कहा कि इस बार फरवरी में तापमान बढ़ने की वजह से प्याज जल्दी तैयार हो गया था। हालांकि इस रखने का समय कम हो गया। इस वजह से प्याज की कमी हो सकती है।

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने तीन अरबपतियों को दिया 99 अरब डॉलर का झटका

नई दिल्ली । अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट के करण इस साल तीन अरबपतियों को 99 अरब डॉलर का झटका दिया है। हालों कि इससे हिंडनबर्ग ने मोटी कमाई की है। गौरतलब है कि जानी-मानी कंपनियों के खिलाफ निगेटिव रिपोर्ट जारी कर हिंडनबर्ग शॉर्ट सेलिंग कर कमाई करती है। इस शॉर्ट सेलिंग से जहां वो अपनी जेब भरती है तो दूसरी ओर कंपनियों को बड़ा झटका लगता है। हालों कि कंपनी के खिलाफ निगेटिव रिपोर्ट का असर उनके शेयरों पर पड़ता है। यही वजह है कि इस साल हिंडनबर्ग ने तीन अरबपतियों के खिलाफ अपनी रिपोर्ट जारी की, जिससे इन अरबपतियों को 99 अरब डॉलर का झटका लगा है। हिंडनबर्ग ने इस साल के शुरुआत में ही अडानी समूह के खिलाफ 24 जनवरी 2023 को रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के आने के बाद से अडानी समूह को अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा। गौतम अडानी फोर्ब्स की बिलेनियर लिस्ट में टॉप 5 में थे, गिरकर 34वें नंबर पर पहुंच गए। अडानी समूह के मार्केट कैप को 100 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ। अडानी की कंपनियों के शेयर धड़ाम होकर निचले स्तर पर पहुंच गए। अडानी के बाद हिंडनबर्ग के निशाने पर ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी आए। हिंडनबर्ग ने ट्विटर के पूर्व सीईओ को लेकर विवादित रिपोर्ट जारी की। इसके बाद हिंडनबर्ग के निशाने पर अमेरिकी अरबपति आए। हिंडनबर्ग के खुलासे से कंपनियों को बड़ा नुकसान हुआ।

एक नजर

हाकी : नार्दर्न रेलवे ने केडी सिंह बाबू सोसाइटी को दी मात

लखनऊ (हि.स.)। हाकी लीग सीनियर चैम्पियनशिप में नार्दर्न रेलवे लखनऊ डिविजन ने के.डी. सिंह बाबू सोसाइटी को नौ-एक से मात दे दी। इस मैच में शुरू से ही नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ी हावी रहे और अंत तक के.डी. सिंह बाबू सोसाइटी को बढ़त नहीं होने दी। नार्दर्न रेलवे के कप्तान ओ.पी पाल ने अपने खिलाड़ियों का जाल कुछ इस तरह बिछाया था कि के.डी सिंह बाबू सोसाइटी के खिलाड़ी उसी में उलझकर रह गये। पांचवें मिनट में ही नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ियों ने पहला गोल कर दिया। इसके बाद के.डी. सिंह के खिलाड़ी अभी बराबरी के लिए जूझ रहे थे कि 15 मिनट में नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ियों ने पुनः एक गोल कर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली। इसके बाद पुनः 21वें मिनट में नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ियों ने एक गोल दाग दिया। 22वें मिनट में के.डी. सिंह बाबू के खिलाड़ियों ने एक गोल किया, लेकिन इसके बाद वे कोई गोल नहीं कर सके। नार्दर्न रेलवे के खिलाड़ियों ने 23वें मिनट, 27वें मिनट, 39वें मिनट, 50वें मिनट, 51वें मिनट और 57वें मिनट में गोल दागकर मैच को नौ-एक से जीत लिया।
अब तक हुए मैच में लखनऊ कमिश्नरेट ने 10 प्वाइंट हासिल किये हैं, जबकि नार्दर्न रेलवे लखनऊ डिविजन और के.डी. सिंह बाबू सोसाइटी ने छह-छह अंक हासिल किये हैं। वहीं गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज ने चार अंक और इस्लामिया कालेज लखनऊ ने तीन अंक हासिल किये हैं।

शैलेंद्र ने की धुआंधार बल्लेबाजी, सीआईडी क्लब ने जीता मैच

लखनऊ (हि.स.)। श्रीपाल सिंह मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में सीआईडी क्लब ने द देलही कैफे क्लब को आठ विकेट से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में शैलेंद्र सिंह ने धुआंधार पारी खेलते हुए 61 रन बनाये। द देलही कैफे क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट गवांकर 202 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज जमाल काजिम मात्र 12 रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गये। वहीं सलमान रिजवी ने 67 रन का योगदान दिया, जबकि जीशान अजहर ने 47 रन बनाये और अंत तक क्रीज पर जमे रहे। मो. शरीफ ने 13 रन का योगदान दिया। वहीं सीआईडी क्लब ने मात्र दो विकेट खोकर 203 रन बना लिये और मैच को आठ विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज शैलेंद्र सिंह ने 32 बाल पर सात चौका और दो छक्का की मदद से 61 रन बनाये। वहीं शिशिर पांडेय ने आठ चौकों की मदद से 31 बाल पर 51 रन का योगदान दिया, जबकि रामू यादव ने मात्र 28 बाल पर तीन चौका और चार छक्का की मदद से 52 रन बनाये।

लियोनेल मेसी का शानदार प्रदर्शन जारी, इंटर मियामी लीग्स कप के फाइनल में

पेंसिल्वेनिया (हि.स.)। अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप विजेता स्ट्राइकर लियोनेल मेसी के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत उनकी टीम इंटर मियामी ने फि लाडेलफि या यूनियन को 4-1 से हराकर लीग्स कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। मंगलवार को इस जीत के साथ मेसी ने इंटर मियामी के लिए छह मैचों में नौ गोल कर लिए हैं। उन्होंने क्लब के लिए खेले गए हर मैच में स्कोर किया है और अभी तक अपनी टीम के साथ एक भी मैच नहीं हारा है। मैच के 20वें मिनट में, मेसी ने 30 गज की दूरी से एक शानदार गोल किया। मेसी के अलावा, जोसेफ मार्टिनेज ने तीसरे मिनट में और जोर्डी अल्बा ने हाफ टाइम की सीटी बजने से पहले एक गोल किया। मध्यांतर तक मेसी की टीम इंटर मियामी 3-0 से आगे रही। हालांकि मैच के 73वें मिनट में एलेजांद्रो बेदोया के गोल की बदौलत फि लाडेलफि या ने अपना खाता खोला और स्कोर 3-1 हो गया। डेविड रुइज ने 84वें मिनट में गोल कर इंटर मियामी को 4-1 से जीत दिला दी।

पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वहाब रियाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली (हि.स.)। पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वहाब रियाज ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने 154 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 237 विकेट लिए, जिसमें तीन बार पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। हालांकि वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। वहाब, जिन्होंने 2008 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था, को 2015 में ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन के खिलाफ विश्व कप इतिहास के सबसे आक्रामक स्पैल के लिए याद किया जाता है। बाएं हाथ के गेंदबाज वहाब ने वॉटसन को तेज, शॉर्ट-पिच गेंदों से परेशान किया, हालाँकि, वॉटसन ने क्वार्टरफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहाब ने उस मैच में 54 रन देकर 2 विकेट लिए। वहाब ने मैच में नौ ओवर फेंके; उनके छह ओवर के पहले स्पैल में डेविड वार्नर और क्लार्क के विकेट निकले। वहाब ने टूनार्मेंट में 23 की औसत से 16 विकेट लिए। वहाब ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं पिछले दो वर्षों से अपने संन्यास की योजनाओं के बारे में बात कर रहा हूं, कि 2023 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का मेरा लक्ष्य है, और मैं अब पहले से कहीं अधिक सहज महसूस करता हूं कि मैंने अपने देश और राष्ट्रीय टीम की सर्वोत्तम सेवा की है। उन्होंने आगे कहा, अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना सम्मान और सौभाग्य की बात रही है। जैसे ही मैं इस अध्याय को अलविदा कहता हूं, मैं फ्रेंचाइजी क्रिकेट में एक नए साहसिक कार्य को शुरू करने के लिए रोमांचित हूं, जहां मुझे दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए दर्शकों का मनोरंजन करने और प्रेरित करने की उम्मीद है। बता दें कि वहाब के नाम 237 अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं, उनके अब तक के करियर में 1,104 पेशेवर विकेट हैं, वह पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और टी20 प्रारूप में 400 विकेट लेने वाले पहले पाकिस्तानी हैं।

केरला ब्लास्टर्स ने मोंटेनेग्रो के डिफेंडर मिलोस ड्रिनसिक के साथ किया एक साल का करार

नई दिल्ली (हि.स.)। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम केरला ब्लास्टर्स एफसी ने मोंटेनेग्रो के डिफेंडर मिलोस ड्रिनसिक के साथ एक साल का अनुबंध किया है। 24 वर्षीय ड्रिनसिक, मोंटेनेग्रो और बेलारूस के लिए पहले ही लगभग 230 मैच खेल चुके हैं। सेंटर-बैक केरला ब्लास्टर्स एफसी के लिए 15 नंबर की जर्सी पहनेंगे। क्लब में शामिल होने के बाद ड्रिनसिक ने कहा, मैं इसे एक महान क्लब के साथ एक अलग लीग में एक नई चुनौती का पता लगाने के एक शानदार अवसर के रूप में देखता हूं। पहले क्षण से ही जब मैंने कैरोलिस से बात करना शुरू किया तो एक अच्छा एहसास हुआ। मैं वास्तव में अपने करियर के इस नए अध्याय का इंतजार कर रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं इसे यादगार बना सकूंगा। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं मैदान के अंदर और बाहर अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा।" ड्रिनसिक, ने 2016 में एफके इस्क्रा डेनिलोवग्राड के साथ मोंटेनेग्रो में अपने पेशेवर करियर की शुरूआत की। शीर्ष डिवीजन में लगातार और प्रभावी प्रदर्शन के कारण उन्हें 2021 में सुत्जेस्का निकसिक में स्थानांतरित कर दिया गया। ड्रिनसिक ने उसी वर्ष अपना पहला सिल्वरवेयर अनुभव किया क्योंकि वह 2022 में चैंपियनशिप जीतने वाली सुत्जेस्का निकसिक टीम में मुख्य आधार बन गए। ड्रिनसिक मोंटेनेग्रो की अंडर-17, अंडर-19 और अंडर-23 टीमों का हिस्सा था। केरला ब्लास्टर्स के स्पोर्टिंग डायरेक्टर केरोलिस स्किंकिस ने कहा, मिलोस ड्रिनसिक बिल्कुल वही प्रोफाइल है जिसकी हम तलाश कर रहे थे। उनके अंदर लड़ाकू मानसिकता, शीर्ष यूरोपीय लीग में खेलना, और केरला ब्लास्टर्स का प्रतिनिधित्व करने की बड़ी महत्वाकांक्षा शामिल है। इसमें कोई संदेह नहीं था कि हम उन्हें क्लब में चाहते थे। हालाँकि इसमें कुछ समय लगा, मुझे खुशी है कि मिलोस हमारे साथ हैं। मैं चाहता हूं कि वह आगे चलकर केरला ब्लास्टर्स का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनें।

भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज फुटबॉलर मोहम्मद हबीब का 74 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली (हि.स.)। भारत के पूर्व कप्तान और महान फुटबॉलर मोहम्मद हबीब, जिनकी कभी ब्राजील के दिग्गज पेले ने भी प्रशंसा की थी, का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को हैदराबाद में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी, चार बेटियां और एक बेटा है। कोलकाता में अपना नाम कमाने और दशकों तक वहां रहने के बाद, हबीब कुछ साल पहले हैदराबाद चले गए और पिछले एक साल से वह बिस्तर पर थे क्योंकि वह मनोभ्रंश और पार्किंर्सस सिंड्रोम की बीमारी से जूझ रहे थे। उन्होंने मंगलवार शाम करीब 4 बजे हैदराबाद के टोली चौकी स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। 17 जुलाई, 1949 को अविभाजित आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में जन्मे हबीब ने 1965-75 तक एक दशक तक भारत का प्रतिनिधित्व किया और वह उस स्वर्णिम पीढ़ी का हिस्सा थे, जिसने बैंकॉक में 1970 के एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था- राज्य के साथी सैयद नईमुद्दीन के नेतृत्व वाली उस टीम के प्रबंधक एक अन्य दिग्गज पी.के.बनर्जी थे।

डॉन-3' में रणवीर सिंह को लिए जाने पर फरहान अख्तर ने तोड़ी चुप्पी

मुबंई। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की 2006 में रिलीज हुई फिल्म डॉन काफी पॉपुलर रही थी। डॉन के अब तक दो सिक्क्वल आ चुके हैं। कई सालों से दर्शक इस फिल्म के अगले भाग का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इसी बीच खबर आई कि डॉन-3 में शाहरुख खान नजर नहीं आएंगे। यह खबर अब सच हो गई है, क्योंकि डॉन के तीसरे संस्करण में रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में होंगे। हाल ही में उनका फर्स्ट लुक भी वायरल हो गया है। फरहान ने लोगों का काफी गुस्सा झेलने के बाद अब चुप्पी तोड़ी है।

फरहान अख्तर ने खुलासा किया है कि जब शाहरुख को डॉन के रूप में कास्ट किया गया था, तो उन्हें भी इसी तरह की आलोचना झेलनी पड़ी थी। मीडिया से बात करते हुए फरहान ने कहा, रणवीर एक बेहतरीन एक्टर हैं और वह इसके लिए परफेक्ट हैं। यहां तक कि खुद रणवीर भी इसे लेकर काफी उत्साहित हैं, लेकिन हमारे लिए ये कोई नई बात नहीं है।

कुछ नेटिजन्स ने यह भी रुख अपनाया है कि अगर शाहरुख नहीं होंगे तो वे डॉन-3 नहीं देखेंगे। कुल मिलाकर डॉन-3 का बेसब्री से इंतजार करने वाले फिल्म का टीजर देखकर रोमांचित हैं। फिल्म के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। डॉन-3 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्देशन खुद फरहान अख्तर करेंगे।

बड़े बजट की सीरीज 'श्रीमद रामायण' के पहले प्रोमो में जगमगाती नजर आई अयोध्या नगरी

मुबंई। पिछले कुछ वर्षों में कई पौराणिक, आध्यात्मिक श्रृंखलाओं के माध्यम से विभिन्न देवताओं के गुरुओं की अज्ञात कहानियां सामने आईं हैं। रामानंद सागर का धारावाहिक रामायण 1987 में दर्शकों के सामने आया और इतिहास रच दिया। कोरोना काल में भी इस सीरीज को एक बार फिर प्रसारित किया गया, तो अब एक बार फिर से टीवी पर रामायण आने वाली है। इस सीरियल का नाम श्रीमद रामायण होगा। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ने रामायण को एक बार फिर दर्शकों के सामने लाने के लिए कमर कस ली है। श्रीमद रामायण सीरीज की घोषणा हाल ही में की गई थी। इस सीरीज का पहला प्रोमो हाल ही में सामने आया है। इस सीरीज के प्रोमो में अयोध्या नगरी रोशनी से जगमगाती नजर आ रही है। इस प्रोमो के अंत में बैकग्राउंड में श्रीराम की परछाई भी खड़ी नजर आती है। यह सीरीज अगले साल जनवरी में शुरू होगी। इस सीरीज में कौन सा कलाकार नजर आएगा, ये अभी भी बुके में रखा गया है। इस प्रोमो से साफ है कि ये एक शानदार सीरीज होगी। इस सीरियल का प्रोमो अब खूब वायरल हो रहा है और दर्शक इस सीरियल को लेकर उत्सुकता जाहिर कर रहे हैं।

आलिया भट्ट का खुलासा, पति रणबीर कपूर नहीं लगाने देते लिपस्टिक

मुबंई। एक्टर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म रामायण को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में रणबीर राम और आलिया सीता का किरदार निभाएंगी। इसी बीच आलिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में आलिया के रणबीर को लेकर दिए गए बयान के बाद नेटिजेंस ने रणबीर को ट्रोल करना शुरू कर दिया है। आलिया भट्ट और अभिनेता रणबीर कपूर पिछले साल 14 अप्रैल, 2022 को शादी के बंधन में बंधे। वीडियो में आलिया कहती हैं कि रणबीर को उनका लिपस्टिक लगाना पसंद नहीं है। यही वजह है कि आलिया न्यूड शेड्स लिपस्टिक लगती हैं। वीडियो में आलिया पहले अजीब तरीके से लिपस्टिक लगाती हैं और फिर हटा देती हैं। आलिया ने कहा कि रणबीर को उनके नेचुरल होंठ पसंद हैं। यहां तक कि जब रणबीर उनके बॉयफ्रेंड थे, तो भी वह लिपस्टिक हटाने के लिए कहते थे। आलिया के इस खुलासे के बाद नेटिजन्स ने रणबीर को ट्रोल करना शुरू कर दिया है। एक ने कमेंट किया, वह हमेशा उस पर नियंत्रण क्यों रखते है? उसे उसकी पसंदीदा लिपस्टिक लगाने दीजिए। एक अन्य यूजर ने जैसा मेरा पति, वैसा तुम्हारा पतिह्व कहकर आलिया पर निशाना साधा है। एक ने लिखा पति रणबीर को कंट्रोल कर रही हूं।ह्व कुछ ने तो उनकी तुलना कबीर सिंह से भी कर दी है। आलिया और रणबीर के वर्क फ्रंट की बात करें तो रणबीर की फिल्म तू झूठी मैं मक्कार ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी। रणबीर के साथ श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में थीं। इसके अलावा एक्ट्रेस आलिया भट्ट की करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म ह्यरॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में आलिया के साथ रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का क्या झुमका गाना दर्शकों को काफी पसंद आया है।

गदर-2' ने पांचवें दिन की रिकॉर्ड तोड़ कमाई, टूट सकते हैं कई रिकॉर्ड

मुबंई। फिलहाल फिल्म "गदर 2" ने सिनेमाघरों में धूम मचा रखी है। सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होने के बाद से ही शानदार कमाई कर रही है। फिल्म ने कमाई के मामले में "बाहुबली" का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पहले और दूसरे दिन "गदर 2" ने करीब 83 करोड़ का बिजनेस किया। "गदर 2" के शोज हाउसफुल हो रहे हैं। फिल्म को दर्शकों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।
"गदर 2" ने तीसरे दिन 50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया और महज तीन दिनों में फिल्म ने 133.18 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर एक अलग रिकॉर्ड बना लिया है। साफ है कि लंबे वीकेंड के चलते फिल्म की कमाई और बढ़ गई है। 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इस "गदर 2" के लिए बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा भीड़ उमड़ने की तस्वीर सामने आई थी।
"सैकनिक" की रिपोर्ट के मुताबिक, "गदर 2" ने 15 अगस्त को 55 करोड़ का बिजनेस किया है। यह "गदर 2" का अब तक का सबसे ज्यादा सिंगल डे कलेक्शन है। पांच दिनों में "गदर 2" ने भारत में करीब 229 करोड़ की कमाई कर ली है। उम्मीद है कि जल्द ही यह फिल्म "द केरल स्टोरी" और शाहरुख खान की "पठान" को पीछे छोड़ देगी।
सनी देओल की "गदर 2" उनके करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में उनके बेटे उत्कर्ष शर्मा भी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म के जरिए अनिल शर्मा ने उत्कर्ष को फिर से फिल्मों में नाम कमाने का मौका दिया है। 22 साल पहले रिलीज हुई फिल्म "गदर एक प्रेम कथा" ने भी बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ 76.65 करोड़ की कमाई की थी।

रिलीज 5वें दिन फिल्म 'ओएमजी 2' ने की शानदार कमाई



मुबंई। अक्षय कुमार, यामी गौतम और पंकज त्रिपाठी अभिनीत "ओएमजी 2" एक सामाजिक संदेश देने वाली एक बेहतरीन फिल्म है। फिल्म ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर अच्छी कमाई की है। हालाँकि, इस फिल्म का एकमात्र नकारात्मक पक्ष यह है कि इसे सनी देओल की "गदर 2" के साथ रिलीज किया गया। अमित राय द्वारा निर्देशित "ओएमजी 2" 2012 में आई अक्षय कुमार और परेश रावल स्टारर "ओह माय गॉड" का सीक्वल है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई की है। अगर "गदर 2" जैसी कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच "ओएमजी 2" इतनी कमाई कर सकती है, तो इसका मतलब साफ है कि कहानी में दम है और अगर फिल्म अकेले रिलीज होती, तो निश्चित रूप से बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट होती।

मंगलवार को "ओएमजी 2" ने सबसे ज्यादा कमाई की

"सैकनिक" की रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय कुमार स्टारर इस फिल्म ने अपने पांचवें दिन यानी स्वतंत्रता दिवस पर अच्छी कमाई की है। शुरूआती आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म ने सोमवार तक चार दिनों में 55.17 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है, जबकि पांचवें दिन मंगलवार को 18.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। अच्छी बात ये है कि फिल्म की कमाई दिन-ब-दिन लगातार बढ़ती जा रही है।
पहले दिन फिल्म ने 10.26 करोड़ रुपये की ओपनिंग ली, जबकि दूसरे दिन शनिवार को 15.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। रविवार को 17.55 करोड़ के बाद सोमवार को 12.06 करोड़ रुपये और मंगलवार को 18.50 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म ने पांच दिनों में कुल 73.57 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। "ओएमजी 2" में पंकज त्रिपाठी कांति शरण मुद्गल की भूमिका निभाते हैं, जिसमें उनके बेटे विवेक का स्कूल से एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो जाता है। एक बच्चे को स्कूल से निकाल दिया जाता है। कांति शरण मुद्गल शिव भक्त हैं। वे इस कठिन समय में भगवान शंकर से मदद मांगते हैं और यहीं से पिता की लड़ाई शुरू होती है जो न केवल उनके बेटे को स्कूल का सम्मान दिलाती है बल्कि सभी स्कूली बच्चों के लिए एक नया मार्ग भी प्रशस्त करती है। वो भी सामने है। इस फिल्म में अक्षय भगवान शिव के दूत की भूमिका निभा रहे हैं और वही यामी गौतम एक वकील की भूमिका निभा रही हैं।

यूएस मास्टर्स टी10 लीगः पहले मैच में अटलांटा फायर का सामना टेक्सास चार्जर्स से

लॉडरहिल (हि.स.)। यूएस मास्टर्स टी10 लीग के उद्घाटन संस्करण के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। इस टूनामेंट में भारतीय दिग्गज गौतम गंभीर और युवराज सिंह जैसे खिलाड़ी भाग हिस्सा ले रहे हैं। लीग के आयोजकों ने सोमवार को कार्यक्रम की घोषणा की। टूनामेंट की शुरूआत शुक्रवार, 18 अगस्त 2023 को फ्लोरिडा के लॉडरहिल में ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में होगी, जहां पहले मैच में अटलांटा फायर का सामना टेक्सास चार्जर्स के साथ होगा। कुल छह टीमें - अटलांटा फायर, कैलिफोर्निया नाइट्स, मॉरिसविले यूनिटी, न्यू जर्सी ट्राइटन्स, न्यूयॉर्क वॉरियर्स और टेक्सास चार्जर्स झ्र 18 से 27 अगस्त 2023 तक दस दिवसीय प्रतियोगिता में संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। प्रतियोगिता में प्लेऑफ और फाइनल से पहले 21 राउंड-रॉबिन गेम शामिल होंगे। फिनाले के दिन एक सेलिब्रिटी मैच भी आयोजित किया जाएगा। यूएस मास्टर्स टी10 लीग कार्यक्रम को लेकर टी टेन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के अध्यक्ष, शाजी उल मुल्क ने कहा, हमें यूएस मास्टर्स टी10 लीग संस्करण के उद्घाटन कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। अमेरिका और आसपास के प्रशंसक फिनाले से पहले प्रत्येक दिन तीन मैच निर्धारित होने से दुनिया रोमांचित है। हम टूनामेंट शुरू होने का और इंतजार नहीं कर सकते। एसएएमपी ग्रुप के सीईओ और अमेरिकी संस्करण और लीग पार्टनर के मुख्य आयोजकों में से एक, रितेश पटेल ने कहा, टी10 प्रारूप को अबू धाबी और जिम्बाब्वे में शानदार ढंग से प्राप्त किया गया है, और अब हम संयुक्त राज्य अमेरिका में कार्यवाही शुरू करने के लिए रोमांचित हैं। दुनिया का सबसे तेज प्रारूप निश्चित रूप से अमेरिका में खेल प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करेगा। टूनामेंट के सभी 25 मैच फ्लोरिडा के लॉडरहिल में ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में खेले जाएंगे।

इंग्लैंड 2003 के बाद पहली बार किसी टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे की मेजबानी करेगा

लंदन (हि.स.)। इंग्लैंड 2003 के बाद पहली बार जिम्बाब्वे के खिलाफ द्विपक्षीय क्रिकेट की मेजबानी करेगा जब दोनों टीमें मई 2025 में चार दिवसीय टेस्ट मैच में आमने-सामने होंगी। यह मैच 28 से 31 मई तक किस स्थान पर खेला जाएगा, यह अभी तय नहीं हुआ है। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रिचर्ड गोल्ड ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, हमें दो दशकों में पहली बार पुरुषों के टेस्ट मैच के लिए जिम्बाब्वे की मेजबानी करने में सक्षम होने की खुशी है। जिम्बाब्वे का क्रिकेट इतिहास गौरवपूर्ण है और इसने विश्व स्तरीय खिलाड़ी और कोच पैदा किए हैं जिन्होंने दुनिया भर में इस खेल को समृद्ध किया है। हम जिम्बाब्वे क्रिकेट के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमारी इंग्लैंड पुरुष टीम के खिलाफ इस टेस्ट की घोषणा उस महत्वाकांक्षा में एक कदम है। उन्होंने आगे कहा, इस गर्मी की एशेज श्रृंखला ने टेस्ट क्रिकेट के बारे में जो कुछ भी अच्छा है उसे प्रदर्शित किया और, जबकि हमें विश्व क्रिकेट के कार्यक्रम की मांगों के प्रति सचेत रहना चाहिए, हम टेस्ट क्रिकेट को विकसित करने में भी मदद करना चाहते हैं और जहां हम कर सकते हैं वहां अधिक देशों में खेलने के अवसर ढूंढना चाहते हैं।

आईएसएल ने भारतीय खिलाड़ियों को निडर बनाया: प्रीतम कोटाल

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय फुटबॉल टीम का यह सत्र काफी चुनौतीपूर्ण होने जा रहा है। चीन में एशियाई खेल और एएफसी एशियाई कप 2023 जैसे प्रमुख टूनामेंट राष्ट्रीय टीम का इंतजार कर रहे हैं। एएफसी एशियाई कप में भारत को ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान और सीरिया जैसे कट्टर प्रतिद्वंदियों का सामना करना है। भारतीय डिफेंस के मुख्य आधार और वर्तमान सेटअप में सबसे उल्लेखनीय नामों में से एक, प्रीतम कोटाल, जिन्होंने भारत के लिए 52 मैच खेले हैं और पिछले सीजन में मोहन बागान सुपर जाइंट को आईएसएल खिताब दिलाया था, का मानना है कि इंडियन सुपर लीग ने भारतीय खिलाड़ियों के बीच महत्वपूर्ण निडरता पैदा की है। कोटाल का कहना है कि युवाओं ने अपने अंतरराष्ट्रीय समकक्षों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जो प्रदर्शन हासिल किया है, उसने उन्हें राष्ट्रीय टीम के लिए फुटबॉल की एक उत्साही शैली को क्रियान्वित करने के लिए प्रेरित किया है। कोटाल ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के कार्यक्रम 'इन द स्टैंड्स' के हालिया एपिसोड में कहा, देखिए, अब खिलाड़ियों की मानसिकता बहुत बदल गई है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता बदल गई है, और यहां तक कि खिलाड़ियों को भी अब पता है कि वे किसके खिलाफ खेल रहे हैं, उसके अनुसार उन्हें क्या करना है। मेरे लिए, जब भी हम आईएसएल में खेलते हैं, तो हमारे सामने कोई भी विदेशी खिलाड़ी हो, हम बिना किसी डर के खेलते हैं। यह एक नया विकास है कि जो भी हमारे सामने होगा, हम प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसके अलावा, 29 वर्षीय खिलाड़ी ने विभिन्न आईएसएल संगठनों के शीर्ष पर विभिन्न रणनीतिकारों के प्रभाव की सराहना करते हुए उल्लेख किया कि उनके दर्शन हाल ही में भारतीय पक्ष द्वारा दिए गए प्रदर्शन में प्रतिबिंबित होते हैं। उन्होंने कहा, कोचों का प्रभाव भी है। कोच

एक खिलाड़ी को आत्मविश्वास देते हैं, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि हम कैसे खेलना चाहते हैं। इसलिए यह 2015 के बाद से एक बदलाव है जब हमने पहली बार एशियाई कप क्वालीफायर शुरू किया था। प्रक्रिया तब शुरू हुई और अब आप देखेंगे कि हम किस तरह से खेल रहे हैं। यह राष्ट्रीय टीम के लिए अच्छा है, और व्यक्तिगत खिलाड़ियों के लिए भी अच्छा है। मोहन बागान के साथ एक सफल कार्यकाल के बाद, कोटाल ने पिछले महीने आगामी सीजन के लिए केरला ब्लास्टर्स एफसी में एक हाई-प्रोफाइल ट्रांसफर हासिल किया। डिफेंडर ने प्रतिष्ठित कोलकाता क्लब के साथ अपने प्रवास को शानदार तरीके से पूरा किया और अब कोच्चि में ताजा माहौल का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। कोटाल ने कहा, पिछला सीजन हमारे लिए कठिन था लेकिन इसके बावजूद हम चैंपियन बने। यह पहली बार था जब मैंने एक कप्तान के रूप में ट्रॉफी जीती और मोहन बागान शर्ट पहनकर ऐसा करना मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। लेकिन अचानक (ट्रांसफर मार्केट में) हलचल मच गई। उस समय मेरा एक ही विचार था - यह मेरे लिए एक नई चुनौती है। क्योंकि मैं कई वर्षों तक कोलकाता में खेल चुका हूं। क्लब ने मेरा बहुत समर्थन किया, तो यह ठीक था, आपसी निर्णय था। और मुझे यहां आकर अच्छा लग रहा है।"
आईएसएल की शुरूआत के बाद से कोटाल असाधारण खिलाड़ियों में से एक रहें हैं। वह 2015 में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के उभरते हुए खिलाड़ी थे। वह तीन बार आईएसएल खिताब विजेता, एक बार आई-लीग चैंपियन और दो बार हीरो इंटरकांटिनेंटल कप विजेता टीम का इसका हिस्सा रहे हैं। इसके अलावा वह तीन बार दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) चैम्पियनशिप विजेता टीम का भी हिस्सा रहे हैं। हालाँकि, आगामी एएफसी एशियाई कप में राष्ट्रीय टीम को जिस चुनौती का सामना करना पड़ेगा, उसका मुकाबला कुछ भी नहीं है और कोटाल ने दोहराया है कि खिलाड़ी मैदान पर अपना सब कुछ और अधिक देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों के रूप में, हमें विश्वास है कि हम इस वर्ष कुछ अलग करेंगे। और हम ऐसा व्यक्तिगत रूप से, एक टीम के रूप में और शिविर शुरू करते समय भी करने का प्रयास करेंगे। हमारे पास किंग्स कप, मर्डेका कप और कुछ मित्रतापूर्ण मैच होंगे। इसलिए मैं प्रशंसकों से बस यही कहना चाहता हूं कि वे हमारे साथ बने रहें। भारतीय टीम का समर्थन करें। हम चाहे किसी से भी खेलें, हम डरेंगे नहीं। हम आमने-सामने जाकर लड़ेंगे, चाहे वह ऑस्ट्रेलिया हो, उज्बेकिस्तान हो, या सीरिया हो।





मद्महेश्वर घाटी से 293 तीर्थयात्रियों का हुआ सफल रेस्क्यू

गुप्तकाशी (हि.स.)। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के मद्मेश्वर घाटी में पुल ढहने से मद्महेश्वर और बणतोली आदि स्थानों में फंसे 293 तीर्थयात्रियों और कुछ स्थानीय लोगों का सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया है। इस दौरान जहां 190 लोगों को हेलीकॉप्टर सेवा से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया वहीं 103 लोगों को रस्सी की मदद से जवानों ने सकुशल रेस्क्यू किया। जिला आपदा केंद्र ने इसकी पुष्टि की है। इस बाबत जिला पंचायत सदस्य कालीमठ विनोद राणा ने बताया कि वे आपदा के बाद से लगातार क्षेत्र में बने हुए हैं और हर खबर पर नजर रखे हुए थे। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने तात्कालिक प्रभाव से एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और अन्य पुलिस बल की मदद से सभी फंसे हुए तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों का रेस्क्यू किया जा रहा था, लेकिन लगातार हो रही बरसात और चट्टानों से गिरे मलबे के कारण रेस्क्यू बार-बार बाधित हो रहा था। ऐसे में वक्त की संवेदनशीलता को समझते हुए प्रशासन ने हेलीकॉप्टर की सहायता से फंसे हुए तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि सभी 293 तीर्थयात्री और स्थानीय लोग सकुशल हैं। गौरतलब है कि मद्महेश्वर धाम के बणतोली में तीन दिन पहले एक लोहे के पुल के ध्वस्त होने से वहां पर सैकड़ों यात्री और स्थानीय लोग फंस गए थे। मंगलवार को मौसम साफ होने के बाद यात्रियों का रेस्क्यू किया गया। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार कल और आज दोपहर बाद तक चले राहत और बचाव कार्य में सभी यात्रियों और स्थानीय लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

काठमांडू से मध्य प्रदेश लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस में लगी आग, बड़ा हादसा टला

मीरजापुर (हि.स.)। नेपाल के काठमांडू से भगवान पशुपतिनाथ का दर्शन कर मध्य प्रदेश लौट रही 60 श्रद्धालुओं से भरी बस में बुधवार दोपहर उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले के बैसोड़ बलाय पहाड़ के पास आग लग गई। हालांकि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। बस तो धू-धू कर जल गई, लेकिन सभी श्रद्धालु सुरक्षित बच गए। सूचना पर पहुंचीं जिले की ड्रमंडगंज, हलिया और लालगंज थानों की पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी। बस में आग लगने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था। आग पर काबू पाने के बाद यातायात सामान्य हो सका। ड्रमंडगंज थाने की पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक मध्य प्रदेश के सीधी जिले के 60 श्रद्धालु निजी बस से भगवान पशुपतिनाथ का दर्शन करने काठमांडू गए थे। दर्शन कर वहां से लौटते वक्त बुधवार दोपहर ड्रमंडगंज के भैसोड़ बलाय पहाड़ के पास पहुंचते ही यह हादसा हुआ। बस से धुआं निकलते देख चालक ने तत्काल वाहन रोक दर्शनार्थियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक 'तुलसी भाई' का भारत में किया स्वागत

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस का भारत में स्वागत किया है। मोदी ने डॉ. टेड्रोस के लिए तुलसी भाई नाम का इस्तेमाल किया, यह नाम प्रधानमंत्री ने महानिदेशक को उनकी पिछली यात्रा में दिया था। उल्लेखनीय है कि डॉ. टेड्रोस 17-18 अगस्त को गांधीनगर, गुजरात में पारंपरिक चिकित्सा पर आयोजित होने वाले डब्ल्यूएचओ वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। आयुष मंत्रालय के एक्स (ट्वीटर) थ्रेड्स पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा; मेरे अच्छे दोस्त तुलसी भाई स्पष्ट रूप से नवरात्रि के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। भारत में आपका स्वागत है।

चीन सीमा पर बीआरओ ने शुरू किया दुनिया की सबसे ऊंची सड़क का निर्माण

नई दिल्ली (हि.स.)। चीन के साथ बातचीत की मेज पर लटके लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने रणनीतिक 'लिकरू-मिग ला-फुकचे' सड़क पर निर्माण शुरू कर दिया है। यह सड़क 19,400 फीट ऊंचाई से होकर गुजरेगी और उमलिंग ला दर्रा को पार करते हुए दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क बन जाएगी। यह सड़क चीन सीमा पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से महज तीन किमी. दूर है।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)